रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹79,330 10 ग्राम

₹1,09,000 01 किलो

सेंसेक्स 79,724.12 -218.06

डॉलर 84.057 -0.021

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



कार्तिक शुक्ल पक्ष 01, संवत 2081 | रांची, शनिवार, 02 नवंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 268, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-10 जडेजा का पंजा, न्यूजीलैंड 235 रनों...

**2019** के नामांकन पत्र में उन्होंने अपने नाम पर सिर्फ दो गैर कृषि भूखंडों पर अपना स्वामित्व बताया था

**2024** में 23 भू-खंडों का ब्योरा दिया है। इनमें से ज्यादातर भू-खंडों को 2006-2008 के बीच खरीदा था

# पांच साल में सात साल बड़े हो गए हेमंत

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उम्र को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। उन्होंने संथाल परगना की बरहेट विधानसभा सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार के तौर पर नामांकन के साथ, जो शपथ पत्र दाखिल किया है, उसमें उन्होंने अपनी उम्र 49 साल बताई है। इसके पहले वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में इसी सीट से चुनाव लड़ते हुए शपथ पत्र में अपनी उम्र 42 साल बताई थी। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने हेमंत सोरेन पर चुनाव आयोग से फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगाते हुए उनकी उम्मीदवारी रद्द करने की मांग की है। उन्होंने पूछा कि पांच साल में किसी का उम्र सात साल कैसे बढ़ता है। यह तो सरासर ठगी है।

**संपत्ति के बयौरे पर भी भाजपा ने उठाया सवाल :** वहीं शपथ पत्र में हेमंत सोरेन की ओर से पेश किए गए संपत्ति के ब्यौरे को लेकर भी भाजपा ने सवाल उठाए हैं। इस वर्ष उन्होंने अपने संपत्ति का ब्योरा देते हुए कई ऐसी जमीनों को विवरण दिया है, जिसे उन्होंने 2019 के पहले ही खरीदा था, लेकिन उस वक्त नामांकन पत्र में उनका उल्लेख नहीं किया गया था। 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान दाखिल नामांकन पत्र में उन्होंने अपने नाम पर सिर्फ दो गैर कृषि भूखंडों पर अपना स्वामित्व बताया था, जबकि इस बार उन्होंने ऐसे 23 भू-खंडों का ब्योरा दिया है। शपथ पत्र के अनुसार, इनमें से ज्यादातर भू-खंडों को उन्होंने 2006 से 2008 के बीच खरीदा था। ऐसे में उन पर संपत्ति का गलत ब्योरा देने और भारत के निर्वाचन आयोग से तथ्यों को छिपाने के आरोप लगे हैं।


## लोगों को ठगना सोरेन की पुरानी आदत : सेठ



1. अब ये चुनाव आयोग को भी ठगने लगे है।
2. राज्य के युवाओं को पांच लाख नौकरी देने की बात कह ठगा।
3. महिलाओं को चूल्हा खर्च के नाम पर हर महीने दो हजार देने की बात कह ठगा।
4. लड़कियों की शादी में सोने का सिक्का देने की बात कह ठगा।
5. **हेमंत ने अपने पिता शिबू सोरेन की कसम खाकर कहा था कि अगर पांच लाख युवाओं को नौकरी नहीं दे सके तो राजनीति से संन्यास ले लेंगे। उन्होंने अपने पिता के नाम पर लोगों को ठगा।**

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उम्र पर छिड़ा विवाद





(See Rule-4A)

248 29/11/19

AFFIDAVIT TO BE FILED BY THE CANDIDATE ALONG WITH NOMINATION PAPER BEFORE THE RETURNING OFFICER FOR ELECTION TO LEGISLATIVE ASSEMBLY OF JHARKHAND STATE (NAME OF THE HOUSE) FROM 10 DUMKA (ST) CONSTITUENCY (NAME OF THE CONSTITUENCY)

PART A

I HEMANT SOREN** son/daughter/wife of SHIBU SOREN Aged 42 years, resident of HARMU HOUSING COLONY, B-TYPE, PO- DORANDA, THANA- ARGORA, RANCHI - 834002, JHARKHAND (mention full postal address), a candidate at the above election, do hereby solemnly affirm and state on oath as under:-

FORM 26

(See Rule-4A)

24/10/2024

AFFIDAVIT TO BE FILED BY THE CANDIDATE ALONGWITH NOMINATION PAPER BEFORE THE RETURNING OFFICER FOR ELECTION TO LEGISLATIVE ASSEMBLY OF JHARKHAND STATE (NAME OF THE HOUSE) FROM 03 BARHAIT (ST) CONSTITUENCY (NAME OF THE CONSTITUENCY)

PART A

I HEMANT SOREN** son/daughter/wife of SHIBU SOREN Aged 49 years, resident of B... HARMU HOUSING COLONY, B-TYPE, PO- DORANDA, THANA-ARGORA, Di... RANCHI, JHARKHAND 834002 (mention full postal address), a candidate at the abo... election, do hereby solemnly affirm and state on oath as under:-

(1) I am a candidate set up by JHARKHAND MUKTI MORCHA

### 30 अक्टूबर को बरहेट से स्क्रूटनी के बाद हेमंत का पर्चा हो चुका है स्वीकृत

हालांकि बरहेट सीट पर नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी 30 अक्टूबर को ही हो चुकी है और हेमंत सोरेन का पर्चा स्वीकार कर लिया गया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नामांकन दाखिल करते हुए फजीर्वाड़ा किया है। उन्हें इस बात का जवाब देना पड़ेगा कि पांच साल में उनकी उम्र सात साल कैसे बढ़ गई। इतना ही नहीं, उन्होंने अपनी संपत्ति का ब्योरे भी चुनाव आयोग से छिपाए। यह गंभीर मामला है। हमारी पार्टी आयोग से उनका नामांकन रद्द करने की मांग कर रही है।


*सारे तथ्य चुनाव आयोग के सामने हैं। भारतीय जनता पार्टी अपनी हार सुनिश्चित देख इस तरह का अनर्गल विवाद खड़ा कर रही है। जनता इसका भाजपा को माकूल जवाब देगी।*

**मनोज पांडेय,** *प्रवक्ता- झामुमो*

*सीएम हेमंत की ओर से उम्र को लेकर दिया गया शपथ पत्र खुद विवादास्पद है। हमने हेमंत सोरेन के गलत दावे को लेकर निर्वाचन अधिकारी से इसकी शिकायत की है।*

**गमालिएल हेंब्रम,** *भाजपा प्रत्याशी*

## बिबेक देबरॉय के निधन पर राष्ट्रपति व मोदी ने जताया दुख



एजेंसी

**नई दिल्ली।** अर्थशास्त्री और प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद् के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुख जताया है। शुक्रवार सुबह बिबेक देबरॉय का निधन हो गया। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली की ओर से जारी बयान के अनुसार, 69 वर्षीय बिबेक देबरॉय ने शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे अंतिम सांस ली। वे इंटेस्टाइन इन्फेंक्शन से पीड़ित थे। पद्मश्री से सम्मानित देबरॉय ने पुणे के गोखले राजनीति एवं अर्थशास्त्र संस्थान के कुलाधिपति के रूप में कार्य किया और 5 जून, 2019 तक नीति आयोग के सदस्य थे। उन्होंने कई पुस्तकों का लेखन व संपादन किया। देबरॉय के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्स पर पोस्ट किया, डॉ. बिबेक देबरॉय के निधन से देश ने एक प्रख्यात सार्वजनिक बुद्धिजीवी को खो दिया है, जिन्होंने नीति निर्माण से लेकर हमारे महान ग्रंथों के अनुवाद तक, विविध क्षेत्रों को समृद्ध किया। भारत के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक परिदृश्य के बारे में उनकी समझ असाधारण थी। उनके असाधारण योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया। मैं उनके परिवार, मित्रों और प्रशंसकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर देबरॉय के साथ मुलाकात की पुरानी तस्वीरें साझा करते हुए पोस्ट किया, बिबेक देबरॉय जी एक महान विद्वान थे, जो अर्थशास्त्र, इतिहास, संस्कृति, राजनीति, अध्यात्म और अधिक जैसे विविध क्षेत्रों में पारंगत थे। अपने कार्यों के माध्यम से उन्होंने भारत के बौद्धिक परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी। सार्वजनिक नीति में उनके योगदान से परे उन्हें हमारे प्राचीन ग्रंथों पर काम करने और उन्हें युवाओं के लिए सुलभ बनाने में आनंद आता था। प्रधानमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में कहा, मैं डॉ. देबरॉय को कई सालों से जानता था। मैं उनकी अंतर्दृष्टि और अकादमिक चर्चा के प्रति उनके जुनून को हमेशा याद रखूंगा। उनके निधन से दुखी हूं। उनके परिवार और दोस्तों के प्रति संवेदनाएं।

## भैया दूज से छठ तक सरकारी कर्मियों की छुट्टियां न रोकें : हेमंत

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भारत के निर्वाचन आयोग से आठ नवंबर तक त्योहारों की श्रृंखला को देखते हुए राज्य के सरकारी कर्मियों को उनकी जरूरत के अनुसार छुट्टी देने की मांग की है। सोरेन ने कहा है कि 31 अक्टूबर को दीपावली थी और अब इस महीने भैया दूज, सोहराय, गोहाल पूजा, बांधना पर्व, चित्रगुप्त पूजा और चार से आठ नवंबर तक छठ महापर्व है। ये सभी पर्व झारखंड के लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस दौरान आमजन सहित सरकारीकर्मी, पुलिसकर्मी छुट्टी **शेष पेज 11 पर**

## पांच को मल्लिकार्जुन खरगे और 8 को राहुल गांधी आयेंगे झारखंड

**रांची।** राज्य में विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे 5 नवंबर को और राहुल गांधी 8 नवंबर को झारखंड आयेंगे। राहुल गांधी यहां दो दिवसीय दौरे पर आयेंगे। 8 और 9 नवंबर को राहुल गांधी सिमडेगा, लोहरदगा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। वहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे 5 नवंबर को रांची आएंगे और वे कांके विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

**हनी ट्रैप का प्रयास**

## मंत्री मिथिलेश ठाकुर की शिकायत पर चाईबासा के सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज



- हनी ट्रैप मामले को मंत्री ने बताया विपक्ष की साजिश
- चाईबासा एसपी ने कहा विधिवत हो रही कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

रांची। हनी ट्रैप की आड़ में पैसे वसूलने की कोशिश मामले में मंत्री मिथिलेश ठाकुर की शिकायत पर चाईबासा के सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज हो गई है। चाईबासा के एसपी आशुतोष शेखर ने राष्ट्रीय नवीन मेल को बताया कि मंत्री मिथिलेश ठाकुर की लिखित शिकायत पर प्राथमिकी के बाद विधिवत जांच शुरू कर दी गई है।

**31 को मंत्री को हनी ट्रैप में फंसाने के लिए आया था फोन :** दरअसल, गढ़वा सीट से झामुमो प्रत्याशी सह हेमंत मंत्रिमंडल में मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने 31 अक्टूबर की रात बयान जारी कर कहा था कि उनको हनी ट्रैप करने की कोशिश की गई है। उन्हें बार-बार वीडियो कॉल आ रहा था। उन्होंने जब फोन रिसीव किया तो मोबाइल के स्क्रीन पर अश्लील वीडियो आने लगा। उन्होंने फौरन फोन को डिसकनेक्ट कर दिया। इसके बाद उन्हें मैसेज भेजकर धमकी दी जाने लगी कि अगर उन्होंने पैसे नहीं दिए तो वीडियो को वायरल कर दिया जाएगा। शुक्रवार को चाईबासा में मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने इसे मामले को विपक्ष की साजिश बताते हुए कहा कि अब ये लोग चरित्र हनन पर उतर आए हैं।

**राजनीतिक गलियारे में आरोपों का बाजार गर्म :** जहां एक तरफ मंत्री मिथिलेश ठाकुर अपने साथ हुए हनी ट्रैप को कोशिश को विपक्ष की साजिश बता रहे हैं वहीं दूसरी ओर गढ़वा जिले में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने मिथिलेश ठाकुर पर गंभीर आरोप लगाये हैं, उन्होंने आरोप लगाया की झारखंड में अब बालू की कीमतें सोने की कीमतों के बराबर हो गई हैं, और इसमें मंत्री मिथिलेश ठाकुर का ही हाथ है।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा के लोगों को बीजेपी फोबिया

मंत्री मिथिलेश ठाकुर के बयान पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बड़कुंवर गागराई ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आखिर झारखंड सरकार के मंत्रियों के साथ ही ऐसा क्यों होता है। कुछ भी होता है तो उसके लिए सीधे तौर पर भारतीय जनता पार्टी को जिम्मेदार ठहरा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इन लोगों को बीजेपी फोबिया हो गया है।

### भाजपा नेता भी हो चुके हैं हनी ट्रैप के प्रयास का शिकार

मालूम हो कि 2023 के अप्रैल महीने में रांची के भाजपा विधायक सीपी सिंह को भी देर रात इसी तरह का कॉल आया था। उन्होंने बीडियो कॉल काटने के बाद अगले दिन लालपुर थाना में मामला दर्ज करवाया था।

## हिमंता बिस्वा के कथित विवादित बयान पर पलामू में मामला दर्ज

**पलामू ।** झारखंड के पलामू जिले के हुसैनाबाद के पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने असम के मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के झारखंड राज्य चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा पर विवादित भाषण देने एवं धार्मिक उन्माद फैलाने के प्रयास करने का आरोप लगाते हुए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, डालटनगंज की अदालत में शुक्रवार को एक मामला दर्ज कराया है। परिवाद पत्र में कहा गया है कि झारखंड के हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में 23 अक्टूबर को असम के मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के झारखंड चुनाव प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कुछ विवादास्पद बयान दिए। उनके भाषण में हुसैनाबाद शहर का नाम बदलने की बात कही गई। आरोप के मुताबिक, सरमा ने कहा कि ये हुसैन कौन है, जिसके नाम पर हुसैनाबाद है? इसका नाम बदल देंगे। ये हुसैन कहां से आया? मैं इसका नाम रामकृष्णा के नाम पर करूंगा। मेहता ने कहा कि हुसैनाबाद क्षेत्र में सभी समुदायों के बीच सदियों से आपसी सौहार्द और सौम्यता का संबंध रहा है। हिमंता के इस बयान का उद्देश्य दो समुदायों के बीच वैमनस्यता फैलाना और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना था।

## चुनाव आयोग की मंजूरी के बाद राज्य की नई मुख्य सचिव बनीं अलका तिवारी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया के बीच 1988 बैच की आईएएस अधिकारी अलका तिवारी को राज्य का नया मुख्य सचिव बनाया गया है। वह अक्टूबर महीने में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से झारखंड लौटी हैं। इसके बाद वह राजस्व पर्षद की सदस्य के रूप में पदस्थापित की गई थीं। मुख्य सचिव के पद पर उनकी नियुक्ति भारतीय निर्वाचन आयोग की सहमति के बाद की गई है। राज्य के कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग ने शुक्रवार दोपहर बाद उनकी नियुक्ति की जानकारी दी। वह राज्य की तीसरी महिला मुख्य सचिव हैं। उनसे पहले लक्ष्मी सिंह और राजबाला वर्मा इस पद पर रह चुकी हैं। इसके पहले राज्य में करीब 11 महीने से मुख्य सचिव के रूप में पदस्थापित रहे 1988 बैच के आईएएस एल. खियांग्ते 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो गए। राज्य सरकार उन्हें तीन महीने का सेवा विस्तार देना चाहती थी। इसके लिए निर्वाचन आयोग के पास राज्य सरकार की ओर से एक प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन इस पर स्वीकृति नहीं मिली। वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मुख्य सचिव के शीघ्र नियुक्ति की मांग की थी।

### शानदार रहा है अलका का करियर



- तीसरी महिला सीएस, लक्ष्मी सिंह व राजबाला वर्मा पहले इस पद पर रह चुकी हैं
- खियांग्ते 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो गए, नहीं मिला 3 महीने का सेवा विस्तार

राज्य की नई मुख्य सचिव अलका तिवारी केंद्र में रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय और नीति आयोग में सलाहकार के पद पर पदस्थापित रही थीं। पहले वह झारखंड के विभिन्न विभागों में प्रधान सचिव सहित कई जिलों के उपायुक्त के रूप में सेवा दे चुकी हैं। अलका तिवारी 30 सितंबर 2025 को सेवा निवृत्त होंगी। उनके खाते में कई उपलब्धियां भी शामिल हैं। वे उत्कृष्ट प्रदर्शन और त्रुटिहीन सत्यनिष्ठा के लिए जानी जाती हैं। अलका तिवारी ने मेरठ विश्वविद्यालय से मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर किया। इस विषय में टॉपर होने के लिए राज्यपाल ने उन्हें स्वर्ण पदक से नवाजा। उन्होंने एमएससी भी की। मैनचेस्टर विश्वविद्यालय के सिविल और स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग विभाग से विकास परियोजनाओं के प्रबंधन और कार्यान्वयनह्व पाठ्यक्रम में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। अलका तिवारी ने रांची यूनिवर्सिटी से लॉ की डिग्री भी हासिल की।

**शेष पेज 11 पर**

### मुख्यमंत्री से खियांग्ते ने की मुलाकात



एल. खियांग्ते ने सेवानिवृत्ति के एक दिन बाद शुक्रवार को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। सोरेन ने इस मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा, झारखंड सरकार के मुख्य सचिव पद से एल. ख्यांगते जी सेवानिवृत्त हुए हैं। झारखंड की सेवा करने के लिए उन्हें धन्यवाद, जोहार।


**इंडिया**

## चुने गए सरदार पटेल को क्यों पीएम नहीं बनने दिया गया ?



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

**लौ**ह पुरुष सरदार पटेल की सूझबूझ और राजनीतिक कौशल के बिना हम भारत के राजनीतिक भूगोल को उस तरह से नहीं देख पाते जैसा कि वह है। सोशल मीडिया में ये आरोप लगते हैं कि कैसे सरदार पटेल को भारत के पहले प्रधानमंत्री बनने से वंचित कर दिया गया, जबकि वे उस पद के लिए चुने गए थे।1939 तक मुस्लिम लीग ने आक्रामक होकर मुस्लिम आबादी को धार्मिक आधार पर ध्रुवीकृत कर दिया था। तब महात्मा गांधी ने पाकिस्तान के निर्माण के लाहौर प्रस्ताव से कुछ महीने पहले मौलाना अबुल कलाम आज़ाद को कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में चुना । द्वितीय विश्व युद्ध, भारत छोड़ो आंदोलन जैसे विभिन्न कारणों से कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव अप्रैल 1946 तक नहीं हो हुआ और मौलाना आज़ाद कांग्रेस अध्यक्ष बने रहे और सरकार के साथ विभिन्न वार्ताओं और ब्रिटिश मिशनों के दौरे में कांग्रेस का प्रतिनिधित्व किया ।द्वितीय विश्व युद्ध के खत्म होने तक यह स्पष्ट हो गया था कि भारत की आज़ादी दूर नहीं और कांग्रेस अध्यक्ष को ही केंद्र में अंतरिम सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया जाएगा जबकि अध्यक्ष पद के लिए चुनाव की घोषणा होते ही मौलाना आज़ाद ने फिर से अध्यक्ष बनने की इच्छा जताई थी। अपनी आत्मकथा, इंडिया विन्स फ्रीडम में मौलाना लिखते हैं: "आम तौर पर यह सवाल उठता था कि कांग्रेस के नए चुनाव होने चाहिए और एक नया अध्यक्ष चुना जाना चाहिए। जैसे ही प्रेस में यह बात सामने आई, आम तौर पर मांग उठी कि मुझे एक और कार्यकाल के लिए अध्यक्ष चुना जाना चाहिए।" मौलाना के इस कदम से उनके करीबी मित्र और सहयोगी जवाहरलाल नेहरू को बहुत दुख हुआ जो खुद आस लगाए बैठे थे। हालांकि, गांधी ने 20 अप्रैल 1946 को नेहरू के पक्ष में अपनी पसंद जाहिर कर दी थी। पर इस बारे में विभिन्न अखबारों की रिपोर्टों ने गांधीजी को परेशान कर दिया था । हालांकि, जवाहरलाल नेहरू के प्रति गांधीजी के खुले समर्थन के बावजूद, कांग्रेस सरदार पटेल को अपना अध्यक्ष और इसलिए भारत का पहला प्रधानमंत्री बनाना चाहती थी, क्योंकि उन्हें "एक महान कार्यकारी, संगठनकर्ता और नेता" माना जाता था, जो जमीन पर मजबूती से खड़े थे ।कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 29 अप्रैल, 1946 थी और इस समय तक गांधी जी अपनी पसंद जाहिर कर चुके थे फिर भी 15 में से 12 प्रदेश कांग्रेस कमेटियों ने सरदार पटेल को नामित किया। शेष तीन ने मतदान में भाग नहीं लिया। उन्होंने किसी को भी नामित नहीं किया। नामांकन दाखिल



करने के अंतिम दिन यानी 29 अप्रैल 1946 को भी किसी भी प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जवाहरलाल नेहरू या किसी अन्य का नाम प्रस्तावित नहीं किया नियमानुसार सरदार पटेल निर्विरोध कांग्रेस अध्यक्ष चुने गए। गांधी जानते थे कि उन्होंने किसकी सिफारिश की है, जवाहरलाल का नामांकन 29 अप्रैल की समय सीमा से लगभग चूक गया था, और साथ ही वे एक भी प्रदेश कांग्रेस समिति, जो कांग्रेस के अध्यक्ष को नामित करने और चुनने का अधिकार रखने वाली एकमात्र वैध संस्था है, से नेहरू को नामित करवाने में सफल नहीं हो पाए ।जब नेहरू को औपचारिक रूप से कुछ कार्यसमिति सदस्यों द्वारा प्रस्तावित किया गया, जो पूरी तरह से अवैध था, तो सरदार पटेल को नेहरू के पक्ष में अपना नामांकन वापस लेने के लिए मनाने के प्रयास शुरू हो गए गांधी ने पटेल से हटने को कहा। डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने दुख जताया कि गांधी ने "एक बार फिर 'ग्लैमरस नेहरू' की खातिर अपने भरोसेमंद लेफ्टिनेंट की बलि दे दी और उन्हें डर था कि "नेहरू ब्रिटिश तरीकों का अनुसरण करेंगे।" उल्लेखनीय है कि प्रसाद अकेले व्यक्ति नहीं थे जिन्होंने गांधी के बारे में शिकायत की थी । सरदार पटेल की उम्र 71 के करीब थी जब यह सब चल रहा था। पटेल जानते थे कि देश का नेतृत्व करने का यही एकमात्र मौका था। उस समय 56 वर्षीय नेहरू की उम्र अभी भी काफी थी ।फिर भी, पटेल ने दो कारणों से दूसरा स्थान लेना स्वीकार किया: पहला, पटेल के लिए पीएम पद महत्वहीन था। मातृभूमि की सेवा अधिक महत्वपूर्ण थी। मौलाना ने अपनी आत्मकथा में लिखा था, मुझे लगा कि जवाहरलाल को नया अध्यक्ष होना चाहिए। लेकिन उसके बाद से जिस तरह से चीजें आकार ले रही हैं, उससे मुझे एहसास हुआ है कि यह शायद मेरे राजनीतिक जीवन की सबसे बड़ी भूल थी। मेरी दूसरी गलती यह थी कि जब मैंने खुद चुनाव न लड़ने का फ़ैसला किया, तो मैंने सरदार पटेल का समर्थन नहीं किया। अगर वे मेरे बाद कांग्रेस अध्यक्ष बनते तो वे कैबिनेट मिशन योजना को लागू होती और जवाहरलाल वाली गलती कभी नहीं करते, जिससे श्री जिन्ना को योजना को विफल करने का मौक़ा मिल गया। पटेल विरोधी राजगोपालाचारी, ने पटेल की मृत्यु के लगभग 22 वर्ष बाद लिखा: निस्संदेह यह बेहतर होता अगर नेहरू को विदेश मंत्री बनने के लिए कहा जाता और पटेल को प्रधानमंत्री बनाया जाता।

**इसरो की सफलता**

## लेह से देश का पहला एनालॉग अंतरिक्ष मिशन किया लॉन्च

एजेंसी

**लेह।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को देश के पहले एनालॉग अंतरिक्ष मिशन के लॉन्च की घोषणा की जो लद्दाख के लेह में शुरू हुआ। इस मिशन का नेतृत्व इसरो के मानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र ने किया है जिसे एएकेए स्पेस स्टूडियो, लद्दाख विश्वविद्यालय, आईआईटी बॉम्बे के साथ साझेदारी में विकसित किया गया है और लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद द्वारा समर्थित है। मिशन का उद्देश्य एक अंतरग्रहीय आवास में जीवन का अनुकरण करना और पृथ्वी से परे एक बेस स्टेशन स्थापित करने की चुनौतियों का पता लगाना है। इसरो के मुताबिक भारत का पहला एनालॉग अंतरिक्ष मिशन लेह में शुरू हुआ। मानव अंतरिक्ष



उड़ान केंद्र, इसरो द्वारा एएकेए स्पेस स्टूडियो, लद्दाख विश्वविद्यालय, आईआईटी बॉम्बे और लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद द्वारा समर्थित एक संयुक्त प्रयास में यह मिशन पृथ्वी से परे एक बेस स्टेशन की चुनौतियों से निपटने के लिए एक अंतरग्रहीय आवास में जीवन का अनुकरण करेगा। लद्दाख का अत्यधिक अलगाव, कठोर जलवायु और अद्वितीय भौगोलिक विशेषताएं इसे इन खगोलीय पिंडों पर अंतरिक्ष यात्रियों के सामने आने वाली चुनौतियों का अनुकरण करने के लिए एक आदर्श स्थान बनाती हैं।

# आदिवासी और दलित अफसर भाजपा के टारगेट पर : सुप्रियो भट्टाचार्य



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि दूसरे राज्यों के सीएम और एक केंद्रीय मंत्री झारखंड में ही दिवाली मनाते हैं। इससे बीजेपी के दिवालियापन का पता चलता है। उन्होंने कहा कि 29 अक्टूबर को अचानक से फरमान आया कि देवघर एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग का तबादला किया जाये, इससे पहले रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री का भी तबादला करने का फरमान आया। कहा कि ये सब क्यों हो रहा है, किस परिस्थिति में हो रहा है इसे समझना पड़ेगा, सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान सांसद निशिकांत दुबे ने इन 2 अफसरों पर कुछ आरोप लगाये थे। तब चुनाव आयोग ने कार्रवाई की थी। उन्होंने कहा कि नियम के अनुसार प्रत्याशी अधिकारियों की शिकायत कर सकते हैं। लेकिन इस चुनाव में निशिकांत प्रत्याशी नहीं हैं, फिर भी इन दो अधिकारियों का तबादला किया गया। कहा कि इससे एक बात साफ है कि आदिवासी और दलित अफसर भाजपा के टारगेट में हैं।

वह शुक्रवार को हरमू स्थित कार्यालय में मीडिया कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत चुनाव आयोग के अधिकारी जब यहां आये थे तभी हमने कहा था कि 15 नवंबर तक हमारे यहां कई बड़े पर्व और त्योहार हैं, इसमें लोग अपने घर चले जाते हैं। अभी संथाल परगना में सोहराय चल रहा है, दिवाली और काली पूजी हुई है। चित्रगुप्त पूजा भी है, छठ महापर्व है, गुरु नानक जंयती है, बिरसा जंयती है। लेकिन साजिश के तहत इस चुनाव को त्योहारों के बीच में कराया जा रहा है, कहा, इसके पीछे पूरे प्रशासनिक तंत्र को पंगु बना देने की साजिश है।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य के अधिकारी व कर्मचारी भी इन त्योहारों में अपने घरों में रहते हैं। पर्व और त्योहर आस्था से जुड़े होते हैं। इस मौके पर छुट्टी लेते हैं, साथ ही, चुनाव कराने में बड़ी संख्या में वाहनों की जरूरत पड़ती है। कहा कि 8 नवंबर तक छठ है और पहले चरण का मतदान 13 नवंबर को है। छठ में जमशेदपुर और रांची से बड़ी संख्या में लोग बिहार और दूसरे प्रदेश में चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि वाहनों की कमी होगी तो वे वापस कैसे आयेंगे। चुनाव की घोषणा के समय इन सभी तकनीकी चीजों को दरकिनार कर दिया गया, केवल इसलिए कि बीजेपी को लाभ पहुंचाया जा सके।

आमने सामने

# अपने स्वार्थ के लिए चंपाई को सत्ता से हटाने वालों के मुंह से आदिवासी की बात हास्यास्पद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रेस वार्ता पर पलटवार किया है। वहीं कहा कि चुनाव को देखकर यह चुनाव आयोग द्वारा कुछ अफसर को हटाए जाने पर झामुमो घड़ियाली आंसू बहा रहा है। प्रतुल ने कहा जो एससी और एसटी समुदाय के हित की बात करने का नाटक कर रहे, उनको बताना चाहिए एक साधारण गरीब परिवार से आने वाले आदिवासी का बेटा चंपाई सोरेन को उन्होंने जबरन सत्ता से क्यों हटाया? चंपाई सोरेन को अंतिम दिन नियुक्ति पत्र भी बांटने नहीं दिया गया। क्या यह पूरे आदिवासी अस्मिता का अपमान नहीं है? इस प्रदेश में अब तक 7400 बेटियों की इज्जत लूटी गई। जिसमें एक तिहाई एससी और एसटी समुदाय की बेटियां थी। सिर्फ 25% केसों में अभी तक चार्जशीट हुआ है। इस पर हेमंत सोरेन खामोश क्यों हैं? प्रतुल ने कहा कि इनकम टैक्स ने अपने इतिहास की सबसे बड़ी सफलता तब अर्जित की जब उसने कांग्रेस के सांसद धीरज साहू के कार्यालय और आवासीय परिसर में छापा मार कर साढ़े तीन सौ करोड रुपए नकद बरामद किए थे। पूरी सरकार और सत्ताधारी गठबंधन इसे व्यापार का पैसा बताने में लग गई। जबकि अब इस मामले की जांच सीबीआई और एनआईए तक कर रही है। प्रतुल ने कहा कि इसी सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के पीए के नौकर के घर से 32 करोड़ से ज्यादा रुपए बरामद हुए। उस समय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खामोश रहे। हालांकि ईडी को दिए गए बयान में पीए के नौकर और पीए ने स्वीकार किया कि ये पैसा आलमगीर आलम का ही था।



*झारखंड में चल रहा है पी सी सरकार का मैजिक शो, 5 वर्ष में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उम्र 7 वर्ष बढ़ गई*

प्रतुल ने कहा झारखंड में पीसी सरकार का मैजिक शो भी फेल हो जाएगा। क्योंकि यहां उससे भी बड़ा जादू हो रहा है। 5 वर्ष में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की आयु 7 वर्ष बढ़ गई। प्रतुल ने कहा ये जानकारी खुद मुख्यमंत्री ने अपने 2019 और 2024 के एफिडेविट के जरिए दिया है। इस सरकार ने पत्थर घोटाला, लोहा घोटाला, ट्रांसफर पोस्टिंग घोटाला, खनन घोटाला, लैंड घोटाला के बाद अब आयु घोटाला भी कर दिया।

सामान्य प्रेक्षकों ने मीडिया कोषांग का किया निरीक्षण, कहा

# मीडिया कोषांग का कार्य बेहद महत्वपूर्ण, सतत निगरानी जरूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सामान्य प्रेक्षक वेकटेशपथी, अमिताव बनर्जी, दिनेशन एच, शिवज्ञानम, आर गिरीश ने शुक्रवार को अंचल कार्यालय (शहर) स्थित मीडिया कोषांग का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मीडिया कोषांग का कार्य बेहद महत्वपूर्ण हैं। सभी चीजों पर सतत निगरानी बहुत जरुरी है। इस दौरान जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी मीडिया कोषांग उर्वशी पाण्डेय एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। सामान्य प्रेक्षक द्वारा मीडिया कोषांग में कार्यरत सोशल मीडिया निगरानी कर्मियों को सोशल मीडिया में पेड न्यूज, फेक न्यूज से सम्बंधित बिंदुओं की समीक्षा करते हुए सम्बंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। साथ मीडिया कोषांग की सभी व्यवस्था को देखते हुए संतोष व्यक्त किया।

**फेक खबरों की पहचान करना तथा आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश** : सामान्य प्रेक्षकों ने कहाकि पेड न्यूज के अलावा विभिन्न फेक न्यूज यथा ईवीएम, बूथ मैनेजमेंट, पानी, बिजली, शौचालय, रैंप मतदाता सूची, विधि व्यवस्था, इलेक्शन प्लान आदि से संबंधित फेक खबरों की पहचान करना तथा आवश्यक कार्रवाई करते हुए सत्यापन कर खंडन भी उसी साइट सहित सभी मीडिया में करना है। इसकी जानकारी देते हुए त्वरित संज्ञान में लाने का निर्देश दिया।



*सभी तरह के पेड और फेक न्यूज पर चौकस निगाह रखें*

## एक नजर

### बाबूलाल आज जलडेगा केरसई और बाघमारा में करेंगे जनसभा



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी आज शनिवार को 11:00 बजे से सिमडेगा जिले के जेलडेगा स्थित एस एस हाई स्कूल मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री मरांडी दोपहर 12:30 बजे से सिमडेगा की केरसई रोड में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री मरांडी दोपहर 2.30 बजे से धनबाद जिले के बाघमारा के मुराईडीह बरोरा मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

### शिवराज सिंह चौहान आज हैदरनगर और सेन्हा में करेंगे जनसभा

**रांची।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 2 नवंबर को 11:00 से पलामू जिले के हुसैनाबाद के हैदरनगर हाई स्कूल मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री चौहान दोपहर 2:00 बजे से लोहरदगा जिले के बिशनपुर के सेन्हा में जनसभा को संबोधित करेंगे।

### हिमंता और डॉ रवींद्र राय पांकी व मानिका में करेंगे जनसभा

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय 2 नवंबर को पलामू जिले के पांकी के लेस्लीगंज अटल स्मृति भवन में दोपहर 12:30 बजे से जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री सरमा और डॉ राय दोपहर 2:00 बजे से लातेहार जिले के मनिका के हाई स्कूल मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

# प्रथम चरण के 43 विस क्षेत्रों के लिए 683 उम्मीदवार मैदान में

- *चुनाव को लेकर राज्य की सीमा पर हो रही सघन चौकसी*
- *आदर्श आचार संहिता उल्लंघन में अब तक 24 प्राथमिकी दर्ज*
- *135.70 करोड़ की अवैध सामग्री और नकदी जब्त*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव को लेकर नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। वहीं प्रथम चरण के 43 विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 683 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। उसमें पुरुष उम्मीदवारों की संख्या 609 है। महिला उम्मीदवार 73 हैं और एक प्रत्याशी ट्रासजेंडर हैं। उन्होंने बताया कि कुल 683 प्रत्याशियों में से मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय पार्टी से 87 उम्मीदवार हैं, जिनमें 75 पुरुष और 12 महिला हैं। उसी तरह मान्यता प्राप्त राज्यस्तरीय झारखंड की पार्टियों ने कुल 32 उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है। जिनमें 28 पुरुष और 4 महिलाएं हैं। दूसरे राज्यों की मान्यता प्राप्त राज्यस्तरीय पार्टियों ने 42 लोगों को प्रत्याशी बनाया है। उनमें 39 पुरुष और 3 महिलाएं हैं। वहीं पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों ने कुल 188 प्रत्याशी दिये हैं। जिनमें 168 पुरुष और 20 महिलाएं हैं। प्रथम चरण के चुनाव में कुल 334 प्रत्याशी चुनाव मैदान में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। उनमें 299 पुरुष और 34 महिलाएं शामिल हैं। के रवि कुमार शुक्रवार को धुर्वा स्थित निर्वाचन सदन में पत्रकार वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयरहित मतदान को लेकर लगातार चौकसी बरत रहा है। इसी के तहत राज्य से जुड़ती दूसरे राज्यों की सीमा पर चेकपोस्ट बनाकर लगातार चेकिंग की जा रही है। राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक कुल 135.70 करोड़ की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गयी है। वहीं आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में अब तक कुल 24 प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी हैं। उनपर नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

## मतदाताओं को जागरूक करने का अनोखा प्रयास : डीडीसी

**रांची।** स्वीप के तहत समाहरणालय रांची ब्लॉक ए परिसर से सामान्य प्रेक्षक और पुलिस प्रेक्षक राहुल मलिक, डीडीसी दिनेश कुमार यादव ने विंटेज कार, पुरानी और क्लासिक कार रैली को रवाना किया। इस रैली में स्कूल के छात्र/ छात्राओं ने भी भाग लिया। उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने कहा की यह रैली शहर में विभिन्न जगह जा कर लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करेगी। कम मतदान प्रतिशत वालें बूथों में जा कर उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा की इस तरह की रैली अनोखा प्रयास हैं मतदाताओं को जागरूक करने के लिए इस तरह के लगातार कार्यक्रम करते हुए मतदाताओं को लगातर जागरूक किया जायेगा।

# किसके सर सजेगा कांके का ताज ?

**रजनीश**

**रांची।** 2024 के विधानसभा चुनाव में कांके सीट से किस प्रत्याशी के सिर ताज सजेगा, यह कहना अभी मुश्किल है। 1967 में कांके विधानसभा सीट अस्तित्व में आया। 1977 में इस सीट को अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व कर दिया गया। कांके विधानसभा सीट से पहली बार 1967 के चुनाव में जेएन चौबे जीतकर आए थे। उस वक्त यह सीट बिहार विधानसभा के अंतर्गत आता था। कांके विधानसभा सीट पर देखा जाये तो अब तक सबसे अधिक सात बार भारतीय जनता पार्टी ने जीत दर्ज की है। पिछले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने इस सीट से समरी लाल को उम्मीदवार बनाया था। उन्होंने जीत हासिल की लेकिन इस विधानसभा चुनाव में समरी लाल का टिकट काटकर जीतू चरण राम को टिकट दिया है। कांग्रेस ने इस सीट से सुरेश बैठा को उतारा है। अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित कांके विधानसभा सीट ग्रामीण बहुल क्षेत्र है। लेकिन इस सीट का कुछ हिस्सा शहरी क्षेत्र में आता है। इसमें बरियातू, कोकर, कांके रोड आता है। 1967 में इस सीट पर झारखंड दल के नेता जेएन चौबे पहले विधायक बने थे। वहीं 1977 में सीट आरक्षित होने के बाद हीराराम तूफानी चुनाव जीते थे। कांके में दो बार कांग्रेस का कब्जा रहा है। 1990 से अब तक यह सीट लगातार भाजपा के पाले में रही है। 1967 में झारखंड दल से जेएन चौबे, 1969 व 72 में बीजेएस से रामटहल चौधरी, 1977 में जेएनपी से हीराराम तूफानी, 1980 में कांग्रेस से राम रतन राम, 1985 में कांग्रेस से हरि राम, 1990 व 95 में बीजेपी से रामचंद्र बैठा, 2000 में बीजेपी से रामचंद्र नायक, 2005 व 09 में बीजेपी से रामचंद्र बैठा, 2014 में बीजेपी से डॉ. जीतू चरण राम और 2019 में बीजेपी से समरीलाल ने कांके विधानसभा में जीत हासिल की थी।





*वर्ष 2024 में मतदान की तिथि : 13 नवंबर 2024*
*निर्वाचन क्षेत्र संख्या : 65, विधानसभा क्षेत्र : कांके*

**कब कौन जीते-हारे**

| वर्ष | विजेता | दूसरे स्थान पर |
|---|---|---|
| 2005 | रामचंद्र बैठा (भाजपा) | समरी लाल (झामुमो) |
| 2009 | रामचंद्र बैठा (भाजपा) | सुरेश बैठा (कांग्रेस) |
| 2014 | जीतू चरण राम (भाजपा) | सुरेश बैठा (कांग्रेस) |
| 2019 | समरी लाल (भाजपा) | सुरेश बैठा (कांग्रेस) |

# झारखंड विरोधियों को सत्ता कभी नहीं मिलेगी : डॉ. सूरज मंडल

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** पूर्व सांसद डॉ. सूरज मंडल ने कहा है कि भ्रष्टाचारियों, गैर आंदोलनकारियों और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) अधिकार के विरोधियों को झारखंड की जनता समर्थन नहीं करेगी। डॉ. मंडल ने आम जनता से आह्वान किया कि झारखंड के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठते ही जिस-जिस ने भी अपना अवान्छित चाल, चरित्र और चेहरा दिखाया है उसको पराजित कर उसी विधानसभा क्षेत्र से खड़े दूसरे सक्षम उम्मीदवार को जीत दिलवाना सभी की जिम्मेदारी है। डॉ. मंडल ने कहा कि जिसने झारखंड गठन के तत्काल बाद ओबीसी आरक्षण की सीमा को 27 प्रतिशत से घटाकर 14 प्रतिशत कर दिया एवं अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण सीमा को 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत करते हुए जैसा निर्णय लिया साथ ही सभी को लड़वाने का काम किया उसका खामियाजा झारखण्ड की एक विशाल आबादी को अबतक भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यही एक ऐसा कारण है जिससे झारखंड का सामाजिक-आर्थिक विकास अबतक आधा-अधूरा है। इसी के कारण झारखंड अपने रास्ते से भटक गया है। डॉ मंडल ने कहा कि भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व को संवेदनशीलता के साथ झारखण्ड के सन्दर्भ में आरक्षण के मुद्दे पर विचार करना चाहिये।

## चुनाव : हाईकोर्ट में 20 को अवकाश

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में 20 नवंबर को अवकाश रहेगा। हाईकोर्ट की ओर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। हाईकोर्ट की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि 20 नवंबर को खिजरी विधानसभा सीट पर चुनाव होना है और हाईकोर्ट इसी विधानसभा क्षेत्र में आता है। इसलिए 20 नवंबर को अवकाश घोषित किया गया है। वहीं रांची में विधानसभा चुनाव 13 नवंबर को है, उस दिन अवकाश नहीं रहेगा। 20 नवंबर को घोषित अवकाश की जानकारी हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन को भी दी गयी है। वहीं बताया गया कि रांची, कांके और मांडर विधानसभा जैसे क्षेत्रों में हाईकोर्ट कर्मी यदि आवेदन देंगे तो उन्हें भी 13 नवंबर को छुट्टी दी जाएगी।

तमाड़, रांची, हटिया व मांडर में ज्यादा प्रत्याशी होने से दो बीयू का होगा इस्तेमाल

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष हुआ प्रथम अनुपूरक रैंडमाइजेशन ईएमएस

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन एवं सामान्य प्रेक्षक वेकटेशपथी, अमिताव बनर्जी, दिनेशन एच, शिवज्ञानम, आर गिरीश प्रेक्षक की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि के साथ बैठक हुई, इस दौरान तमाड़, रांची, हटिया व माण्डर विधानसभा क्षेत्रों में अभ्यर्थियों की संख्या 18, 18, 27 एवं 17 होने के कारण दो बीयू का उपयोग होगा। इसके लिए अनुपूरक रैंडमाइजेशन किया गया। इस दौरान, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, नोडल पदाधिकारी ईवीएम कोषांग- सह- सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रविशंकर मिश्रा, उप निर्वाचन पदाधिकारी बिवेक कुमार सुमन एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। आम निर्वाचन के अन्तर्गत तमाड़, रांची, हटिया व माण्डर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के रैंडमाइजेशन किया गया। जानकारी हो कि चुनाव आयोग के सॉफ्टवेयर के माध्यम से रैन्डमाइजेशन कर तय किया जाता है।






### कल्पना पहुंची जीईएल चर्च, अगुआ संग की बैठक

**रांची।** कल्पना सोरेन शुक्रवार को खूंटी दौरे पर थी। इस दौरान उन्होंने जीईएल चर्च के अगुआ के संग बैठक की। इस दौरान उन्होंने खूंटी के समग्र विकास के लिए विचार-विमर्श किया। मौके पर उन्होंने कहा कि यहां के लोगों की ऊर्जा और समर्पण से खूंटी में विकास की नई राहें निश्चित ही खुलेंगी।

## आज | कल




# चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज, महिलाओं का आरोप-प्रत्यारोप

**रांची।** विस चुनाव को लेकर झारखंड में राजनीतिक सरगर्मी काफी तेज हो गई है। ऐसे में राजनितिक पार्टियों का एक दूसरे पर वार-प्रतिवार जारी है। शुक्रवार को भाजपा महिला मोर्चा ने हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोलते हुए उसपर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। वहीं झामुमो की राज्यसभा सदस्य महुआ माजी ने भाजपा महिला मोर्चा की बातों को अनर्गल बताया।

## हेमंत ने की झारखंड की महिलाओं से वादा खिलाफी : आरती सिंह



भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह ने कहा कि जब हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री नहीं बने थे, तब चिल्ला-चिल्ला कर कहते थे कि मेरे सीएम बनने पर झारखंड की जनता खुश रहेगी। राज्य विकास की ओर जाएगा। मां-बहनें सुरक्षित रहेंगी। उनका सशक्तीकरण किया जाएगा। जैसे ही वे सत्ता में बैठे, उन्होंने महिलाओं से किए वादों को झूठलाने का काम शुरू कर दिया। हेमंत ने मां-बहनों प्रतिमाह 2000 महीना चूल्हा खर्च देने का वादा किया था। उन्होंने महिलाओं से कहा था कि आधार कार्ड पर 50,000 का लोन देंगे। लोन लेकर महिलाएं सशक्त होंगी, लेकिन किसी को लोन नहीं मिला। हेमंत ने कहा कुछ और किया कुछ। जिस सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं उसमें मंईयां सम्मान योजना कैसा, चुनाव के समय मंईयां सम्मान योजना क्यों? 5 वर्षों का जो 60,000 रुपया नहीं मिल उसका क्या? प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पूर्ववर्ती रघुवर सरकार में चल रही महिला कल्याण की सभी योजनाओं को सत्ता में आते ही हेमंत सरकार ने बंद कर दिया। भाजपा की सरकार में 1 रुपए में महिलाओं के नाम से जमीन रजिस्ट्री हुआ करती थी इस योजना में भी हेमंत सरकार ने विघ्न डाला। झारखंड के किसी कोने में महिला सुरक्षित नहीं, अपनी पत्नी को सुरक्षित रखा हेमंत सोरेन ने झारखंड में किसी बेटी को सुरक्षा नहीं दी। जेल से आते ही उन्होंने अपने सबसे पुरानी और वरिष्ठ कार्यकर्ता चंपाई सोरेन को कुर्सी से हटा दिया और खुद मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठ गए।

## 26 प्रतिशत बढ़ गया अपराध का ग्राफ : राफिया



वहीं पार्टी प्रवक्ता राफिया नाज ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा, राजद और कांग्रेस गठबंधन की सरकार ने राज्य की आदिवासी बेटियों की इज्जत को ताक पर रख दिया है। संथाल परगना में क्राइम बहुत बढ़ रहा है। बेटियों के साथ अत्याचार हो रहा है। आंकड़ों की बात करें तो जब से झारखंड में इंडी गठबंधन की सरकार आई है, 26 परसेंट अपराध का ग्राफ बढ़ गया है। महिला अत्याचार से संबंधित 16,162 केस दर्ज हैं। 8000 मामलों में तो जांच भी शुरू नहीं हुई है। सरकार पेसा कानून लागू करने में भी विफल रही है।

## भाजपा महिला मोर्चा कर रहा अनर्गल बातें : महुआ माजी



झारखंड मुक्ति मोर्चा की राज्यसभा सदस्य महुआ माजी ने भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा उठाये गए सवालों को अनर्गल बताया। उन्होंने कहा भाजपा की सरकार ने झारखंड में ह्युमन ट्रेफिकिंग जैसे अपराधों के खिलाफ क्या किया? झारखंड में जब झामुमो की सरकार जब बनी तो उन सभी आदिवासी महिलाओं को हेमंत सरकार के द्वारा वापिस लाने का काम किया गया। सभी को रोजगार दिया गया। उन्होंने कहा मंईयां सम्मान योजना झारखंड की बहन-बेटियों के लिए पॉकेट मनी है। किसी अपराध से पीड़ित महिलाओं के लिए झारखंड सरकार की यह योजना सौगात है।

# झामुमो ने हेमंत को दोबारा सीएम बनाने का संकल्प लिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर झामुमो रांची जिला समिती की बैठक जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विधानसभा चुनाव में झामुमो रांची जिला के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम ने कहा की झामुमो नेतृत्व की गठबंधन सरकार के अनेकों जनकल्याणकारी कार्यों को किया है। जनता दोबारा हेमंत सरकार को और अधिक सीटों के साथ बनाने का मन बना चुकी है। रांची विधानसभा को भी इस बार हमें जीतना है और हेमंत सोरेन के आने वाली सरकार को मजबूत बनाना है। सभी ने संयुक्त रूप से विधानसभा चुनाव में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए हेमंत सोरेन को फिर से सीएम बनाने का संकल्प लिया।

बैठक में केन्द्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, बीरू साहू, कलाम आजाद, जिला सचिव डॉ हेमलाल कु मेहता, जिला संयुक्त सचिव विक्की यादव, सुजित उपाध्याय, जिला संगठन सचिव जुल्फीकार खान सहित अन्य उपस्थित थे।

# छठ महापर्व को लेकर बसों और ट्रेनों में टिकट नहीं

■ बस के साथ-साथ एजेंटों को भी हो रहा है अच्छा मुनाफा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर बिहार और उत्तर प्रदेश जाने वाले बस और ट्रेन में टिकट नहीं मिल रहा है।

बिहार और उत्तर प्रदेश के बड़ी संख्या में लोग रांची में रहकर नौकरी और रोजगार करते हैं। छठ पर ये लोग अपने गांव जाकर परिवार के साथ महापर्व मनाते हैं। इस बार छठ पर बिहार के सासाराम, बक्सर, आरा, छपरा, सिवान गोपालगंज, बेतिया सहित अन्य जिलों एवं बनारस जानेवाली बसों में अभी से टिकटों की मारामारी शुरू हो गई है। बहुत मुश्किल से टिकट मिल रहा है। ऊपर से विधानसभा चुनाव को लेकर बसों में एडवांस टिकट बुकिंग भी बंद कर दी गई है। इससे यात्रियों की परेशानी और बढ़ गई है। सफर के दिन ही टिकट दिया जा रहा है।

कांटाटोली स्थित खादगढ़ा बस स्टैंड के एजेंट जसीम भाई ने शुक्रवार को बताया कि पर्व-त्योहार पर बस से सफर करने वाले लोग कनफर्म सीट के लिए टिकटों की एडवांस बुकिंग कराते हैं।

इससे बस के साथ-साथ एजेंटों को भी अच्छा मुनाफा हो जाता है। लेकिन इस बार विधानसभा चुनाव के ठीक पहले छठ महापर्व पड़ रहा है। चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने बस मालिकों को बस जमा करने के लिए पहले ही नोटिस थमा दिया है। ऐसे में टिकटों की एडवांस बुकिंग बंद कर दी गई है। वहीं दूसरी ओर से बिहार और उत्तर प्रदेश जाने वाली सभी ट्रेन में भी एक भी सीट नहीं बचा है।



## जयनगर के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

**रांची।** यात्रियों की भीड़ बांटने के लिए रेलवे रांची से जयनगर के बीच स्पेशल ट्रेन चलाएगा। यह ट्रेन दो और नौ नवंबर को रांची से रवाना होगी। रांची से यह ट्रेन शनिवार रात 10:50 बजे खुलेगी। जो मुरी, बोकारो, धनबाद, जसीडीह, बरौनी होते हुए रविवार दोपहर 3:15 बजे जयनगर पहुंचेगी। जयनगर से ये ट्रेन तीन और 10 नवंबर को खुलेगी। यह ट्रेन रविवार शाम पांच बजे रवाना होगी और सोमवार सुबह नौ बजे रांची पहुंचेगी। ये ट्रेनों रहेंगी प्रभावित आद्रा मंडल में विकास कार्य के चलते लिए गए ब्लॉक से टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस चार, छह, नौ नवंबर को निर्धारित मार्ग चांडिल, पुरुलिया, कोटशिला, मुरी के स्थान पर चांडिल, गुंडा बिहार, मुरी होकर चलेगी। खड़गपुर-हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस चार, पांच, छह, आठ, नौ और 10 नवंबर को आद्रा-हटिया-आद्रा के बीच रद्द रहेगी।

# रांची नगर आयुक्त ने छठ के मद्देनजर डैम और तालाबों की सफाई के दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची नगर निगम के नगर आयुक्त ने महापर्व छठ को लेकर चिह्नित किये गये डैम व तालाबों की पूरी साफ-सफाई करने का निर्देश दिया है, ताकि छठव्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो।

रांची नगर निगम की ओर से राजधानी में 72 डैम व तालाबों को चिह्नित किया गया है, जहां छठव्रतियों को पूरी सुविधा मिलेगी, छठ पर्व में छठव्रति डूबते व उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए नदी, डैम व तालाबों में धार्मिक परंपरा के आधार पर पहुंचते हैं। नगर निगम की ओर से लोगों से अपील की गयी है कि शहर की स्वच्छता में सहयोग दें।



घर के कचरे को बाहर सड़क पर नहीं डालें। उसे कचरे के वाहन में ही दें। सड़क पर रखे डस्टबीन में ही कचरे को रखें। दुकान व ठेले वाले भी अपने कचरे डस्टबीन में डाले। तालाब में बने विसर्जन कुंड में ही पूजन सामग्री डालें। इस तरह हमारा शहर स्वच्छ व सुंदर बना रहेगा।

## दीवाली में पटाखों से जले 80 से अधिक लोग पहुंचे अस्पताल




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दीवाली पर रांची में पटाखों से कई लोग जलकर घायल हो गए। करीब 80 जले और जख्मी लोग अस्पताल पहुंचे। इलाज के लिए इसमें सबसे अधिक लोग रिम्स आए। हल्के-मध्यम रूप से जले अधिकतर लोगों को अस्पतालों से प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। रिम्स में 47 से अधिक मरीज प्राथमिक उपचार के लिए आए। सदर में 20 से ज्यादा का इलाज हुआ। निजी अस्पतालों में भी कुछ लोग पहुंचे। वहीं, बुरी तरह घायल 5 लोगों को भर्ती किया गया है। दो रिम्स में और तीन निजी अस्पताल में इलाजरत हैं। प्राथमिक उपचार के लिए आए अधिकतर लोग फुलझड़ी से जले थे। रिम्स के विशेषज्ञों ने बताया कि 80% से ज्यादा जले लोगों को भर्ती किया गया है। इससे कम जले लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है। अस्पताल आने वालों की उम्र 15 से 55 साल तक की थी।

## चुटिया में झामुमो प्रत्याशी डॉ महुआ माजी ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**रांची।** चुटिया के स्थानीय लोगों के द्वारा शुक्रवार को झामुमो की रांची विधानसभा प्रत्याशी डॉ महुआ माजी का स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि चुटिया झारखंड अलग राज्य के आंदोलन के ऐतिहासिक केंद्र के साथ-साथ रांची की हृदय स्थली है। परंतु चुटिया का विकास नहीं हो पाया। स्वागत भाषण में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड को बचाने के लिए हम सभी आंदोलनकारी इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी के साथ हैं। मौके पर भुवनेश्वर केवट, जितेंद्र कुशवाहा, रवि नंदी, संजय महतो, दिवाकर साहू, सरोजनी कच्छप, दिनेश महतो, विजय रंजन, धनंजय ठाकुर, चरकी निशा, अरुण महतो, मुन्ना टोप्पो, नंदू ठाकुर, पवन किंडो सहित अन्य उपस्थित थे।

## दीपावली पर राजधानी का रंगीन नजारा



# राज्य में नया उद्योग लगाना काफी पेचिदा : आदित्य मल्होत्रा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

किसी भी उद्योग को स्थापित करने के लिए जमीन की आवश्यकता होती है। ऐसे में झारखंड में बड़े उद्योग स्थापित करने के लिए जमीन की कमी है। कहीं जमीन मिलती भी है तो पर्याप्त नहीं है। टुकड़ों में जमीन मिलती है। झारखंड में लैंड बैंक भी नहीं है। ऐसे में लैंड बैंक नहीं है तो उद्योग लगाने के लिए, जमीन कहां से मिलेगी? उक्त बातें फेडरेशन ऑफ झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कही। वे शुक्रवार को राष्ट्रीय नवीन मेल से खास बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि झारखंड में उद्योग लगाने के लिए कई तरह के लाइसेंस लेना पड़ता है। इन लाइसेंस को बनाने के लिए सभी नियम पेचीदगी से भरी है। इसके लिए भ्रष्टाचार की लंबी-चौड़ी नदी की गोताखोरी करनी पड़ती है। दूसरी ओर झारखंड में स्किल्ड कामगारों की भी कमी है। सरकार ने नियम बनाया है कि 75 प्रतिशत रोजगार स्थानीय लोगों को मिलनी चाहिए। कंपनी चाहती है कि ज्यादा से ज्यादा स्किल्ड कामगारों को काम पर रखें। इस कारण भी उद्योग धंधे झारखंड में स्थापित नहीं हो पा रहे हैं। लॉ एण्ड आर्डर की समस्या भी पुरानी है। नए उद्योग लगाने के लिए सुरक्षित माहौल का होना जरूरी है। जबतक सुरक्षा नहीं मिलेगी नए उद्योग-धंधे नहीं फल- फूल सकते।



उन्होंने बताया कि झारखंड के साथ बड़ी विडंबना है कि 24 वर्षों के बाद भी झारखंड की इकोनॉमी यहां की संभावनाओं के अनुरूप वृद्धि नहीं कर पाई है। बड़े उद्योग लगाने के लिए जमीन की कमी है। लैंड बैंक नहीं होने से किस जिले में कितनी जमीन उद्योग के लिए हो सकती है? तय करना कठिन होता है। नए उद्योग लगाने के लिए लाइसेंस लेने की प्रक्रिया जटिल है। उन्होंने कहा कि नए उद्योग लगने से रोजगार उत्पन्न होते हैं।

# ट्रक ने पिकअप वैन को मारी टक्कर, दो की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिले में गुरुवार सुबह हुई एक भीषण सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए जिनमें से दो की हालत गंभीर है। यह हादसा उस वक्त हुआ जब सामने से आ रहे ट्रक ने पिकअप वैन को टक्कर मार दी, जिससे वैन असंतुलित होकर पुलिया के नीचे जा गिरी। यह हादसा रांची-मुरी मार्ग में जिंतुपीढ़ी के पास जितिया भसान नाला में हुआ। हादसे के वक्त वैन में कुल पांच लोग सवार थे, जो कि बंगाल के नादिया जिले के कृष्णानगर से फूल लेकर रांची आ रहे थे। इनमें से अनिल मोदक (44) व गौरांग विश्वास (41) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि वैन चालक रिपन विश्वास, सुकुमार मोदक व मनीष यादव घायल हो गए। घायलों में से सुकुमार व मनीष की स्थिति गंभीर बनी हुई है। ये सभी लोग बंगाल के नादिया जिले के बेड़ाकामगाछी थाना ताहिरपुर के रहने वाले हैं। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि ये सभी लोग बंगाल से विभिन्न किस्म के फूल लेकर रांची आ रहे थे। इसी दौरान जिंतुपीढ़ी के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने वैन को साइड से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वैन असंतुलित होकर पुलिया की साइडवॉल तोड़ती हुई बीस फीट गहरे नाले में जा गिरी।



# इंडिया गठबंधन की बैठक, जीत की बनी रणनीति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इंडिया गठबंधन की बैठक शुक्रवार को हरमू स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में वर्तमान झारखंड विधानसभा आम चुनाव 2024 में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति बनाई गई तथा केंद्र स्तर से बूथ स्तर तक पार्टी कार्यकताओं तथा नेताओं में सामंजस्य स्थापित करने पर जोर दिया गया। इण्डिया गठबंधन के घोषणा पत्र में किन मुद्दों को प्रभावी रूप से जनता के बीच रखना है तथा किन मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाना है, इन सब विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, बंधू तिर्की, अशोक चौधरी, भाकपा (माले) के शुभेंदु सेन, राजद की अनीता यादव ने अपनी बातों को रखा।



# श्याम मंदिर में दीपावली अनुष्ठान संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्रीश्याम मित्र मण्डल द्वारा संचालित हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में तीन दिवसीय दीपावली महापर्व अनुष्ठान भव्य व दिव्य कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि प्रातः से पूर्वाह्न तक मंदिर के नियमित कार्य करके मंदिर कपाट सायं 5.30 बजे तक के लिए बन्द कर दिये गए। बन्द अवधी में खाटूनरेश को दीपावली महास्नान कराके केशर तिलक श्रृंगार किया गया। पीला रंग का नवीन पौशाक पहनाया गया। ज्ञातव्य है कि खाटूधाम के श्रीश्याम मंदिर की परम्परा के अनुसार ही हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में दीपावली महोत्सव मनाया जाता है। खाटूनरेश को बुलु, पीला, गुलाबी, सफेद, सोनिया,हरा कलर के आरकिड फूल,डच लाल व पीला गुलाब,सोना विदिया पती वाला व रजनीगंधा की मोटी-मोटी फूल मालाओं से सजाया गया। सभी फूल बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों से फूल मंगाएं थे। मण्डल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा के नेतृत्व में मंदिर में आचार्यो ने सभी गर्भगृहो में स्थापित विग्रहों को सजाया। सायं 5.30 बजते ही गोधूली बेला मंदिर के कपाट खोल दिये गए। दर्शन व दीप जलाने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। मण्डल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी अन्नपूर्णा सरावगी सबसे पहले रजत पंचदीपो का प्रज्जवलित करके पूजन-वंदन कर बाबा के दरबार में धोक लगायी। रामगोपाल साबू - विजयाश्री साबू ने मंदिर में निर्मित 1100 शुद्ध घृत के लड्डू का भोग निवेदित किया।



## श्रीश्याम मंदिर में कार्तिक सोमवती अमावस्या मनाया गया

**रांची।** हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में कार्तिक सोमवती अमावस्या के उदयकाल में खाटूनरेश का महास्नान पर्व मनाया गया। खाटूनरेश को दूध, दही, गंगाजल, शहद, चीनी, गुलाब जल, केशर शुद्ध जल, गुलाब फूल आदि के महामिश्रण से महास्नान किया गया। नवीन पौशाक पहनाया गया। मसाज किया गया। पंचमेवा का भोग अर्पित करके श्रृंगार आरती की गयी। महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि 3-4 दिन खाटूनरेश अपने श्यामल रुप में भक्तो को दर्शन देंगे।

# चार से छाएंगे बादल, छठ के अंतिम दिन साफ होगा मौसम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची समेत राज्य की हवा के रुख के साथ मौसम में भी बदलाव शुरू हो चुका है। आने वाले पर्व में आमतौर पर के साफ रहने की उम्मीद है। हालांकि सुबह में धुंध छायी रह सकती है। मौसम विभाग के अनुसार छठ के आखिरी दिन मौसम साफ रहेगा, लेकिन चार से छह नवंबर के बीच आंशिक बादल छा सकते हैं। इस अवधि में बारिश नहीं होगी। बादल छाने से अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री तक की गिरावट आने के आसार हैं। पांच से आठ नवंबर तक छठ महापर्व मनाया जाएगा। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के आसपास के क्षेत्रों का वातावरण साफ है। सिर्फ देश के पूर्वोत्तर राज्य असम और इसके आसपास के क्षेत्रों पर साइक्लोनिक सकुर्लेशन बना है। लेकिन इसका असर झारखंड पर पड़ने की आशंका कम है। इस बीच यदि दक्षिण-पूर्व की हवा भी चली तो यह अल्पकालिक होगी। इसके चलते राज्य के बंगाल और ओड़िशा से सटे जिलों पर आंशिक बादल छा सकते हैं।

राज्य में पश्चिमी हवा का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। इससे राज्य में रात के तापमान में अगले तीन दिन के बीच 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट हो सकती है। इसके बाद इसमें कोई बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं है। शुक्रवार को राज्य में सबसे कम अधिकतम तापमान रांची और लोहरदगा का 30.6 डिग्री और देवघर का अधिकतम पारा सबसे ज्यादा 35.6 डिग्री रहा। मौसम विभाग के अनुसार रांची का शुक्रवार को अधिकतम तापमान 30.6 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2 डिग्री अधिक है। न्यूनतम पारा 17.0 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 4 डिग्री कम है। अगले पांच दिनों के दौरान अधिकतम पारा 28.0 और न्यूनतम 19.0 डिग्री रह सकता है।



### जमशेदपुर में बारिश की संभावना कम

पूर्वी सिंहभूम और जमशेदपुर का मौसम भी छठ महापर्व के दिन आठ नवंबर तक मुख्य रूप से साफ रहेगा। यहां भी सुबह के दौरान हल्की धूंध छायी रहेगी। चार नवबंर तक आसमान साफ रहेंगे। धूप निकलने के साथ यह साफ होगा। चार नवंबर से छह नवबंर के दौरान आसमान में आंशिक बादल छा सकते हैं। शुक्रवार को यहां का अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री रहा। यह सामान्य से चार डिग्री अधिक है।

### पलामू में सुबह के दौरान धूंध बढ़ने का अनुमान

मेदिनीनगर समेत पलामू और आसपास के क्षेत्रों पर आसमान साफ रहेंगे। लेकिन यहां सुबह के दौरान धूंध बढ़ सकती है। यहां मौसम बदलाव की संभावना कम है। यहां केवल छह और सात को आसमान में हल्के स्तर के बादल छा सकते हैं। छठ महापर्व के दौरान बारिश होने की संभावना नहीं है। जबकि शुक्रवार को यहां का अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री सामान्य से चार डिग्री अधिक रहा।

## खरसीदाग से नाबालिग का अपहरण, पुलिस ने किया बरामद



**रांची।** खरसीदाग ओपी क्षेत्र के सिलादौन डुंगरी पटाखा फैक्ट्री के पास 13 वर्षीय नाबालिग का अपहरण कर लिया गया था। घटना गुरुवार की रात लगभग साढ़े 11 बजे की है। इसके बाद नाबालिग के माता-पिता खरसीदाग ओपी प्रभारी भवेश कुमार को मामले की जानकारी दी। ओपी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी युवक और नाबालिग को टेक्निकल सेल की मदद से देर रात साढ़े 12 बजे नामकुम थाना क्षेत्र के जेएसएससी कार्यालय पास से बरामद कर लिया। नाबालिग के परिजनों ने बताया कि आरोपी जबरदस्ती घर के बाहर से नाबालिग को बाइक पर बैठाकर भाग निकला। पुलिस ने नाबालिग को उनके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस की पूछताछ में जानकारी मिली कि आरोपी और नाबालिग पूर्व परिचित हैं दोनों में पहले से बातचीत होती थी।

## न्यूज | बॉक्स

### डालसा ने डेरा गांव में डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम चलाया



**रांची।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त के मार्गदर्शन में तमाड़ प्रखंड के डेरा गांव में डालसा ने डोर-टू-डोर कार्यक्रम चलाया। एलएडीसीएस चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने बच्चों से संबंधित कानूनों की जानकारी दी। नशा उन्मूलन पर कहा कि नशा न करें, नशा से धन और स्वस्थ दोनों पर बुरा असर पड़ता है। प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने एमएसीटी एक्ट के बारे में जानकारी दी। रूकमनी देवी एवं सोनामनी देवी ने सड़क दुर्घटना में मिलनेवाली मुआवजा के बारे में बताया। उन्होंने वृद्धा पेंशन और विधवा पेंशन की जानकारी दी। पीएलवी अनिमा मल्लिक ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं श्रम कार्ड की जानकारी दी और पेंशन से संबंधित लाभ लेने की बातें कहीं। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार में इससे संबंधित आवेदन दे सकते हैं। ज्ञात हो कि डालसा के पीएलवी ने आगामी 14 दिसम्बर को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी। लोक अदालत की सफलता के लिए अपने वादों का निस्तारण मध्यस्थता के माध्यम से कराने पर प्रकाश डाला।

### श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर के गरुड़ ध्वज में दीपों के वृक्ष का अलौकिक दर्शन हुआ

**रांची।** गुरुवार को श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में दीपावली पर्व को लेकर चल रहे महानुष्ठान में प्रातः से ही भागवत प्रिय गोविन्दा का सेवा, पूजा, आराधना, स्तुति आदि शुरू हो गया था। भांति-भांति उपचार से वेणुनायक प्रिय गोविन्दा का महाभिषेक कराकर अद्भुत मनमोहक आभूषणों से श्रृंगार, फूलों के हार और गण्डमाल से सुशोभित कराया गया। अनेकानेक व्यंजनों का नैवेद्य भोग लगा और दिनभर स्तोत्रों का पाठ चलता रहा। भक्तों को राक्षस आदि दोषों से सुरक्षा तथा मनोभिलाषित वरों के लिए अर्चना होता रहा। सायं प्रदोषकाल के समय से विजयप्रद नीराजन कर्म के अन्तर्गत सभी अर्चक, परिचारक और श्रद्धालु दीप प्रज्वलित कर मन्दिर को सजाने में जुट गये। चारों तरफ दीवारों में चमकते तारों के सदृश लूप-लूप करती विद्युत लड़ियाँ और मन्दिर के कोने-कोने में अन्दर से वाहर तक दीपों के समुह से जगमग - जगमग करते, दर्शनाथीर्यों के मन को प्रफुल्लित और मोहित किये जा रहा था। गरुड़ ध्वज के पास दीप वृक्ष स्वर्ग के शोभा को फीका कर रहा था और गोपुरम मुख्य द्वार के आगे खिले हुए कमल फूल के ऊपर ओंकार का आकार बड़ा ही दिव्य लग रहा था। महाभिषेक में यजमान आनंद प्रकाश-राधिका अग्रवाल, शशिभूषण-वीणा सिंह और अनूप-मधु अग्रवाल थे।




### सीएमपीडीआई में 50वां कोल इंडिया स्थापना दिवस मनाया गया



**रांची।** सीएमपीडीआई में 50वां कोल इंडिया स्थापना दिवस मनाया गया। सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने कोल इंडिया ध्वज फहराकर समारोह की शुरूआत की। तत्पश्चात सीआईएल कारपोरेट गीत गायन हुआ। इस अवसर पर श्री कुमार ने कहा कि हम न केवल कोल इंडिया के पांच दशक पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, बल्कि इस संस्थान के द्वारा राष्ट्र सेवा और विकास में अभूतपूर्व योगदान का भी जश्न मना रहे हैं। हमारी कंपनी स्थापित करने का उद्देश्य न केवल कोयला उत्पादन करना था, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी था कि हम अपने समुदायों और राष्ट्र के लिए ऊर्जा के स्थायी स्रोत प्रदान करें। कोयला उद्योग की भूमिका ऊर्जा उत्पादन के साथ-साथ रोजगार, विकास और स्थिरता के अवसर भी उत्पन्न करना भी है। उन्होंने कहा कि देश की उम्मीदों एवं आकांक्षाओं पर चलते हुए कोल इंडिया ने वर्ष 2023-24 में अपना अब तक का सर्वाधिक लगभग 774 मीट्रिक टन उत्पादन का रिकार्ड हासिल किया और वर्ष 2024-25 के लिए 838 मीट्रिक टन के उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है। आने वाले वर्षों में हमें नई तकनीकों और प्रक्रियाओं को अपनाने की जरूरत है ताकि हम अपने उत्पादन को अधिक प्रभावी और पर्यावरण हितैषी बना सके। उन्होंने सभी कर्मियों से परस्पर समर्थन करने और एक

### श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व को लेकर प्रभात फेरी शुरू



**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा ने शुक्रवार को श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 555वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य पर गुरुद्वारा साहिब से प्रभात फेरी की शुरूआत हुई। सुबह 5 बजते ही श्री कृष्णा नगर कॉलोनी की गलियां सतनाम श्री वाहेगुरु के जयकारे से गुंजायमान हो गई। प्रभात फेरी ने गुरुद्वारा साहिब के दर्शन दिउड़ी गेट से निकलकर जोगिंदर गाबा, सुंदरलाल मिढ़ा, द्वारका दास मुंजाल, चंदू गिरधर, जीतू काठपाल, ओम प्रकाश बरेजा, सुभाष मिढ़ा, लक्ष्मण अरोड़ा, पुरुषोत्तम थरेजा और भगत सिंह मिड्ढा की गलियों का भ्रमण किया। फेरी में कीर्तन मंडली के इंदर मिढ़ा,रमेश पपनेजा,सुरजीत मुंजाल,नवीन मिढ़ा,आशु मिढ़ा,गीता कटारिया,शीतल मुंजाल,रेशमा गिरधर,इंदु पपनेजा,नीता मिढ़ा ने शब्द गायन कर कॉलोनी की गलियों को नानकमय कर दिया। सरदार भूपिंदर सिंह ने निशान साहिब उठाकर फेरी की अगुवाई की तथा मनीष मिढा ने श्रद्धालुओं के घरों के सामने सुख समृद्धि और कुशल क्षेम की अरदास की। श्रद्धालुओं ने रास्ते की साफ सफाई कर फेरी का श्रद्धा भाव से स्वागत किया तथा फेरी मे शामिल साध संगत पर पुष्प वर्षा की। प्रभात फेरी विभिन्न गलियों का भ्रमण करते हुए गुरुद्वारा साहिब के पार्किंग गेट पहुंचकर मनीष मिढ़ा द्वारा अरदास के साथ समाप्त हो गई। प्रभात फेरी में द्वारका दास मुंजाल, अशोक गेरा, हरगोबिंद सिंह,अनूप गिरधर, विनोद सुखीजा, जीवन मिढ़ा, मोहन काठपाल,महेंद्र अरोड़ा, राजेन्द्र मक्कड़, रमेश पपनेजा, इन्दर मिढ़ा, जितेश बेदी, दिनेश गाबा, कैलाश मिढ़ा, अमर मदान, नरेश मक्कड़,सुनील जसूजा, हरविंदर सिंह, प्रकाश गिरधर, पियूष मिढ़ा, राकेश घई, छोटू सिंह,मनीष मल्होत्रा, हरीश तेहरी, तुषार गिरधर, गर्व खीरबाट, पीयूष तलेजा समेत अन्य शामिल थे।

## एक नजर

### खलारी में धूमधाम से मना दीपों का त्योहार दीपावली

**खलारी।** खलारी में दीपों का त्योहार दीपावली गुरूवार को धूमधाम से मनाया गया। दीवाली पर्व को लेकर लोग सुबह से ही अपने घरों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों की साफ सफाई किए। फूल, माला, केले के थंभ, व विद्युत लड़ियों से घर व दुकानों के मुख्य द्वार सजाए गए। घरों में रंगोली बनाई गई। केडी बाजार, डकरा बाजार आदि में काफी गहमा गहमी रही। लोग पटाखा, फूलमाला, मिठाइयों की खूब खरीदारी किए। शाम में दुकानों व घरों में विधि विधान से लक्ष्मी-गणेश की पूजा की गई। शाम होने पर घरों के छत, चारदीवारी सहित सभी जगहों पर दीप जलाए गए। रंग-बिरंगे विद्युत लड़ियों से बाजार व गलियां जगमगा रही थी। देर रात तक रह-रहकर पटाखों व आतिशबाजी की गूंज सुनाई देती रही। बच्चे पटाखों को लेकर काफी उत्साहित थे।

### खलारी में विधि-विधान से हुई मां काली की पूजा

**खलारी।** कार्तिक अमावस्या दीवाली की रात खलारी में मां काली की पूजा विधानपूर्वक की गई। पूजन के बाद मुहूर्त के अनुसार रात में ही भतुआ, ईख की बलि दी गई। इसके बाद माता की आरती की गई और प्रसाद बांटे गए। शुक्रवार दिन में पुनः पूजन, हवन व शाम को विशेष आरती की गई तथा प्रसाद बांटा गया। श्रद्धालुओं ने माता को पुष्पांजलि दी। श्री जानकीरमण मंदिर खलारी में बंगाल से आए पुजारियों ने पूजन किया। बंगाल से ही आए ढाक बाजा की थाप पर आरती की गई। चुरी मानकी काली मंदिर में बकरा की बलि दी गई। इसके अलावा क्षेत्र के खलारी रेलवे स्टेशन, केडीएच काली मंदिर, चूरी कालोनी, डकरा साइडिंग, करकट्टा, रोहिणी परियोजना सहित कई अन्य जगहों पर मां काली की प्रतिमा रखकर पूजा की गई। कई पूजा स्थलों पर खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया।
षनिवार को नगर भ्रमण के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन कर दिया जाएगा।

### निर्दलीय प्रत्याशी बिनोदित तिग्गा को मिला मजलिस का समर्थन

चान्हो। प्रखंड स्थित चमरा होटल में शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन कर आल इंडिय मजलिसे इत्तेहादुल मुस्लेमिन ने मांडर विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी बिनोदित तिग्गा को समर्थन देने की घोषणा की। प्रदेश अध्यक्ष शाकिर अली ने इसकी घोषणा। प्रदेश अध्यक्ष शाकिर अली ने कहा कि पार्टी के विषय में फैलाया गया अफवाह कि हमने पैसा लेकर प्रत्याशी नहीं दिया बिल्कुल ही निराधार है। सभी कार्यकर्ताओं से उन्होंने आह्वान किया कि पार्टी समर्थित उम्मीदवार विनोदित तिग्गा को जीत दिलाएं और पार्टी को मजबूत बनाये।

### भारतीय जनता पार्टी चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

# सन्नी टोप्पो की विजय तय, सिर्फ घोषणा बाकी



*इस बार जनता झारखंड में बदलाव चाहती है और लोग भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास भरी नजरों से देख रहे है । झारखंड का विकास भाजपा की सरकार बनने के बाद गति पकड़ेगी*

**नवन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो। बेड़ो मंडल व नरकोपी मंडल में शुक्रवार को भाजपा चुमाव कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। जहां बेड़ो स्थित गुमला रोड में विधिवत पूजन के बाद नारियल फोड़कर व फीता काटकर चुनाव कार्यालय का प्रवासी प्रभारी खेलावन साहू और मांडर विधानसभा के प्रभारी रिपुसूदन साहु ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इसके पश्चात डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय व बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। वहीं विधानसभा प्रभारी ने कहा भाजपा कार्यकर्ता उत्साह से लबरेज हैं। इस चुनाव में सन्नी टोप्पो की विजय तय है सिर्फ के बाद कि घोषणा बाकी है। इस झारखंड की जनता सरकार में बदलाव चहती है और विकास देखना चाहती है। इस बार बीजेपी के सरकार बनने की पूरी आशा नजर आ रही है। इस बार क्षेत्र में परिवर्तन की लहर है। मौके पर बेड़ो मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह, नरकोपी मंडल अध्यक्ष तेजू दास, मंडल के उपाध्यक्ष कुमुद वर्मा, मुख्य पुजारी अशोक पंडा, रामनारायण भगत, भीखा उरांव, मांडर विधानसभा के सह संयोजक हर्षवर्धन पांडे, राजीव रंजन अधिकारी, नीरज शाही, जनजातीय मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य युवा मोर्चा मंत्री जतरु उरांव, महामंत्री राजेश साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम देवी, विजय साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रकाश साहू, एसटी मोर्चा अध्यक्ष महावीर उरांव, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुखदेव कच्छप, पूर्व मंडल अध्यक्ष किनुआ उरांव, युवा मंत्री सूरज सिंह, एसटी मोर्चा महामंत्री भिखु उरांव, युवा मोर्चा मंत्री संजय बेक, खेदुवा उरांव, बिगलू उरांव, धीरज साहू, समूल अंसारी, नलिन्द्र सिंह, तुलसी साहू, गोविंद महतो और भाजपा व आजसू कार्यकर्ता समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हेथू में चुलाई शराब के तीन अड्डे ध्वस्त, 2 पर केस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के हेथू गांव में अवैध चुलाई शराब के तीन ठिकानों को रांची उत्पाद विभाग की टीम ने शुक्रवार ध्वस्त किया। इसमें करीब 4500 किलो जावा महुआ नष्ट कर मौके से करीब 50 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त की गई। वहीं, राजेश साव और बबलू साव पर फरार अभियोग दर्ज किया गया। अन्य लोगों का टीम पता लगा रही है। रांची के उपायुक्त के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद की देखरेख में टीम ने सुखदेवनगर थाना, अरगोड़ा थाना क्षेत्र में भी छापेमारी की गई।

### दरवाजा तोड़कर घर में चोरी, एक लाख के सामान ले भागे बदमाश

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र के कमड़े स्थित सत्येंद्र कुमार के आवास में चोरी का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में सत्येंद्र कुमार ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। सत्येंद्र कुमार ने शुक्रवार को कहा कि ताला तोड़ कर चोर तीन चांदी का सिक्का, चांदी का जेवर, सोने की एक अंगूठी, सिलेंडर गैस, घर में लगे नल सहित अन्य सामान लेकर फरार हो गये । उन्होंने कहा कि इससे पहले भी तीन माह पहले मेरे घर में चोरी हो चुकी है। चोर बालकनी में चढ़कर दरवाजा तोड़कर घर में घुसे और चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। उन्होंने कहा कि वह अपने पूरे परिवार के साथ बाहर गए हुए थे। वापस लौटने पर देखा कि दरवाजे का ताला टूटा हुआ है और चोरी हुई है। उन्होंने बताया कि लगभग एक लाख के आसपास के सामान की चोरी हुई है। रातू थाना प्रभारी में बताया कि वारदात की जांच-पड़ताल की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल जा रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### चान्हो प्रखंड के विभिन्न गांवों में डॉ परमेश्वर भगत ने किया जनसंपर्क



**चान्हो।** शुक्रवार को पूर्व डीडीसी सह विधायक प्रत्याशी डॉ परमेश्वर भगत ने सुबह सुबह चान्हो प्रखंड के पतरातु पंचायत अंतर्गत ग्राम सरई टोली, तेतर टोली, चारा, बरगडहा में लोगो से मिलकर सीधे संवाद कर जनसंपर्क अभियान चलाया। तत्पश्चात इन्होंने बीते दिन हाथियों के द्वारा किसानो का फसलों और घरों को बर्बाद किया उसका भी निरीक्षण करने घने जंगल में पहुंचे। डॉ परमेश्वर भगत जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों से अपनी नीतियों एवं सिद्धांतों पर जोर देते हुए अपील किया कि एक बार सेवा करने का मौका दे, आपकी प्रत्येक दुःख सुख में आपके समक्ष उपस्थित रहूंगा। ज्ञात हो कि पूर्व डीडीसी डॉ परमेश्वर भगत का चुनाव चिन्ह एअर कंडीशनर छाप क्रम संख्या 10 है।

### देवेंद्रनाथ महतो ने किया पोलिंग मैनेजमेंट की बैठक



**सिल्ली।** राज्य का माहौल त्योहारों के साथ चुनावी रंग में रंग चुका है। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा भी अपने चुनावी रेस में है। सिल्ली विधानसभा क्षेत्र इस चुनाव में काफी होट चुनावी क्षेत्र बन गया है। एनडीए और इंडिया एलाइंस के प्रत्याशी के बाद झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो के उतरने से रोमांचित मुकाबला हो गया है। प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो ने अपने विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों का प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न किया। सोनाहातु प्रखंड में राधा रानी मैदान बांकु, सिल्ली प्रखंड का बैठक सिंहपुर मुरी एवं राहे प्रखंड का बैठक शिवटांगरा मैदान में सम्पन्न किया गया। बैठक में दीपावली, सोहराय, बरदखुंटा का शुभकामना सहित मुख्य रूप से पोलिंग बूथ मैनेजमेंट पर गहन चर्चा किया गया। सभी पोलिंग स्टेशन का प्रभारी और सह प्रभारी का चयन किया गया। चुनावी रणनीति पर बात किया गया।बताते चलें की कृष्णा महतो का विधानसभा स्तरीय प्रभारी और सह प्रभारी में काम जीत सिंह मुंडा एवं संयोजक में ठाकुर दास मुंडा को चयन किया गया। घर घर अपने चुनाव चिन्ह कैंची छाप का संदेश प्रसारित करने को कहा गया।

### भाजपा के चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन



चान्हो/ मांडर। प्रखण्ड के चान्हो,बीजूपाड़ा, मांडर और टांगरबसली में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, जिला उपाध्यक्ष सुधाकर चौबे और प्रत्याशी सन्नी टोप्पो ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में बोलते हुए पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने कहा कि मांडर विधानसभा में फिर से जीत का परचम लहराना है। भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो ने भी कार्यकताओं ने जोश भरा।चालन राम बालक ठाकुर ने किया। मौके पर नेहा सिंह, जगराम उराँव, सतीश पांडेय, मुकेश प्रसाद, राम बालक ठाकुर, गोपाल उरांव, सुखदेव भगत, गयाना उरां व, बबलू गोप, अयोध्या सिंह, विष्णु तिवारी, कलिंदर साहू, विजय खलखो, रामचंद्र भगत, राजनाथ सिंह समेत सैंकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

### झारखंड ओपन कराटे चैंपियनशिप आज से, 430 खिलाड़ी होंगे शामिल

**रांची।** सिकोकई कराटे इंटरनेशनल झारखंड एवं इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार से रांची के संत जोसेफ क्लब में 11वीं इमा कप सिकोकई झारखंड ओपन कराटे चैंपियनशिप का आयोजन होना है. उदघाटन एक बजे किया जायेगा. चैंपियनशिप की तैयारी पूरी कर ली गयी है. इमा के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने बताया कि इस चैंपियनशिप में पूरे राज्य से लगभग 430 कराटे खिलाड़ी भाग लेंगे. इसमें सब जूनियर कैडेट, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में प्रतियोगिता होगी. कुल 70 स्वर्ण पदक के लिए खिलाड़ी आपस में भिड़ेंगे. वहीं खिलाड़ियों की सुविधा के लिए प्रत्येक स्पर्धा के लिए समय सीमा तय कर दी गयी है जिससे खिलाड़ियों को अधिक समय तक प्रतियोगिता स्थल पर रहना नहीं पड़ेगा.

# हमारा लक्ष्य भाजपा को हराना है : केसी वेणुगोपाल




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि इस देश में संविधान की रक्षा बहुत बड़ा मुद्दा है। हमारा लक्ष्य साफ है कि भाजपा को हराना है। हमारी चुनावी तैयारी क्या है यह लगातार समीक्षा करनी होगी। हम एक परिवार की तरह है और कांग्रेस कार्यकताओं, नेताओं के सुख-दुख हमारे हैं। कांग्रेस की जीत ही हमारा लक्ष्य है। वे शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस के संवाद कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। वेणुगोपाल ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य संविधान में बदलाव है लेकिन लोकसभा चुनाव के परिणाम ने उन्हें हताश कर दिया है। कांग्रेस के हर छोटे बड़े नेता को साथ मिलकर यह लड़ाई लड़नी है। देश का आम आदमी हमारे साथ है। भाजपा को अमीर वर्गों का भरपूर समर्थन है। भाजपा मुद्दों से हटाने के लिए हिंदू मुस्लिम की बात करती है। झारखंड में महागठबंधन की सरकार आपके प्रयास से पुनः बननी चाहिए। भाजपा के लिए झारखंड एजेंडा है। झारखंड को दिल्ली से चलाने की तैयारी है, झारखंड से नहीं जबकि यहां की सत्ता झारखंडी के हाथ में होनी चाहिए। साथ ही कहा कि झारखंड में कांग्रेस-झामुमो गठबंधन की सरकार अच्छा काम कर रही है। झारखंड की जनता इंडी गठबंधन को पूर्ण बहुमत से विजयी बनाएगी। इस बार और बड़ा जनादेश लेकर हम झारखंड में सरकार बनाने जा रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि झारखंड के चुनाव पर राहुल गांधी की गंभीर दृष्टि है। चुनाव के संबंध में लगातार जानकारी लेकर चर्चा कर रहे हैं। यह चुनाव सिर्फ सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि भाजपा के खिलाफ सीधी लड़ाई है। इस चुनाव में जीत से नफरती ताकतों के सामने हमारी एकता साबित होगी। लोकसभा चुनाव के दौरान संविधान विरोधी ताकतों के खिलाफ हमें एकजुट रहे वह एकजुटता बरकरार रखते हुए हमें जनता के बीच संदेश देना है कि उनके हक की लड़ाई जारी है। संवाद कार्यक्रम को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, बीके हरिप्रसाद , सप्तगिरि उलका, सीरीबेला प्रसाद, गौरव गोगोई, तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री भट्टी मालू, विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उरांव, मेनिफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष बंधु तिर्की, कैंपेन कमेटी के अध्यक्ष सुबोध कांत सहाय और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भी संबोधित किया।

### सोहराय डायर जतरा में जमकर हुई खरीदारी

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में झूमे लोग



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
जामडीह में सोहराई डायर जतरा का आयोजन किया गया। जतरा में नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एनके एरिया महाप्रबंधक सुजीत कुमार ने विशिष्ट अतिथि बेंती पंचायत की मुखिया सरिता देवी, रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगनसिंह भोगता, नरेश गंझू, विनय खलखो, रामलखन गंझू, अमृत भोगता, रंथू उरांव, जगरनाथ महतो की उपस्थिति में सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काटकर किया। इससे पूर्व सुबह में जतरा स्थल में पाहन सोमर पाहन व धनेश्वर गंझू ने पारंपरिक तरीके से विधान किया। जतरा में खिलौने, श्रृंगार प्रसाधन, पारंपरिक मिठाई सहित बच्चों के मनोरंजन के साधन उपलब्ध थे। देर शाम तक ग्रामीणों ने खरीदारी की। वही नागपुरी सांस्कृतिक आर्केस्ट्रा में कलाकार महावीर नायक, बिंदेश्वरी देवी, उर्मिला महतो, छोटेलाल बड़ाईक ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर ग्रामीणों को झूमने पर मजबूर कर दिया। जतरा में मुख्य रूप से गणेश भुइयां, प्रभाकर गंझू, शिवनारायण लोहरा, अरविंद सिंह, प्रमोद सिंह व समिति के संजय गंझू, बरतु गंझू, राजकुमार गंझू, प्रभु गंझू, शिवा गंझू, मरांडी गंझू, शिवनाथ गंझू, भीखन गंझू, देव गंझू, सुलेन्द्र गंझू, का सराहनीय योगदान रहा।

### प्रकाश के महापर्व दीपावली में रौशन हुआ बेड़ो

# मां लक्ष्मी और गणेश की पूजा अर्चना की गई



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो प्रखंड के प्रखंड मुख्यालय सहित आस-पास के गांवों में धुमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनायी गई प्रकाश पर्व दीपावली। बेड़ो प्रखंड के बेड़ो तुको, दिघिया, कुदारखो, खत्रीखटंगा, घाघरा, ईटाचिल्द्री, पुरियो, जरिया, बारीडीह, मासु, मुडामु, हरिहरपुर जामटोली, हुटार, जमनी, पंडरा, जहानाबाज, मुरतो महुगांव, टेरो, पाकलमेडी. सहित दर्जनों गांवों में दीपावली के मौके पर मिट्टी के दीयों से घरों को लोगों ने रौशन किया। दीपावली पर लोगों ने शाम को शुभ मुहूर्त में भगवान श्रीगणेश और मां लक्ष्मी की पूजा की पूरे विधि विधान से किया। वहीं लोगों ने अपने घरों व दुकानों को दीप व रंग-बिरंगे प्रकाश से सजाकर भगवान लक्ष्मी-गणेश का स्वागत किया। दीपावली को लेकर लोगों ने अपने आंगन को रंग-बिरंगे रंगोली से सजाया। जहां बच्चों ने दीपावली को लेकर काफी उत्साहित देखने को मिला। वहीं बच्चों ने मिट्टी व कार्टून का घरौंदा बनाकर दीया व ग्वालिन से सजाया। इसके साथ बच्चों ने रंग-बिरंगे पटाखें जलाकर दीपावली का आनंद लिया। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में व्यवसायियों ने पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ मां लक्ष्मी एवं भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना किया। देर शाम पूजा अर्चना के दौरान भगवान को लडडु का भोग चढ़ाया। वहीं दीपावली के मौके पर लोगों ने मिठाइयों की खूब खरीदारी की। पूजा अर्चना के बाद एक दूसरे को मिठाइयां और प्रसाद खिलाकर दीपावली की शुभकामनाएं दी। इसके पूर्व महादानी मंदिर एवं देवी मंडप को सजाकर लोगों ने विधिवत पूजा अर्चना की और मंदिरों को दीयों से रौशन किया। इस मौके पर जमकर आतिशबाजी की गई। घरों एवं प्रतिष्ठानों में विद्युत सज्जा कर लोगों ने परिवार के साथ दीपावली को यादगार बनाया।

# श्रद्धा और भक्ति के साथ बेड़ो में की गई मां काली की पूजा-अर्चना



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
श्री श्री काली पूजा आयोजन समिति बेड़ो के तत्वावधान में आयोजित मां काली की दीपावली की अर्द्धरात्रि में पूजा-अर्चना किया गया। इस मौके पर पुरोहित अक्षय घोषाल एवं यजमान सत्यजीत शर्मा के द्वारा माँ काली का मंत्रोचारण के साथ के द्वारा मां काली का पट खोला गया। पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ मां काली के मंत्रोच्चार के बीच पूजा अनुष्ठान संपन्न किया गया। पूजा अर्चना के बाद मां काली का आरती किया गया और प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर श्री श्री काली पूजा आयोजन समिति के तत्वावधान में मां काली की विधिवत महाआरती का आयोजन किया गया। इधर सांई मंदिर रोड रानीबगान मे काली पुजा समिति द्वारा पंडाल बनाकर मां काली की प्रतिमा स्थापित किया और मां काली की पूजा अर्चना की। वही मनोरंजन देवघरिया, चायना देवघरिया एवं नितीश देवघरिया ने भी अपने घर में निजी तौर पर मां काली की प्रतिमा स्थापित कर पुजा अर्चना किया। जहां मां के दर्शन और पूजन के लिए पूजा पंडालों में दूसरे दिन मंगलवार को बड़ी संख्या श्रद्धालुओं ने मां काली का दर्शन किया। पूजा महासमिति द्वारा शुक्रवार की शाम में भोग भंडारे के दौरान खिचड़ी का वितरण किया । जबकि शनिवार संध्या में मां काली की प्रतिमा का पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ शोभायात्रा निकालकर विसर्जन किया जायेगा। तीन दिवसीय काली पूजा को सम्पन्न करने एवं महत्वपूर्ण योगदान देने में मुख्य रूप से सुभाष चन्द्र शर्मा, वाणी कुमार राय, विजय सहाय और सुभाष महतो सहित अन्य लोग जुटे हैं।

# बोकारो में पटाखों की दुकान में लगी आग, 50 दुकानें हुईं खाक



**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो**
जिला के चास मुख्य सड़क पर गरगा पुल के किनारे लगे 66 पटाखों की दुकान में अचानक आग लग गई। इस घटना में लगभग 50 दुकानें जलकर खाक हो गईं। हालांकि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बीएसएल और झारखंड अग्निशमन विभाग के चार फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया।
इस हादसे को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दुकानों में आग लगने पर वहां रखे पटाखों में धमाके होने लगे और रॉकेट चलने लगे। जिस कारण दुकानदारों और ग्राहकों में भगदड़ मच गई। आग से पटाखे जलने के कारण काफी देर तक वहां पर अफरातफरी का माहौल रहा। इसके बाद इस हादसे की सूचना प्रशासन को दी गयी। जिला प्रशासन की अनुमति के बाद पास में भीड़भाड़ वाला इलाका होने के कारण गरगा पुल के पास स्थित खाली जगह में पटाखे की दुकानें अस्थायी तौर पर लगाई जाती है। जहां चास के अलावा बोकारो स्टील सिटी के विभिन्न सेक्टरों के लोग आकर पटाखे की खरीदारी करते हैं। जिला प्रशासन ने अनुमति तो दे दी है लेकिन सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं। इस संबंध में अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी ने कहा कि दुकानें अस्थायी हैं। इसलिए खुली जगह पर दुकान लगाने की अनुमति दी गई है।

# दीपावली मिलन समारोह में शामिल हुए खलारी के भाजपा कार्यकर्ता



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी के केडी आवासीय कालोनी में भाजपा कार्यकर्ता दीपावली मिलन समारोह में शामिल हुए। मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में आगामी चुनाव की तैयारियों और रणनीतियों पर विचार विमर्श किया गया। जानकारी दी गई कि शनिवार को केडी हिन्दूगढ़ी चौक के निकट भाजपा का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन अपराह्न में किया जाएगा। कार्यकताओं ने एक दूसरे को दीवाली की बधाई दी। कार्यक्रम में बिहार से आई भाजपा महिला मोर्चा की महिला कार्यकताएं भी सम्मिलित हुई। मिलन समारोह में षामिल होने वालों में बिहार प्रदेश कार्यसमिति की रूबी दास, जिप सदस्य सरस्वती देवी, किरण देवी, ममता देवी, सरोजिनी देवी, प्रीतम साहू, रामसूरत यादव, जीतेन्द्रनाथ पांडेय, रघुनाथ गुप्ता, राजू गुप्ता, भरत रजक, राजू सिंह, विकासकुमार सिंह, दिलीप पासवान, रवीन्द्र पासवान, नागदेव सिंह, पुतुल झा, मनोज जायसवाल, गणेशकुमार महतो, साबा प्रमाणिक, प्रताप यादव, दिलीप गंझू, प्रमोद प्रजापति, भरत प्रजापति, उदयप्रताप सिंह, शिव चौधरी, नेपाल सिंह, मुकेश सिंह, रवीन्द्र मुंडा, संतोष दुबे, सुरेश साव, बीना देवी, अनिता देवी, सोनी देवी, नेहा कुमारी, संगीता देवी, शांति कुमारी, खुशी कुमारी सहित अन्य शामिल थे।

## एक नजर

### निर्दलीय शालिनी गुप्ता ने विभिन्न गांवों में जनसंपर्क कर मांगा समर्थन

**मरकच्चो।** कोडरमा विधानसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी शालिनी गुप्ता ने जनसंपर्क अभियान के तहत प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इसमें देवीपुर, बरियारडीह, डोगोडीह, लालुडीह, नावाडीह, तोलखार, बकासपुरा, दरदाही, तेलोडीह, योगीडीह, सोनेडीह, कादोडीह, मुर्कमनाय जैसे गांव शामिल है। उन्होंने जनता से आशीर्वाद और समर्थन मांगा। इस दौरान शालिनी का जगह-जगह जोरदार स्वागत हुआ। उन्होंने कहा कि वह उनकी बेटी, बहन और बहू की तरह हैं और उन्हीं के समर्थन से वह क्षेत्र में औद्योगिक विकास, रोजगार और पलायन रोकने का संकल्प लेकर चुनावी मैदान में उतरी हैं।

### मखदुमपुर विधायक सतीश दास ने राजद के लिए मांगा वोट

**मरकच्चो।** राजद प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव के पक्ष में शुक्रवार को प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में बिहार के मखदुमपुर के विधायक सतीश दास ने जनसंपर्क अभियान चलाकर वोट मांगें। उन्होंने विधानसभा के जनता मालिकों से संविधान बचाने और लालू प्रसाद यादव की सींची गयी जमीन कोडरमा में मौकापरस्त और जाति-धर्म के नाम पर बांटने वालों के खिलाफ वोट करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कोडरमा में राजद अपनी विचारधारा के बदौलत समाज मे एकता कायम कर जनता के बीच आई है। जनता मालिकों के लिए सुभाष प्रसाद यादव ने सेवा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। जनता इस बार कोडरमा में बदलाव के लिए अग्रसर है और राजद के गढ़ को मजबूत आवाज विधानसभा में भेजने को आतुर है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ तीन दिनी पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव संपन्न

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने जिला प्रशासन द्वारा स्वीप कोषांग के तहत ब्लॉक मैदान,झुमरी तिलैया में निर्वाचन थीम पर आयोजित तीन दिनी पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव मंगलवार को संपन्न हो गया। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी मेघा भारद्वाज,डीएफओ सौमित्र शुक्ला, व्यय प्रेक्षक सुरेन्द्र कुमार मीणा, डीडीसी ऋतुराज,एसी पूनम कुजुर शामिल हुए। इसमें युवा से लेकर बुजुर्ग मतदाताओं ने हिस्सा लिया और स्टॉल में विभिन्न बुक्स का लाभ उठाया। अंतिम दिन विभिन्न स्कूली बच्चों ने निर्वाचन थीम और लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व,देशभक्ति गाने पर नाटक, नृत्य,गायन प्रस्तुत किया और वाहवाही लूटी।

जिले भर में दीपावली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया

## माता लक्ष्मी की पूजा-अर्चना से जीवन में आती है खुशहाली : मिथलेश तिवारी



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** रामगढ़ जिले में 31 अक्टूबर को दीपों का पर्व दीपावली उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया. इस मौके पर लोगों ने धन की देवी माता लक्ष्मी व भगवान गणेश की विधि पूर्वक पूजा अर्चना कर उनसे खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की. पूजा अर्चना संपन्न करवाते हुए पुजारी मिथलेश तिवारी ने कहा कि जो भी श्रद्धालु माता लक्ष्मी की दीपावली पर विधि पूर्वक पूजा अर्चना करते हैं माता उनकी संकट दूर कर उन्हें खुशहाल बनाती हैं. वहीं, भगवान गणेश के पूजन से जीवन सुखमय होता है. वहीं, देरशाम लोगों ने अपने परिजनों व मित्रों के साथ जमकर आतिशबाजी कर दीपावली मनाई. इस मौके पर बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। बच्चों सुबह से ही पटाखे खरीदने में जुटे थे। शाम के समय बाजारों में काफी भीड़ देखा गया गया। इस मौके पर लोगों के घरों में कई तरह के विशेष पकवान बनाये गए. जिसका लोगों ने सामूहिक लुत्फ उठाया. साथ हो लोगों ने अपने करीबियों को दीपावली पर उपहार भी प्रदान किया।

निवर्तमान विधायक एवं सपा प्रत्याशी का चुनावी दौरा जारी, कहा

## यह हमारा आखिरी चुनाव है, अधूरे काम को पूरा करने का एक बार और मौका दें



*कहा, कार्यकाल के दौरान बरही विधानसभा क्षेत्र को भयमुक्त बनाने का काम किया, नाली गली के स्थान पर बड़े पुल और लंबी सड़कें बनवाई*

**नवीनं मेल संवाददाता। बरही** विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार अभियान जोर पकड़ने लगा है. शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सह निवर्तमान विधायक उमाशंकर अकेला यादव कोयली, रसोईया धमना, बेंदगी गौरियाकरमा आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की. उन्होंने कहा कि यह उनका अंतिम चुनाव है और उनके अधूरे कार्य को करने के लिए एक बार उनका समर्थन करें. अपने कार्यकाल के दौरान बरही विधानसभा को भयमुक्त बनाने का काम किया. नली गली के स्थान पर बड़े पुल और लंबे सड़क बनवाए. सैकड़ों झंझावतों के बीच बरही में पानी आपूर्ति का कार्य को अंतिम चरण तक पहुंचाया. विस्थापितो के मुद्दे को जोरदार तरीको से उठाया, जिसमे काफी हद तक सफलता भी मिली है. इसके साथ ही बिजली और राशन वितरण व्यवस्था दुरुस्त कार्रवाई. बरही अनुमंडलीय अस्पताल में पोस्टमार्टम हाउस, एक्सरे आदि सुविधाओ को बहाल करवाया. पांडेयबारा में डिग्री कॉलेज के लिए स्वीकृति आदि सहित कई कार्य करवाए. उन्होंने कहा कि बरही की जलापूर्ति पूर्ण करवाना, शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त करवाना, विस्थापितो को पूर्ण हक दिलवाना, सिंचाई की समुचित व्यवस्था करवाना, बेरोजगारों के लिए रोजगार इत्यादि कई कार्य अभी भी अधूरे है. इस दिशा में कार्य करने के लिए उन्हे एक बार फिर से मौका दे, जिसे मूर्त रूप दिया जा सके. उन्होंने कहा कि यह उनका अंतिम चुनाव है, अपने वायदे को पूरा करने और जनता के मान सम्मान व अधिकार के लिए वह सदैव समर्पित थे और आगे भी रहेंगे.

## न्यूज बॉक्स

### सरदार वल्लभभाई पटेल की 149वीं जयंती पर पूर्व सांसद ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**हजारीबाग ।** भारत के लोह पुरुष और पूर्व उप प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 149वीं जयंती हजारीबाग में धूमधाम से मनाई गई। शहर के इंद्रपुरी चौक स्थित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता और हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने अपने कार्यकताओं के साथ सरदार वल्लभभाई पटेल के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने एक सूत्र में देशी रियासत और भारत को बांधने का काम किया जिसे आज पूरा विश्व याद करता है लेकिन भारत की अखंडता एकता को बचाने का ठेका जिन राजनीतिक दलों ने लिया है वह एकता और अखंडता को बचाने के बजाय टुकड़े-टुकड़े करने में लगे हुए हैं। सरदार वल्लभभाई पटेल के सपने आज तर तर नजर होता आ रहा है देश को हिंदू मुस्लिम में बांटा जा रहा है जिसे मैं विरोध करता हूं।

### जुम्मे की नमाज के बाद गांव वालों से मिले महमूद आलम, जनसमस्याओं पर की चर्चा



**बिष्णुगढ़।** मांडू विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार और झारखंड आंदोलनकारी महमूद आलम ने टाटीझरिया प्रखंड के केसड़ा गांव में जुम्मे की नमाज अदा करने के बाद ग्रामीणों से मुलाकात की। राष्ट्रीय जनक्रांति मोर्चा के बैनर तले चुनाव लड़ रहे आलम ने इस दौरान ग्रामीणों से उनकी समस्याओं पर चर्चा की और अपने चुनावी मुद्दों पर जोर दिया। इस मुलाकात में आलम ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि अगर वह चुनाव में विजयी होते हैं, तो क्षेत्र में मजदूरों का पलायन, शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, बिजली और सड़कों जैसी बुनियादी समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि उनके संघर्ष का उद्देश्य केवल सत्ता में आना नहीं है, बल्कि जनता के लिए न्याय और मूलभूत सुविधाओं का हक सुनिश्चित करना है। केसड़ा गांव की मुलाकात में आलम ने यह भी बताया कि उनका राजनीतिक संघर्ष झारखंड आंदोलन की विचारधारा से प्रेरित है, और वह अपनी पहचान और संसाधनों के अधिकार के लिए संघर्षरत रहेंगे।

### बरकट्ठा में धूमधाम से मनी काली पूजा



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र में गत गुरुवार को काली पूजा और दीपावाली का पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बरकट्ठा बाजार, शिलाडीह समेत अन्य काली मंदिर व विभिन्न दुकानों में लोगों ने श्रद्धा भाव के साथ पूजा अर्चना की।वहीं पर्व के दिन दुकान के बाहर लोगों ने फूल और लाइट से दुकानों का सजाया। वहीं शाम ढलते ही आस पास का क्षेत्र पटाखें की शोर में तब्दील हो गया और पटाखों से आसमान को रोशन कर दिया। साथ ही सड़कों पर रंगीन रोशनी देखने को नजारा मिला। इस दौरान कन्याओं ने अपने घर के पास आकर्षक रंगोली बनाएं । वहीं बरकट्ठा, शिलाडीह काली मंदिर में बकरा को बलि देकर पूजा अर्चना की गई और खिचड़ी का वितरण किया गया। पुजारी बालेश्वर पांडेय ने बताया कि शिलाड़ीह काली पूजा का इतिहास काफी पुराना है। यहां कई वर्षों पूर्व खपरैल के मंदिर में पूजा हुआ करती थी जिसे ग्रामीण अपने आस्था के साथ यहां पूजा पाठ करते थे और भगवान से मन्नत मांगते थे। मौके पर अध्यक्ष बाबूलाल पांडेय, सचिव राजकुमार गिरी, कोषाध्यक्ष सूरज देव प्रजापति, संजय लामा, राजन चौधरी, रामेश्वर राम के अलावा कई लोग मौजूद थे।

सिंबल आवंटन के बाद प्रत्याशी जोर-शोर से जुटे चुनावी समर में

## लोगों को लुभाने के लिए कर रहे हैं तरह-तरह वादे



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** विधानसभा चुनाव में सिंबल आवंटन के बाद चुनावी समर में प्रत्याशी लोग जोर शोर से जुट गये हैं। मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए तरह-तरह के वादे, घोषणाएं करते देखे जा रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी सह विधायक अमित कुमार यादव ने शुक्रवार को अपने कार्यकताओं के साथ बरकट्ठा प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा कर जनता से आशीर्वाद मांगा। साथ ही विधायक ने पचफेड़ी चौक स्थित बेडोकला मंडल का चुनावी कार्यलय का उद्घाटन नारियल फोड़कर और फीता काटकर किया। उन्होंने प्रखंड के बरवां, सलैया, पचफेडी चौक, पैसरा गयपहाडी, कलहाबाद, झिंगीबराई, गंगपाचो, किमनियां, बसरिया, मासीपीढी, कपका, बुचई समेत कई गांव का दौरा कर लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील की। कहा कि झारखंड में बीते पांच साल से हेमंत सरकार से लोग भय के माहौल में जी रहे हैं। बहन बेटियों की सुरक्षा भी हेंमत सरकार नहीं कर पाई। इसलिए माटी बेटी और रोटी के लिए भाजपा को वोट दें। भाजपा ही देती है सुरक्षा की गारंटी। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रमेश्वर साव, भोला प्रसाद, टुकलाल नायक, रीतलाल प्रसाद, भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष टिंकू प्रसाद, उपाध्यक्ष राजकुमार मंडल, रीतलाल चौधरी, भाजपा किसान मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष छोटेलाल प्रसाद, रघुवीर प्रसाद, झब्बू चौधरी, सुरेन्द्र पासवान,समन ठाकुर, जागेश्वर प्रसाद, उमेश यादव, मुखिया प्रतिनिधि सरयू प्रसाद, सरयू यादव, महादेव यादव, नारायण प्रसाद, मुरली प्रसाद, सुरेश राम समेत आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा प्रत्याशी अपनी हार निश्चित मान केंद्रीय नेताओं पर आश्रित हो गए हैं : केदार



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** विधानसभा बरकट्ठा (20) विधानसभा चुनाव में बीस उम्मीदवारों में एक नारी सब पर भारी हो रही है। उक्त बातें भाजपा के पूर्व सांसद प्रतिनिधि सह पूर्व जिप प्रतिनिधि केदार साव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा की किरकिरी हो गई है। भाजपा नेत्री सह जिप सदस्य कुमकुम देवी को चुनाव मैदान से हटाने के असफल प्रयास के बाद अब एक महिला प्रत्याशी के विरुद्ध देश के दूसरे नंबर के केंद्रीय नेता को बरकट्ठा में लाना पड़ रहा है। बरकट्ठा विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी अपना हार निश्चित मान केन्द्रीय नेताओं पर आश्रित हो गये हैं। उन्होंने कहा कि अपने खिसकते जनाधार बचाने का असफल प्रयास भाजपा कर रही है। लेकिन बरकट्ठा की देवतुल्य जनता ठान चुकी है कि इस बार बरकट्ठा में फूल नहीं फल चलेगा। स्थानीय विधायक एवं राज्य सरकार के क्षेत्र छाया में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच चुकी है, बरकट्ठा विधानसभा में जन समस्याओं का अंबार है, इसके कारण पूर्व एवं वर्तमान विधायक से आम जनता आक्रोशित होकर तीसरे विकल्प की ओर बढ़ चुकी है। किसी भी हालत में बरकट्ठा की जनता किसी के बहकावे में नहीं आने वाली है। इस बार कुमकुम देवी भारी मतों से जीत दर्ज करेगी।

निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने की प्रेस वार्ता, कहा

## हजारीबाग की जनता का साथ और विश्वास को मैं कभी नहीं तोड़ूंगा



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने चुनाव में चल रही चुनौतियों, संघर्ष और जनता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर विस्तार से चर्चा में रखा। हर्ष अजमेरा ने अपने संबोधन में सबसे पहले कहा कि मैं ना पहले झुका हूं और ना कभी भविष्य में झुकूंगा। मेरे खिलाफ चाहे जितने भी षड्यंत्र हों, चाहे कितने भी हथकंडे अपनाए जाएं, लेकिन मैं अपनी दृढ़ता के साथ इस चुनाव में डटा रहूंगा। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में उनका खड़ा होना उनकी व्यक्तिगत इच्छा या स्वार्थ नहीं है, बल्कि यह हजारीबाग की जनता की भावना और समर्थन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल मेरा नहीं है, बल्कि हजारीबाग के युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं का है। मेरी उम्मीदवारी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि एक आंदोलन की तरह है, जो समाज के हर तबके की आवाज बनकर खड़ा है।

हेठली डेबो के प्रवासी मजदूर की सूरत में मौत

## ठेकेदार ने मुआवजा देने से किया इनकार



*मृतक के परिजनों की पारिवारिक स्थिति अत्यंत नाजुक है, बताया कि दो माह पूर्व भीखों काम करने के लिए गया था, जहां अचानक तबीयत खराब हुई और देहांत हो गया*

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** चेचकपी पंचायत के ग्राम हेठलीडेबो में प्रवासी मजदूर भीखो सिंह 45 वर्ष ,पिता सीताराम सिंह का सूरत स्थित बाटली सीएनजी में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं परिजनों ने इसकी सूचना मुखिया रीता देवी तथा मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव दी। तत्पश्चात दोनों जनप्रतिनिधि पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर उन्हें आर्थिक सहयोग किया ताकि मृतक का शव घर लाया जा सके। बताते चलें कि मृतक की पारिवारिक स्थिति अत्यंत नाजुक है। परिजनों ने बताया कि दो माह पूर्व भीखों काम करने के लिए गया था जहां अचानक तबीयत खराब हुई और देहांत हो गया। वहीं मुखिया प्रतिनिधि ने ठेकेदार से बात करने के प्रयास किया तो वह आनाकानी करके बोला कि मेरे साइड पर इसकी मौत नहीं हुई है इसलिए मैं मुआवजा नहीं दे सकता हूं। तत्पश्चात उन्होंने मदद के लिए कई जनप्रतिनिधि से सम्पर्क किया लेकिन कोई साकारात्मक जवाब नहीं मिला। फिर उन्होंने झामुमो के उम्मीदवार जानकी प्रसाद यादव को फोन किया तो वे सहयोग के लिए मान गये। इस कार्य के लिए ग्रामीणों ने मुखिया प्रतिनिधि तथा जानकी प्रसाद यादव का आभार प्रकट किया। मौके पर वार्ड सदस्य तिलक सिंह कपिल देव सिंह, कृष्णदेव सिंह, सुजीया देवी, देवंती देवी, अनीता देव, भादे सिंह, भुनेश्वर सिंह ,झाबुलाल सिंह तथा कई ग्रामीण उपस्थित थे।

चेन छिनतई व लूटपाट में शामिल दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## आरोपियों के पास से दो बाइक और 3670 रुपये नकद बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि 31 अक्टूबर को उन्हें गुप्त सूचना मिली की रामगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम कोठार में महतो पेट्रोल पम्प के पास लाहरबारी स्थित अभिषेक कुमार साव, पिता-स्व राजु साव के मकान में कोढ़ा गिरोह के दो सक्रिय सदस्य किराये पर कमरा लेकर रह रहे है और दीपावली के अवसर पर रामगढ़ में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने का योजना बना रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा कोढ़ा गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अभिषेक कुमार साव के घर के आस पास छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान के दौरान पुलिस बल को देख एक व्यक्ति घबरा कर अपने साथी के साथ भागने का प्रयास करने लगा। तभी पुलिस बल द्वारा दोनों व्यक्तियों को पकड़ा गया।

पकड़ाये व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम पता 1. मोनु कुमार यादव उम्र 28 वर्ष पिता-स्व राज कुमार यादव ग्राम-नयाटोला, जुराबगंज थाना-कोढ़ा जिला-कटिहार (बिहार) एवं 2. सोनु कुमार यादव उम्र 30 वर्ष पिता-स्व बल्ला यादव ग्राम-नयाटोला, जुराबगंज थाना-कोढ़ा जिला-कटिहार (बिहार) बताया। पकड़ाये दोनों व्यक्ति से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि वे मूल रूप से बिहार के कोढ़ा (कटिहार) के रहने वाले है तथा कोढ़ा गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं और ये दोनो विगत एक वर्ष में कोडरमा, हजारीबाग, रामगढ़, बोकारो जिला के कई जगहों पर चैन छिनतई एवं बैंक से पैसा निकासी कर ले जाने वाले व्यक्तियों से रूपयों की छिनतई जैसी घटना को अंजाम दिये हैं।

आस्था : हजारीबाग यूथ विंग का छठ व्रतियों के लिए विशेष आयोजन

## चार नवंबर को सूप एवं पूजन सामग्री का किया जाएगा वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** शहर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था, हजारीबाग यूथ विंग, छठ महापर्व के शुभ अवसर पर चार नवंबर को बड़ा बाजार स्थित पंजाब नेशनल बैंक के समीप छठ व्रतियों के लिए विशेष सूप वितरण कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। इस कार्यक्रम में व्रतियों को मात्र 11 रुपए की सहयोग राशि में एक सूप के साथ एक नारियल, सिंदूर, रोड़ी, कपूर, जाफर, काफर, काठ बादाम, कमल गोटा, लौंग, इलायची, बड़ी इलायची, छुहारा, मखाना, घी, रुई बत्ती, धूपबत्ती, सुपारी, आरत पत्ता और माचिस दी जाएगी। इस कार्यक्रम की बुकिंग एवं कूपन वितरण शुक्रवार से प्रारंभ हो गया है और यह कूपन मात्र 11 रुपए में उपलब्ध कराया गया है। कूपन का वितरण तीन नवंबर को संध्या 6:00 बजे तक पंजाब नेशनल बैंक, बड़ा बाजार चौक, डिश टीवी ऑफिस के सामने किया जा रहा है। चार नवंबर को मुख्य कार्यक्रम सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा, हमारी संस्था का उद्देश्य छठ व्रतियों की श्रद्धा को समर्थन देना और उन्हें आवश्यक सामग्री सुलभता से प्रदान करना है। छठ महापर्व हमारे समाज के सामूहिक मूल्यों का प्रतीक है, और हम इसे संजीवनी प्रदान करने का हर संभव प्रयास करेंगे। हजारीबाग यूथ विंग के अध्यक्ष करण जायसवाल ने बताया हमारे द्वारा शुरू किए गए इस पहल का मकसद समाज को एकजुट कर त्यौहार की भावना को मजबूत करना है। छठ व्रतियों की सुविधा के लिए मात्र 11 रुपए में सूप सामग्री प्रदान की जा रही है, जो इस महापर्व में हमारी ओर से एक छोटी सी सेवा है।

रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए जेएलकेएम ने नियुक्त किया चुनाव प्रभारी

## झारखंड में पहला अधिकार स्थानीय लोगों का होना चाहिए



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष मोतीलाल महतो ने रामगढ़ विधानसभा चुनाव 2024 के लिए चुनाव प्रबंधन समिति के रूप में 23- रामगढ़ विधानसभा चुनाव को सफल बनाने के लिए एवं अधिक मतों से जीत सहित तमाम बिंदुओं को लेकर चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। चुनाव प्रभारी में मुख्य रूप से आनंद कटियार, लालू प्रसाद, संतोष महतो, संतोष ठाकुर, पांडव कुमार, त्रिभुवन महतो, संजय कुमार, सहदेव महतो और देवानंद महतो को बनाया गया है। रामगढ़ विधानसभा चुनाव उपरोक्त व्यक्तियों के देख रेख में जेएलकेएम लड़ेगी। चुनाव प्रभारी रामगढ़ विधानसभा में सभी संप्रदाय के लोगों के साथ आपसी समन्वय बनाकर पूरे विधानसभा में संगठन को सशक्त/ मजबूत बनाते हुए सभी से अपील एवं गुजारिश है कि टाइगर जयराम महतो के हाथों को मजबूत करने के लिए रामगढ़ विधानसभा में कैंची छाप पर वोट देकर जेएलकेएम प्रत्याशी को विजय बनाएं। पार्टी के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष ने कहा कि झारखंड में नीति नियम को सुदृढ़ करने के लिए झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रत्याशियों को विधानसभा भेजें। उन्होंने कहा कि ऐसा होने पर झारखंड के गरीब, शोषित, पीड़ित, वंचित, आदिवासी, मूलवासी को अपना हक अधिकार व सम्मान तथा खतियान आधारित नियोजन नीति लागू हो सकेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में पहला अधिकार स्थानीय लोगों का होना चाहिए। नौकरियों में 75% स्थानीय लोगों का हक और अधिकार मिलना चाहिए। कहा कि झारखंड का विकास टाइगर जयराम महतो के हाथों ही संभव है।

# दीये की सतरंगी रोशनी से जगमगाया सिमडेगा जिला



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** दीये का पर्व दीपावली गुरुवार को पूरे जिले भर में श्रद्धा-उल्लास के साथ मनाया गया। माटी के दीये की सप्तरंगी रोशनी से शहर से लेकर गांव तक जगमग हो उठा। लोगों ने जमकर आतिशबाजियां की, पूरा आसमान रंग-बिरंगी रोशनी से प्रकाशमान होता रहा। दीपावली को लेकर घर-घर में उत्साह का वातवरण बना रहा। लोग सुबह से ही दीपावली की तैयारी में जुटे रहे। लोगों ने फूलों से घर के मुख्य गेट पे साज-सजावट की। प्रवेश द्वार पर आकर्षक रंगोली बनाई गई। वहीं अधिकांश घरों में विद्युत लरियों से भी सजाया गया था। शहर में भी व्यवसायिक प्रतिष्ठान आकर्षक ढंग से सजाए गए थे। कारोबारियों ने अपने-अपने प्रतिष्ठा को केले के स्तंभ, गंदा के फूल, आम के पत्तों से सजाया था। शाम होते ही संकल्प के साथ दीप प्रज्ज्वलित किए गए। तमसो मा ज्योतिर्गमय की प्रार्थना के साथ दीपावली की शुरूआत की गई। एक एक कर सभी घरों में माटी के दीये जल उठे। पूरा शहर दीये व विद्युत प्रकाश से जगमग हो गया। लोगों ने दीये जलाने के बाद एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामना दी। बधाई एवं शुभकामना देने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। वही जिले के सभी धार्मिक स्थलों में भी पूरी श्रद्धा एवं उल्लास के साथ दीपावली का पर्व मनाया गया। लोगों ने मन्दिरों में पहुंचकर दीये जलाए। एवं भगवान से परिवार एवं समाज की कुशलता की प्रार्थना की। प्रत्येक घरों में गणेश एवं लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित करते हुए विधि विधान के साथ दीपावली के मौके पर पूजन करते हुए सुख समृद्धि की प्रार्थना की गई।

## नीचे बाजार पूजा पंडाल में काली पूजा का हुआ आयोजन



शहर के नीचे बाजार स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में दीपावली अमावस्या के मौके पर मां काली की प्रतिमा स्थापित करते हुए विधि विधान के साथ पूजन किया गया, इस दौरान देर रात मध्य रात्रि को मां काली की पूजा शुरू हुई। जहां पर विधि विधान के साथ कलश स्थापना करते हुए काली की पूजा संपन्न हुई। इस दौरान यजमान के रूप में गौरव कुमार ने अपनी भूमिका निभाई। जानकारी देते हुए समिति के श्रीलाल शाह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की बात इस वर्ष भी भव्य प्रतिमा स्थापित करते हुए मां काली की पूजा की गई वहीं 3 नवंबर को विसर्जन शोभायात्रा का आयोजन करते हुए डिप्टी टोली स्थित तालाब में काली प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।

**पंडाल का निर्माण कर हुई गुलजार गली में लक्ष्मी पूजा :** दीपावली की सभी ओर धूम है तो वहीं दूसरी ओर सिमडेगा की गुलजार गली में पंडाल का निर्माण करते हुए मां लक्ष्मी गणेश एवं सरस्वती की प्रतिमा का विधि विधान के साथ पूजन किया गया। इस दौरान रात भर मंत्र कर एवं पूजन चला रहा, जानकारी देते हुए पूजा समिति के अध्यक्ष ने बताया है कि 3 दिनों तक यहां पर लक्ष्मी पूजा महोत्सव चलेगी। इसके बाद रविवार को प्रतिमा का शोभायात्रा निकालते हुए विसर्जन किया जाएगा।

**सुरक्षा में रात भर जगह-जगह तैनात रही पुलिस :** विस चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता के बीच दीपावली में लोग धूमधाम से त्योहार मनाए जिसे ध्यान में रखते हुए सिमडेगा एसपी सौरभ के निर्देश पर शहर के विभिन्न चौक चौराहे एवं विभिन्न जगहों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी, ताकि पर्व के दौरान किसी प्रकार का कोई भी माहौल खराब ना हो। इसके अलावा कंट्रोल रूम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेडिकल टीम की विशेष प्रतिनियुक्ति की गई थी, ताकि त्यौहार के दौरान आतिशबाजी या फिर किसी प्रकार का कोई दुर्घटना हो तो उसे समय पर निपटा जा सके।

## पूर्ववर्ती छात्रों ने कारीमाटी गांव में गरीब परिवारों के साथ मनाई दीपावली

**सिमडेगा।** सेंट मेरीज सामटोली के पूर्ववर्ती छात्रों के संगठन ओसमा और बोकारो के संगठन ओल्ड जेवेरिएन एसोसिएशन ट्रस्ट के पूर्व छात्रों ने बुधवार की रात में जिले के जलडेगा प्रखंड के कारीमाटी गांव में गरीब परिवारों के साथ दीपावली मनाई। ग्रामीण परिवारों को मिठाई, नए कपड़े, पटाखे बांटे। बच्चों के साथ आतिशबाजी की। बच्चों ने बहुत ही उत्साह के साथ दिवाली मनाई। ओसमा और बोक्सा ट्रस्ट बोकारो ने कारीमाटी गांव के गरीबों के जीवन में खुशियां बांटने की पहल की लोगों ने सराहना की। इससे पहले एक माह तक दोनों संस्था के प्रयास से बहुत गरीब परिवार के घरों को ठीक कराया गया था।

### माता-पिता के न रहने से वीरान हो गई दीपावली

# 3 अनाथ बहनों ने पूछा.. झूठा आश्वासन क्यों

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला को गमगीन कर देने वाली घटना अब बस यादों में रह गया, प्रभावित तीन मासुम को पुछने वाला कोई नहीं। जलडेगा प्रखंड अंतर्गत परबा पंचायत ग्राम कौआदरहा निवासी में दिनांक 14 मई 2024 को लोकसभा चुनाव करा कर लौट रही पुलिस ट्रक ने इन तीनों बहनों के माता पिता को कुचल दिया था, जिससे दोनो दंपति की मौके पर ही मौत हो गई थी, और तीनों बहने अनाथ हो गए। लगभग एक महीना तक प्रखंड प्रशासन, पुलिस प्रशासन, समाज के प्रतिनिधि से लेकर कई सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि इन बच्चियों के साथ सहानुभूति के नाम पर तस्वीरें खिंचवा कर उन्हें आश्वस्त किया था कि प्रशासन आपके हर सुख दुख में साथ खड़ी है, बच्चों को किसी भी चीज की कमी नहीं होने देंगे। लेकिन अफसोस..... दुर्गा पूजा, दीपावली जैसे बड़े बड़े त्योहारों में इन तीन अनाथ बहनों को कोई पूछा तक नहीं। दीपावली के दिन भी न तो तीनों बहनों को नया कपड़ा नसीब हुआ न ही पटाखे और मिठाई। इनकी दसा साफ बयां है कि मां - पिता का साया जब तक बच्चों के सिर पर होता है तब तक वह बूढ़ा नहीं होता है। फिर उम्र महज नंबर भर होती है। माता - पिता के ना रहने पर ही उनकी असल अहमियत और कमी का एहसास होता है।



### कैसे घटी थी घटना

ज्ञात हो कि 14 मई 2024 को कौवादरहा निवासी कपिलास सिंह अपनी पत्नी बिरसमनी देवी व एक वर्षीय दुधमुही बच्ची वैष्णवी कुमारी के साथ जलडेगा से खरीदारी कर वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी क्रम में बनजोगा सड़क टोली के निकट विपरीत दिशा से आ रहे चुनाव कार्य में लगे छत्तीसगढ़ आर्म्स पुलिस फोर्स के मालवाहक ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी बाइक सवार दंपती को रौंद दिया। जिससे महिला बिरसमनी ट्रक के अगले चक्के में दब गई, वहीं पति कपिलास सिंह और बच्ची दूर जाकर गिरे। घटना के बाद सड़क जाम हो गया। घंटों कड़ी मशक्कत के बाद जेसीबी की सहायता से महिला के शव को बाहर निकला गया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलडेगा लाया गया, जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जबकि कपिलास सिंह की मौत इलाज के दौरान राउरकेला के एक निजी अस्पताल में हो गई।

## एक नजर

### पति-पत्नी में विवाद के बाद युवक ने की आत्महत्या

**सिमडेगा।** सिमडेगा शहरी क्षेत्र के सलडेगा सरना मंदिर रोड में बुधवार की देर रात पति-पत्नी के बीच हुए विवाद में गुस्से में आकर युवक ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मृतक की पहचान रितिक शर्मा के रूप में हुई। जानकारी देते हुए मृतक की बहन ने बताया कि वह बुधवार की शाम में उसके पास अपनी पत्नी के साथ आया था और सब कुछ ठीक था अचानक वह अपने घर में किसी बात को लेकर पति पत्नी के बीच में विवाद में उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

### जामबहार गांव में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के जांबाहर गांव में शुक्रवार को किसी बात को लेकर नाराज होकर गांव के सनील विवेक सोरेग नामक युवक ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आसपास एवं परिजनों को जब जानकारी मिली तब इसकी सूचना पुलिस को दी मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और मृतक के शव को उतार कर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी देते हुए मृतक के परिजनों ने बताया कि किसी बात को लेकर वह नाराज होकर अपने ही घर में फांसी लगा लिया।

### पाकरटांड़ प्रखंड के सभागार में विस चुनाव को लेकर डीसी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

# दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं को मिलेगी नि:शुल्क परिवहन सुविधा

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में विधानसभा आम चुनाव- 2024 की मद्देनजर पाकरटांड़ प्रखंड के सभागार में चुनाव की तैयारियों से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने पाकरटांड़ प्रखंड में जितने भी कलस्टर एवं सभी मतदान केंद्रों सी.ए.पी.एफ. फॉरवर्ड बेस कैंप, जे.ए.पी./डी.ए.पी. के लिए बेस कैंप, क्लस्टर और इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम, रूट प्लान और संचार, बूथ मैनेजमेंट प्लान, ए.एम.एफ., वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग जनों के लिए परिवहन व्यवस्था, पोलिंग पार्टी के लिए फूड अरेंजमेंट, वॉलिंटियर्स की व्यवस्था, बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर की चुनाव संबंधी कार्य दायित्व से संबंधित महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।उपायुक्त ने मतदान केंद्रवार आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की बहाल से संबंधित कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में पाकरटांड़ प्रखंड अंतर्गत हल्दीबेड़ा मतदान केंद्र शौडो मतदान केंद्र है जिसके वहीं मतदान की रिपोर्ट हेतु अतिरिक्त रनर रखने की बात कहीं। उन्होंने दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं जो चलकर मतदान केंद्र तक पहुंच पाने की स्थिति में नहीं है वैसे मतदाताओं के लिए यातायात सुविधा बहाल की जायेगी। उपायुक्त ने बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को चुनाव संबंधी उनके कार्य दायित्व से अवगत कराते हुए कहा की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने में बीएलओ की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कम प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों पर बीएलओ को वोटर इनफॉरमेशन स्लिप वितरण करते समय डोर टू डोर जाकर बूथ मतदान करने के प्रति लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने वोटर इनफॉरमेशन स्लिप का डोर टू डोर जाकर वितरण से संबंधित बीएलओ जानकारी ली। इस दौरान ए.एस.डी. वोटर की भी मार्किंग की समीक्षा किया। उन्होंने सभी बीएलओ को स्वीप के तहत प्रत्येक के मतदान केंद्र स्तर पर वोटर अवेयरनेस कार्यक्रम चलाते हुए चुनाव पाठशाला, संध्या चौपाल सहित विभिन्न स्वीप कार्यक्रम का आयोजन कर मतदाताओं को वोट करने संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी मुहैया कराते हुए अपने क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बीएलओ से कहा कि पीवन दिन में ही वोटिंग कंपार्टमेंट में सभी आवश्यक फर्नीचर की लेआउट कर लेंगे। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देश देते हुए कहा कि मतदान के दिन सुबह 5:30 से राजनीतिक दल की प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मॉक पोल का प्रारंभ किया जाएगा, कम से कम 50 मॉक पोल होना है।

### उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक में शहरी क्षेत्र के मतदान केंद्रों में सुविधाओं का किया निरीक्षण

उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने विधानसभा आम चुनाव के निमित जिला में होने वाले मतदान की तैयारियों को लेकर शहरी क्षेत्र में स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भुडूटोली स्थित बूथ संख्या -161, सामुदायिक भवन, डूमरटोली बूथ संख्या -143 एवं उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, खरवाटोली बूथ संख्या-141 का निरीक्षण किया। जिसमें उपायुक्त द्वारा मतदाताओं के लिए उपलब्ध करायी जाने वाली सुविधाओं का अवलोकन किया। इन सुविधाओं में दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प, मतदाताओं के लिए पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय, आवश्यक बेंच, कुर्सी व टेबल की व्यवस्था, महिला व पुरुष मतदाताओं के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था आदि शामिल हैं।

## साप्ताहिक बाजार कोलेबिरा में कलाकारों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**सिमडेगा।** स्वीप कोषांग सिमडेगा के सौजन्य से आदिकला मंच कोलेबिरा के कलाकरों द्वारा कोलेबिरा प्रखंड के कोलेबिरा सप्ताहिक बाजार में गीत संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को दल नेता बनफूल नायक एवम् साथी कलाकारों ने आगामी 13 नवंबर 2024 को होने वाले विधानसभा चुनाव 2024 में अपने मतधिकार को जानते हुए, वोट देने की अपील की तथा बिना किसी लोभ लालच और बहकावे में आए बिना वोट देने के लिए प्रेरित किया। मौके पर कलाकारों ने गीत संगीत के माध्यम से सभी लोगों को कहा कि देश के इस महापर्व में सभी लोगों को शामिल होने की आवश्यकता है इसके लिए आप सभी अपने आसपास के लोगों को भी जागरुक करते हुए मतदान के लिए भेजे ताकि सिमडेगा जिले में शत प्रतिशत मतदान का जो लक्ष्य है उसे पूरा किया जा सके।

# वन विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध लकड़ी लदा ट्रैक्टर किया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** वन विभाग सिमडेगा के द्वारा बुधवार की देर रात गुप्त सूचना के आधार पर केरया के पास अवैध लकड़ी लदा हुआ ट्रैक्टर को जब्त किया। हालांकि मौके पर चालक घटनास्थल से फरार हो गया। जानकारी देते हुए गुरुवार को वन क्षेत्र पदाधिकारी शंभू शरण चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि ट्रैक्टर में अवैध रूप से सेंटरिंग पटरा की धुलाई की जा रही है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने छापेमारी चलाया इस दौरान केरया की ओर से आ रही ट्रैक्टर को रोकने का प्रयास किया इस दौरान दूर से ही चालक देखकर फरार हो गया। इधर मौके पर वन विभाग की टीम ने ट्रैक्टर सहित लकड़ी को जब्त करते हुए वन कार्यालय सिमडेगा लाकर उसके विरुद्ध अवैध लकड़ी तस्करी का मामला दर्ज किया है। इधर इस मामले में वन क्षेत्र पदाधिकारी ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है और ट्रैक्टर एवं लकड़ी मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि लगातार जंगलों में धड़ल्ले से हो रही कटाई को रोकने के लिए लगातार वन विभाग की टीम के द्वारा छापेमारी अभियान चलाई जाएगी, ताकि जंगल का संरक्षण हो सके।

## न्यूज बॉक्स

### स्व. इंदिरा गांधी व वल्लभ भाई पटेल देश और कांग्रेस पार्टी के धरोहर : भूषण बाड़ा



**सिमडेगा।** कांग्रेस प्रत्याशी सह विधायक भूषण बाड़ा ने पुर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उन्हें याद किया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर प्रत्याशी भूषण बाड़ा ने कहा कि दोनों महान विभूतियां देश और कांग्रेस पार्टी की धरोहर हैं। सरदार पटेल ने महात्मा गांधी जी के नेतृत्व में स्वतंत्रता आंदोलन में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वतंत्रता के उपरांत साढ़े पांच सौ से अधिक देशी रियासतों का एकीकरण भारत संघ में सफलतापूर्वक किया। आधुनिक भारत के पुलिस और प्रशासनिक तंत्र की आधारशिला उन्होंने ही रखी थी। भूषण बाड़ा ने कहा कि इंदिरा गांधी ने हमेशा समाज के वंचित और गरीब तबके को आर्थिक और सामाजिक नीतियों के केंद्र में रखा। कठिन से कठिन परिस्थितियों में सही और कड़े निर्णय लेने की असाधारण क्षमता थी। उन्होंने कहा कि देश के सबसे सशक्त व मजबूत, शक्तिशाली आयरन लेडी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के देशहित में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। देशहित में बैंकों का राष्ट्रीयकरण, कोयला उद्योग का राष्ट्रीयकरणकर गरीबी हटाओ का नारा दिया। इनके महत्वपूर्ण योगदान से देश को एक नई दिशा मिली। विधायक ने कहा कि देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री व लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल हमेशा निष्ठा और ईमानदारी के पर्याय रहे, वे भारत के आर्थिक और औद्योगिक विकास के विजन वाले दिग्गज नेता थे। भारतीय इतिहास में सरदार बल्लभ भाई पटेल एवं इंदिरा गांधी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मौके पर कई कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आम जनता उपस्थित थे।

### गायत्री परिवार और शिक्षकों ने भव्य ढंग से मनाया स्वर्ण जयंती समारोह




**सिमडेगा।** जूनियर कैम्ब्रिज स्कूल, सिमडेगा ने गुरुवार को अपने स्वर्ण जयंती वर्ष (1975-2025) के उपलक्ष्य में विशेष समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री परिवार सिमडेगा और शिक्षकों द्वारा दीप यज्ञ और सुंदरकांड पाठ के साथ किया गया, जिसमें स्कूल की प्रगति और शैक्षणिक उन्नति के लिए आशीर्वाद प्राप्त किए गए। प्रार्थना के बाद विद्यालय परिसर में पौधारोपण अभियान चलाया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता प्रकट हुई। इस अवसर का एक और प्रमुख आकर्षण 1975 के सलाहकार समिति सूची का उद्घाटन था, जो विद्यालय के ऐतिहासिक योगदान और परामर्शदात्री परंपरा को सम्मानित करने का अवसर बना।समारोह में स्कूल के निदेशक शीतल प्रसाद, प्रधानाचार्या प्रभा केरकेट्टा, संरक्षक विद्या देवी और सभी शिक्षकगण - रिजवाना, सोनी, लक्ष्मी, छोटेलाल, सुमैया, अंजू, लता, मुनरेन और देवांती उपस्थित रहे।

### कुरडेग: गेंदा फूल की खेती से ज्यादा मुनाफा कमा रहीं महिलाएं



**कुरडेग।** जेएसएलपीएस और टीआरआई का महिला सशक्तिकरण को लेकर किया जा रहा प्रयास अब सरजमीं पर दिखने लगा है इससे सबसे अच्छा उदाहरण आज दीपावली पर्व के अवसर पर कुरडेग प्रखंड मुख्यालय में गेंदे फूल की विक्री करती हुई महिलाएं देखी गई। गेंदे फूल की खेती कर अच्छा मुनाफा कमा कर आत्म निर्भर बन रही कई महिलाएं है, स्वयं सहायता समूह सें जुड़ी गाँव की महिलाएं जो कभी सिर्फ पारंपरिक खेती से जुड़कर टमाटर, बैगन, गोभी जैसी सब्जियों की खेती करती थीं वह आज सरकार की मदद से गेंदे फूल की खेती कर कई गुणा ज्यादा मुनाफा कमा रही है कुरडेग प्रखण्ड की छाताकाहू गाँव की महिला किसान अनुपा एक्का और सुमन कुजूर टीआरआई से जुड़कर पिछले दो सालों से अपने जमीन में गेंदा फूल की खेती कर रहीं है इससे उनकी आमदनी सब्जी खेती की अपेक्षा कई गुणा बढ़ गई है उन्होने बताया कि गेंदा फूल की माला 20 रू० लेकर 50 रू० तक में बिक रहा है। लोग खुशी-खुशी त्योहार के अवसर पर खरीद रहें हैं। वहीं गजमारा निवासी रजनी टोप्पो, अनीमा टोप्पो ने कहा कि गेंदे फूल की खेती के बारे में बताए जाने पर गाँव के लोग पहले हंसते थे उन्होंने पहले कभी भी फूलों की खेती से लाभ प्राप्त करते हुए न कभी सुना था और न ही देखा था। इसलिए हमलोग पहली बार ट्रायल के आधार पर कम जमीन पर खेती किये थे, लेकिन पहली ही बार में अच्छा मुनाफा मिलने के बाद अब हम बड़े पैमाने पर फूल की खेती करेंगे वहीं उन्होंने बताया कि गेंदे फूल की खेती किसी भी अन्य खेती से बेहतर है, क्योंकि यह काफी लाभदायक है।

## चुनावी मुद्दा / बदले नेता, अधिकारी बदले, पर नहीं बदली केलाघाघ डैम की तस्वीर

# केलाघाघ का विकास सभी प्रत्याशियों से मांग रहा जवाब

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड में विधानसभा चुनाव के तहत सिमडेगा में प्रथम चरण में 13 नवंबर को चुनाव होना है ऐसे में राजनीतिक दल के अंदर अपने-अपने प्रत्याशियों के लिए वोट के लिए लगातार जद्दोजेहद हाथ करते हुए नजर आ रहे हैं लेकिन जिस विकास की उम्मीद और जी विकास के भरोसे वोट मांग रहे हैं इसका विपरीत आज भी कई जगहों पर सुविधाओं की घोर कमी है। प्रत्येक चुनाव में पर्यटन स्थल के केलाघाघ डैम का मुद्दा चुनावी मुद्दा के रूप में उठता है। जिला मुख्यालय स्थित हर पसंद पर्यटक स्थल केलाघाघ डैम की सुंदरता बरबस ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है। जिला मुख्यालय में रहने वाले लोगो के यहां कोई अतिथि पहुंचता है, तो उसे घुमाने के लिए केलाघाघ डैम जरुर ले जाया जाता है। प्रमुख पर्यटक स्थल होने के बावजुद केलाघाघ डैम का वो विकास नहीं हो पाया है, जिसकी उम्मीद जनता को है। करीब तीन दशक से पर्यटक स्थल के रुप में जिले के लोगों की पहली पसंद केलाघाघ डैम अपने विकास के लिए जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियो की ओर आशा भरी नजरो से देख रहा है। कुछ वर्ष पूर्व तत्कालिन उपायुक्त विजय कुमार सिंह ने केलाघाघ के सौंदर्याकरण के लिए योजना बनाई थी और डीपीआर भी बनकर तैयार हुआ था। लेकिन विजय कुमार के तबादले के बाद सुंदरीकरण की योजना फाईलो में लटक कर रह गई। लोगों का कहना है कि जिले में कई नेता बदले, अधिकारी बदले लेकिन केलाघाघ डैम की मूरत नहीं बदली। लोगों ने विस चुनाव में नेताओं के समक्ष पर्यटक स्थल केलाघाघ डैम के सुंदरीकरण की मांग को मजबूती के साथ रखने का मन बनाया है।

इधर केलाघाघ डैम में मत्स्य विभाग की ओर से मछली पालन को भी बढ़ावा देने का काम किया जा रहा है जिससे कि रोजगार का साधन बढ़े हालांकि डैम की जो स्थिति है इससे आने वाले दिनों में डैम का अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है जिसे सवरने की आवश्यकता है। लगातार जिले में आधिकारिक बदले सभी लोगों ने अपने स्तर से प्रयास किया लेकिन कोई ऐसी ठोस कदम नहीं उठा जिससे कि डैम का सौंदर्य करण हो सके।



### एक करोड़ 85 लाख की लागत से होना था डैम का सुंदरीकरण



तत्कालिन डीसी विजय कुमार सिंह के प्रस्ताव पर काम शुरू हो जाता तो आज केलाघाघ डैम मनमोहक और सुविधाजनक रुप में नजर आता। जानकारी के अनुसार केलाघाघ डैम को विकसित करने के लिए तत्कालिन डीसी विजय कुमार सिंह के प्रस्ताव को सरकार ने मंजुरी दे दी थी। केलाघाघ डैम को पर्यटक स्थल के रुप में विकसित करने के लिए एक करोड 85 लाख की राशि प्राप्त हुई थी। उक्त राशि से केलाघाघ डैम में प्याउ, गेस्ट हाउस, गजीबों, कैफेटेरिया, बाईपास रोड पार्किंग स्पेस फुटपाथ, दर्शक स्टैंड एंव बच्चों का क्रीडाक्षेत्र, फाउटेंन, टीओपी का निर्माण कराया जाना था। लेकिन अबतक योजना पर कार्यशुरू नहीं हो पाया है।

### क्या कहते सिमडेगा वासी



सिमडेगा शहर वासियों का कहना है कि जिला मुख्यालय मे परिवार के साथ समय व्यतित करने के लिए बेहतर जगह नहीं है। केलाघाघ डैम को अगर विकसित किया जाए तो लोगो को घुमने के लिए बेहतर वातावरण और शांत जगह उपलब्ध हो पाएगी। उन्होंने कहा कि विकसित होने से केलाघाघ डैम की पहचान भी बनेगी और पर्यटक सथल के रुप में सरकार को राजस्व की भी प्राप्ति होगी। कहना है कि केलाघाघ डैम का विकास होने से शाम के वक्त बच्चों के साथ कुछ समय प्रकृति की गोद में मनोरंजन के साथ बिताया जा सकेगा। इससे बच्चों का और बड़ो का स्वास्थ्य पर भी अनुकूल असर पड़ेगा। बरहाल देखने वाली बात होगी कि विस चुनाव के पश्चात केलाघाघ की सूरत बदलता है या फिर फिर से वही स्थिति रहती है यह तो आने वाला वक्त बताएगा।

### सहायक अध्यापक संघ के महासचिव फिरनाथ बड़ाईक ने दिया इस्तीफा



**सिमडेगा।** सहायक अध्यापक संघ सिमडेगा के महासचिव फिरनाथ बड़ाईक ने अपने पद एवं संघ के प्राथमिक सदस्यता से स्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना स्तीफा संघ के अध्यक्ष एहतेशामुल हक को सौंपते हुए इसका कारण निजी बताया है और कहा है कि इनकी नियुक्ति सरकारी शिक्षक के रुप में हो गई है जिसके कारण वे स्तीफा सौंप रहे हैं तथा स्तीफा स्वीकृत करने का आग्रह किया गया है।ज्ञात हो विगत 27 सितंबर 2024 को रांची में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में सूबे के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने इन्हें अपने कर कमलों से नियुक्ति पत्र प्रदान किया था। फिरनाथ बड़ाईक ने स्तीफा देते हुए कहा है कि वे एक लंबे समय से सिमडेगा जिला महासचिव सहित प्रदेश स्तर के अनेकों पद पर विराजमान रहे हैं,पर दुःख और मलाल इस बात का है कि वे अपने नेतृत्व में सहायक अध्यापकों को उनका वाजिब और चिरप्रतीक्षित मांग स्थायीकरण के साथ वेतनमान न दिला सके। उन्होंने आगे सहायक अध्यापकों के बेहतर और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना समर्पित किया है।

## एक नजर

### सरायकेला की बेटी कंचन की उपलब्धि पर चंपाई सोरेन ने किया खुशी का इजहार



**रांची।** सरायकेला खरसावां की बेटी कंचन उगुरसंडी लिपुलेख 17,500 फीट की ऊंचाई पर पहुंचने वाली पहली मोटरसाइकिलिस्ट बन गयी है। उसकी इस उपलब्धि पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने खुशी व्यक्त की है। चंपाई ने शुक्रवार को सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट साझा कर उगुरसंडी लिपुलेख को बधाई दी है। इसके साथ उन्होंने लोगों को संदेश दिया कि बेटियों को पढ़ाईये, ताकि वे अपना नाम रोशन कर सकें।

### उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ मनाई गई दीपावली

**जमशेदपुर।** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में उत्साह उमंग और उल्लास के साथ दीपोत्सव मनाया गया. कार्तिक मास की अमावस्या तिथि को पारंपरिक विधि-विधान के अनुसार मध्य रात्रि के समय मां काली की पूजा की गई. अनुमंडल क्षेत्र में कई स्थानों पर काली पूजा के लिए आकर्षक पंडाल बनाकर मां काली की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है. वहीं क्षेत्र में स्थित मां काली के मंदिरों में अमावस की मध्य रात्रि महानिशा पूजा का आयोजन किया गया. कार्तिक अमावस पर लोगों ने अपने घर और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में भगवान गणेश व धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना कर मूर्ति स्थापित किया. इस दौरान लोग सुख, शांति, समृद्धि, धन और परिवार की खुशहाली की कामना किया. अमावस्या के अंधेरे को रोशन करने के लिए लोग अपने-अपने घर आंगन को मिट्टी के दीये और रंग बिरंगी लाइटों से सजाया था.

### काड़ाडुबा गांव में शहीद दामु टुडू का मनाया गया शहादत दिवस

**घाटशिला।** घाटशिला प्रखंड क्षेत्र के काड़ाडुबा गांव में शहीद दामु टुडू का शहादत दिवस शुक्रवार को मनाया गया. तारामणि स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई. सीआरपीएफ जमशेदपुर ग्रुप केंद्र के डिप्टी कमांडेंट विक्की पाण्डेय के नेतृत्व में जवानों ने सैनिक सम्मान के साथ शहीद जवान को श्रद्धा सुमन अर्पित की. डिप्टी कमांडेंट ने शहीद की पत्नी राना टुडू को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया. उन्होंने कहा कि शहीदों को सम्मान देने की परंपरा रही है. जवानों की शहादत को सीआरपीएफ हमेशा याद रखता है. शहीद के परिवार के प्रति सदैव श्रद्धा और सम्मान है. श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू ने कहा कि केंदोंपोशी गांव निवासी दामु टुडू सीआरपीएफ यूनिट 133 बटालियन का जवान था.

# बरही को भयमुक्त व विकसित बनाने के लिए कांग्रेस का दें साथ : साबी देवी



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** प्रखंड में चुनाव प्रचार जोर पर है. प्रत्याशी और उनके समर्थक डोर टू डोर जाकर मतदाताओं को अपनी ओर रिझाने का प्रयास कर रहे हैं. कांग्रेस के युवा प्रत्याशी अरुण साहू के पक्ष में उनके पूरे परिवार के सदस्य मतदाताओं से संपर्क कर कांग्रेस ने पक्ष में मतदान करने मां अपील कर रहे है. इस दौरान मतदताओ का जोरदार समर्थक मिल रहा है. मां साबी देवी, अनुज मेघनाथ साहू, बहन और पत्नी आदि मतदाताओं को युवा नेता के संकल्पो और इच्छा से मतदाताओं को अवगत करा रहे हैं. इसी क्रम में बीते दिन रानीचुआ के धोबघट आदि क्षेत्रों में मतदाताओं ने जोर स्वागत करते हुए कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का अपील किया. श्री साहू की मां ने कहा कि बरही विस से भय और भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए कांग्रेस का साथ दें. उन्होंने कहा कि विस क्षेत्र को तरक्की और विकास नेक लिए उनके पति स्व तिलेश्वर साहू कार्य कर रहे थे. गरीबों और महिलाओं व बेरोजगारों को आगे लाने के लिए उनका निरंतर कार्य चल रहा था. जो बरही के विकास विरोधियों को अच्छा नहीं लगा और साजिश के तहत उनकी हत्या करवाई गई. उनके अधूरे सपने को पूरा करने के लिए ही उनका पुत्र आपके बीच आया है. जिनका कांग्रेस की परंपरा गत सीट को बचाना ही एक मात्र उद्देश्य नहीं बल्कि बरही विस से भय और भ्रष्टाचार को समाप्त करना है. पिछले तीस वर्षों की लूट की कहानी को समाप्त करना है. हर एक व्यक्ति को न्याय और योजनाओं को जमीनी स्तर पर लाना हीं उनका उद्देश्य है. उन्होंने कहा कि युवा नेता की लोकप्रियता के कारण कांग्रेस की जनसभाओं में भिड़ उमड़ रही है।

## आजसू पार्टी अपनी विचारधारा से भटक गई है : आनंद सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** आजसू पार्टी के केन्द्रीय समिति सदस्य, जिला कमिटी के पदाधिकारी, प्रखण्ड अध्यक्ष / प्रखण्ड सचिव, नगर अध्यक्ष / सचिव ने आजसू पार्टी के केन्द्रीय समिति सदस्य आनन्द सिंह के नेतृत्व में आजसू पार्टी से सामूहिक त्याग-पत्र दिया। त्याग-पत्र देनेवालों में आजसू पार्टी के केन्द्रीय समिति सदस्य आनन्द सिंह, केन्द्रीय समिति सदस्य जितेन्द्र कुमार, जिला कोषाध्यक्ष अजय कुमार, जिला सचिव विवेक कुमार राणा, नगर अध्यक्ष आफताब आलम, नगर सचिव अविनाश कुमार सिन्हा उर्फ पिंकू, सदर प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश देव, कटकमदाग प्रखंड अध्यक्ष अवध किशोर साव मुख्य रूप से शामिल हैं। उपरोक्त पदाधिकारियों न आज सामूहिक रूप से आजसू पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से एवं पार्टी के सभी पद से त्याग-पत्र दे दिया केन्द्रीय समिति सदस्य आनन्द सिंह ने कहा कि सभी लोगों ने विकास राणा के समर्थन में आजसू पार्टी से त्याग-पत्र दिया है। आजसू पार्टी अपनी मूल विचारधारा से भटक गई है। हम सभी ने 25 वर्षो तक पार्टी को अपना सबकुछ दिया लेकिन पार्टी की सोच संकुचित है।

## न्यूज बॉक्स

### हजारीबाग सांसद ने अपने परिवार और समर्थकों के साथ मनाई दीपावली



**हजारीबाग।** भारतीय सांस्कृतिक और प्रकाश व खुशियों के महापर्व दीपावली के अवसर पर हजारीबाग सदर लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने गुरुवार को अपने आवास में पूरे परिवार और हितैशियों के साथ दीवाली की खुशियां मनाया। सांसद आवास में सपरिवार सांसद मनीष जायसवाल ने फूलों से सजी आकर्षक रंगोली के बीच दीप जलाकर खुशियों के इन पल को यादगार बनाते हुए क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की मंगलकामना माता लक्ष्मी से किया। दिवाली की सुबह से देर शाम तक को अपने परिवार और हितैषियों के साथ जमकर खुशी मनाए। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल ने क्षेत्र के लोगों को विभिन्न माध्यमों से दीवाली की शुभकामनाएं भी दी । मौके पर सांसद मनीष जायसवाल के पिता पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल, माता विद्या जायसवाल, पत्नी निशा जायसवाल, भाई प्रशांत जायसवाल, निशांत जायसवाल, भाई की पत्नी ट्विंकल जायसवाल, प्रियंका जायसवाल, पुत्र करण जायसवाल, पुत्रवधु अर्वंतिका जायसवाल, भतीज ऋषव, आरव और राहुल जायसवाल सहित सांसद सेवा कार्यालय कर्मी और सांसद आवास कर्मीगण मौजूद रहें।

### पटेल की विचारधारा आज भी हम सब देशवासियों के लिए प्रेरणादायक है : मनीष जयसवाल



**हजारीबाग।** लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के पावन अवसर पर इंद्रपुरी चौक पर स्थित उनकी प्रतिमा पर सांसद मनीष जयसवाल , भाजपा विधायक प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद सहित कई गणमान्य लोगो ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। सासंद मनीष जयसवाल ने कहा कि पटेल जी की विचारधारा आज भी हम सब देश वासियों के लिए प्रेरणादायक है। हजारीबाग सदर विधान सभा के भाजपा विधायक प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने कहा कि पटेल जी ने 500 से अधिक रियासतों को भारतीय संघ में मिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर पटेल सेवा संघ के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंह, सचिव एवं कोडरमा सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरीश श्रीवास्तव, भाजपा नेता शिवलाल महतो, चंद्रनाथ पटेल, नवेन्द्र कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### आदिवासियों ने कहा मेरा नेता एक ही है, वह है जयप्रकाश भाई पटेल



**बिष्णुगढ़।** हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत नरकी पंचायत के डोंबाबेड़ा में जनसंपर्क अभियान इंडिया गठबंधन सह कांग्रेस के मांडू विधानसभा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल ने किया, जहां सैकड़ों लोग उपस्थित हुए। जनसंपर्क अभियान के दौरान कहां 24 घंटे दिन हो या रात सदैव आपकी सेवा में मैं लगा हुआ रहता हूं, आप सबों के द्वारा हमसे जो उम्मीद की जाती है उसे मैं पूरा करता हूं। आदिवासी समाज के द्वारा कहा गया कि भारतीय जनता पार्टी ने जिस तरह हमारे निवर्तमान विधायक सह पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल के साथ जालसाजी, छल कपट और स्तरहीन राजनीति की इसे लेकर हमारा समाज काफी गुस्से में और आक्रोशित है। उन्होंने कहा आपकी 12 साल की सेवा बेकार नहीं जाने दूंगा। आगे समाज के द्वारा कहा गया की ना हम गूगल देखते हैं ना फेसबुक ना इंस्टाग्राम हमें किसी की जानकारी नहीं है। अगर हम कुछ जानते हैं, तो वह जे पी पटेल,शिबू सोरेन, हेमंत सोरेन, को जानते हैं हम सभी हाथ छाप, कांग्रेस पार्टी को वोट करेंगे, इंडिया गठबंधन को वोट करेंगे। अबकी बार फिर से हेमंत सोरेन की सरकार रहेगी जिससे गरीबों का कल्याण होगा।

### गुमला में दीपावली का पर्व धूमधाम से मनाया गया

## मां लक्ष्मी-गणेश की पूजा और रोशनी से जगमगाया जिला



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला** गुमला जिले में दीपावली पर्व को पूरे हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस पर्व पर हर आयु और वर्ग के लोग एकजुट होकर मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना में लीन दिखे, जिसमें उन्होंने परिवार और समाज के लिए समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। दीपावली के अवसर पर पूरा जिला दीपों और रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाया, जिससे हर गली और मोहल्ले में एक अलग ही आभा फैल गई। दीपावली की रात गुमला के शहरी इलाकों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। हर घर में दीपक जलाए गए, और रोशनी के सजावटी लाइटों ने पूरे जिले को एक अनुपम छवि दी।

### तिसरी और चंदौरी में भाजपा चुनाव कार्यालय का किया गया उद्घाटन

# क्षेत्र में जो भी विकास कार्य हुआ वह भाजपा व बाबूलाल की देन : अशोक



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)** भाजपा के द्वारा तिसरी और चंदौरी में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया। दोनो मंडलों में कार्यालय का उद्घाटन अशोक उपाध्याय, अजय रंजन, मनोज यादव, उदय साव, सुनिल साव, सुनिल शर्मा ने विधिवत नारीयल फोड़कर व फीता काटकर किया। कार्यालय उद्घाटन के उपरांत प्रतिनिधियों ने दोनों मंडलों में कार्यकर्ताओं को क्षेत्र भ्रमण कर डोर टू डोर प्रचार करने का निर्देश दिया गया। अशोक उपाध्याय ने कहा कि सभी पंचायतों में भाजपा का अपार जनाधार है। इस क्षेत्र में जो भी विकास का कार्य दिख रहा है। भाजपा व बाबुलाल मरांडी की ही देन है। विपक्ष के लोग लोगों को बरगलाने का काम कर रहे है। जिसे कार्यकर्ताओं को नाकाम करना है। मनोज यादव ने कहा कि यहां की जनता विधायक नहीं मंत्री को चुनने का काम करेंगे आप सभी मैदान में उतर जाइए।मौके पर भाजपा नेता रामचंद्र ठाकुर, उदय साव,मनोज यादव, सुनील सेठ तिसरी मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा, चंदौरी मंडल अध्यक्ष सुनील साव ,संजीत राम, गोपी रविदास, मोहन लाल बरनवाल, कपिल यादव,पूर्णचंद गुप्ता, विकास यादव , लखीराम हेंब्रोम उपस्थित थे।

# पुलिस ने अभियान चलाकर 220 किलोग्राम जावा महुआ को किया नष्ट



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** विधान सभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के आदेश पर रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी थाना/ओपी में अवैध शराब के विरूद्ध सघन अभियान संचालित किया गया। संचालित सघन अभियान के दौरान रजरप्पा थाना क्षेत्र अन्तर्गत सांडी टोला में निर्मित अवैध जावा महुआ करीब 220 किग्रा जो संग्रहरण के दौरान नष्ट हो गया। जिसका अनुमानित मूल्य करीब-15,400/-रूपये है। अवैध रूप से देशी शराब निर्माण में संचालित विभिन्न भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। इस संदर्भ में सन्हा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक द्वारा नशे के अवैध करोबारियों के विरूद्ध लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इधर पुलिस का कहना है कि शराब के अवैध करोबार को पूरी तरह से नष्ट कर रोक लगाना है। झारखंड में इस कारोबार को बढ़ने का काफी मौका मिल गया है जिससे लोगों के लिए काफी नुकसानदेह साबित हो रहा है।

## ढोल-नगाड़ा से निर्दलीय प्रत्याशी का गर्मजोशी के साथ किया स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। जारी** गुमला विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी महेश्वर बैगा को ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ा से जरडा मे गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गुमला विधानसभा से बिजयी बनाने का निर्णय लिया।वहीं निर्दलीय प्रत्याशी महेश्वर बैगा ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि मै आपके.गाँव घर का बेटा हूँ मैं हर समय आपलोगों के सुख दुख मे साथ रहूंगा इसलिए भारी से भारी मतों से क्रम संख्या डीजल पम्प छाप मे वोट देकर भारी मतों से बिजय बनाएं उन्होंने कहा कि झारखंड बनने के बाद कभी बीजेपी तो कभी जेएमएम ने राज्य किया लेकिन आज तक वह काम नही किया कहीं रोडं नहीं तो कही स्वच्छ पानी पीने के लिए ग्रामीण तरस रहे है खुद का विकास किया लेकिन जनता का कोई विकास नही किया इसलिए सभी कोई शपथ ले कि आबकी बार निर्दलीय उम्मीदवार महेश्वर बैगा को बिजयी बनाना है। मौके पर मोहन कुम्हार, रंजनू नायक, सूरत घांसी, अब्दुल सकूर, धीरज नगेसिया, समसुद्दीन मिया, आरती कुमारी, सरहुला नागेसिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## वाहन जांच में मोटरसाइकिल सवार के पास मिली प्रतिबंधित दवा, भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के कुरुमगाड़ थाना पर चैनपुर- घाघरा मुखमार्ग में बने कुरूमगड़ गेट समीप चेकपोस्ट पर बुधवार को वाहन जांच अभीयान चलाया गया। इस दौरान एक मोटरसाइकल से पुलिस के द्वारा जांच के क्रम में नशीला पदार्थों मिले। जिसके बाद उसके पकड़ कर कुरूमगड़ थाना लाया गया।वाहन को अपने कब्जे में कर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है। कुरूमगड़ थाना प्रभार विश्वजीत कुमार चेतन से मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कुरूमगड़ पुलिस थाना मोड़ में बने चेकपोस्ट पर वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। इस दौरान घाघरा से चैनपुर की ओर आने -जाने वाले सभी छोटे-बड़े वाहनों को रोककर तलाशी ले रही थी। इसी क्रम में गुमला कोटाम से चैनपुर जमगाई की ओर आ रही मोटरसाइकल को रोका गया। उसमें गहनता से जांच की गई। जांच के क्रम में एक बैग से नशीला पदार्थों के 6 पीस कोरेक्स सरफ और नशीला पदार्थों के कुल 210 पिस दवाई एवं टेबलेट मिला। इसमें को पुलिस ने जब्त कर लिया। मोटरसाइकिल को पुलिस ने कब्जे में कर लिया।

### उम्मीदवारों से आदर्श चुनाव आचार संहिता का पालन करने की अपील

**बरही।** निष्पक्ष, निर्भीक व पारदर्शी चुनाव को लेकर स्थानीय प्रशासन पूरी तरह से कटिबंध है. मतदान के दौरान शांति व्यवस्था कायम रहे और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं हो इस लेकर लगातार बैठके और अधिकारियों का क्षेत्र भ्रमण जारी है. अनुमंडल निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ जोहन टुडू व एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल लगातार अपने कनीय अधिकारियों से का बाबत जायज ले रहे है. एसडीओ श्री टुडू ने सभी उम्मीदवारों से आयोग द्वारा निर्देश आदर्श चुनाव आचार संहिता का शत प्रतिशत अनुपालन करने की अपील किया है. उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को प्रचार या जनसभा से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी या अनुमति के लिए सुविधा ऐप का सहारा लें. वही मतदाता भी प्रत्याशियों या चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार के शिकायत को सी विजिल ऐप पर शिकायत करे, त्वरित कारवाई होगी. वही एसडीपीओ श्री बिमल ने बताया कि मतदाता निर्भीक और स्वतंत्र रूप से शत प्रतिशत मतदान करे. पुलिस प्रशासन ने मतदाताओं के सुरक्षा के लिए सदैव तैयार है.

### जैन समाज ने भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण मोहत्सव उत्साह के साथ मनाया

## भगवान महावीर के दिव्य-संदेश 'जियो और जीने दो' को जन-जन तक पहुंचाने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** श्री दिगंबर जैन मंदिर रामगढ़ में देवाधिदेव भगवा- महावीर स्वामी जी का निर्वाण मोहत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर सामूहिक दीपावली मिलन समारोह का आयोजन हुए एवं जैन भवन में लिफ्ट का उदघाटन किया गया। जैन समाज ने भगवान महावीर स्वामी जी का निर्वाण मोहत्सव, लड्डू चढ़ाकर मनाया गया। इस दौरान सर्वप्रथम श्रीजी का जलाभिषेक , शांतिधारा इसके उपरांत सामूहिक रूप से पूजन भक्तिभाव के साथ किया गया। जीवनमल,जंबू पाटनी, शांति लाल, राकेश पांड्या, श अरुणा जैन एवं डॉ शरद जैन को प्राप्त हुआ। शांतिधारा का सौभाग्य शांतिलाल, राकेश पांड्या, जीवनमल,जंबू पाटनी को मिला। रामगढ़ में भगवान महावीर स्वामी



को निर्वाण लड्डू चढ़ाने का सौभाग्य हीरालाल , राजेंद्र कुमार पाटनी को मिला जबकि रांची रोड सुभाष एवं वैभव पाटनी को मिला। लिफ्ट का उदघाटन हीरालाल, किरण देवी पाटनी, अरुणा जैन, डॉ शरद जैन परिवार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रतिवर्ष दीपावली के दिन जैन धर्म में दीपमालिका सजाकर भगवान महावीर का निर्वाणोत्सव मनाया जाता है। कार्तिक अमावस्या के दिन भगवान महावीर स्वामी को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। भगवान महावीर के दिव्य-संदेश 'जियो और जीने दो' को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वर्ष-प्रतिवर्ष कार्तिक अमावस्या को दीपक जलाए जाते हैं। मंदिरों, भवनों, कार्यालयों व बाग-बगीचों को दीपकों से सजाया जाता है और भगवान महावीर को लड्डुओं का नैवेद्य अर्पित किया जाता है। इसे 'निर्वाण लाडू' कहा जाता है।

## 3 नवंबर को निर्दलीय उम्मीदवार अविनाश के पक्ष में अभिनेत्री भाग्यश्री करेंगी रोड शो



**नवीन मेल संवाददाता। बरही** निर्दलीय उम्मीदवार अविनाश आर्य के समर्थन में अभिनेत्री भाग्यश्री 3 नवंबर को बरही से चौपारण तक रोड शो करेंगी. उक्त जानकारी निर्दलीय उम्मीदवार श्री आर्य ने दी. उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत बरही से रोड शो होगा. रोड शो अपराह्न एक बजे से बरही से प्रारंभ होगा जो चौपारण में आयोजित होने वाले जनसभा तक जायेगी. इस दौरान वह उनके पक्ष में जनता से मतदान करने की अपील करेंगी. उन्होंने बताया कि वह बरही विस के पुत्र हैं. उन्हे यहां का दुख दर्द का अहसास है. उन्होंने बताया कि बरही में युवाओं के लिए पढ़ाई और कमाई की व्यवस्था, पत्रकारों को बीमा, तिलैया डैम को अंतरर्राष्ट्रीय पर्यटक स्थल बनाना, बरही को जिला और विजैया व रामपुर को प्रखंड, प्रत्येक प्रखंड में डिग्री कॉलेज की स्थापना आदि संबंधित कार्य करवाना उनका मुख्य लक्ष्य है। बरही वासी उन्हें एक बार मौका दें और क्षेत्र का विकास देखें। श्री आर्य का कहना हे कि मैं नेता बनकर नहीं बेटा बनकर काम करूंगा और महिलाओं विकास में हिस्सदेदारी बनाऊंगा जो क्षेत्र के लिए काफी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए पढ़ाई और रोजगार की सुविधा दी जायेगी जो युवा झारखंड छोड़कर दूसरे राज्यों में कमाने के लिए पलाएन कर रहे हैं मैं इस पर रोक लागाने का प्रयास करूंगा और रोजगार को आगे बढ़ाऊंगा। युवतियों की पढ़ाई में सुविधा दी जायेगी जो वह आगे पढ़ना चाहती हैं।

राष्ट्रीय नवीन मेल
रांची
शनिवार, 02 नवंबर 2024



"जब तुमसे कहा जाए कि तुम अच्छे हो, तो तुम्हें आराम से न बैठकर और अधिक अच्छा बनने का प्रयास करना चाहिए। तुम्हारी निरंतर उन्नति तुम्हें, तुम्हारे चारों ओर के लोगों, तथा ईश्वर को भी प्रसन्नता प्रदान करती है। - श्री श्री परमहंस योगानंद, 'परमहंस योगानंद के वचनामृत'




संपादकीय

## यूपी में है एमएसपी और बिचौलियों की गिरफ्त में झारखंड के किसान

झारखंड में विधानसभा के तो उत्तर प्रदेश में उपचुनाव हैं। दोनों राज्य कृषि प्रधान हैं पर दोनों की प्राथमिकताएं अलग-अलग हैं। विगत वर्ष सहित कई वर्षों में झारखंड में धान की सरकारी खरीद आशा के अनुरूप नहीं रही क्योंकि यहां के किसान धान क्रय प्रक्रिया से संतुष्ट नहीं थे। बड़े कारण थे धान के गीला होने का बहाना बनाकर धान की खरीद बहुत देर से शुरू कराना जबकि न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दाम में निजी राइस मिल धड़ल्ले से धान खरीद रहे थे जिनके एजेंट राज्य भर में फैले थे जो तुरंत नगद भुगतान कर रहे थे जिसकी छोटे और सीमांत किसानों की नितांत आवश्यकता होती है। जबकि दूसरी ओर सरकारी खरीद में प्रति 40 किलो के बोरे में दो किलो काट कर वजन का हिसाब करना,क्रय केंद्रों में परेशानी आज नहीं कल,लैंप्स और पैक्स को रिश्वत के अलावा धान की बिक्री के बाद छः महीने से लेकर साल भर बाद भुगतान होने से किसान हिचकिचाते हैं। दूसरी ओर पड़ोसी पूर्वी उत्तर प्रदेश में पहली नवंबर से धान खरीद शुरू हो गई। लखनऊ संभाग के जनपदों में खरीद अलग-अलग तिथियों में रखी गई है। लखनऊ संभाग के लखनऊ, रायबरेली व उन्नाव में पूर्वी उत्तर प्रदेश के साथ पहली नवंबर से खरीद शुरू हुई, जबकि हरदोई, लखीमपुर खीरी, सीतापुर में पहली अक्टूबर से ही धान खरीद चल रही है। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य(एमएसपी) 2300 रुपये व धान ग्रेड ए का 2320 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। किसानों को धान की उतराई, छनाई व सफाई की मद में 20 रुपये प्रति कुंतल की दर से प्रतिपूर्ति की जाएगी। उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में किसानों द्वारा धान बिक्री के लिए खाद्य-रसद विभाग व अन्य क्रय एजेंसियों के कुल 4000 क्रय केंद्र निर्धारित किए गए हैं। योगी सरकार ने किसानों को 48 घंटे के भीतर भुगतान कराने का निर्देश दिया है। खाद्य-रसद विभाग की तरफ से धान खरीद के लिए पहली सितंबर से पंजीकरण चल रहा था। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपये व धान ग्रेड ए का 2320 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में किसानों द्वारा धान बिक्री के लिए खाद्य-रसद विभाग व अन्य क्रय एजेंसियों के कुल 4000 क्रय केंद्र सुबह 9 से शाम 5 बजे तक संचालित किए जा रहे हैं। कृषि विभाग के मुताबिक खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए धान से आच्छादित क्षेत्रफल 61.24 लाख हेक्टेयर है। इस वर्ष धान का उत्पादन 265.54 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है। औसत उत्पादन लगभग 43.36 कुंतल प्रति हेक्टेयर अनुमानित है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के जनपदों में पहली नवम्बर से धान खरीद शुरू हुई। यह खरीद पूर्वी उत्तर प्रदेश के चित्रकूट, कानपुर, अयोध्या, गोरखपुर, देवीपाटन, बस्ती, आजमगढ़, वाराणसी, मीरजापुर व प्रयागराज संभाग में होगी। लखनऊ, रायबरेली व उन्नाव में भी शुक्रवार से खरीद शुरू हुई। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पहली अक्टूबर से शुरू हुई धान खरीद 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में धान खरीद 28 फरवरी 2025 तक चलेगी।

**कृषि विभाग के मुताबिक खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए धान से आच्छादित क्षेत्रफल 61.24 लाख हेक्टेयर हैं। इस वर्ष धान का उत्पादन 265.54 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है। औसत उत्पादन लगभग 43.36 कुंतल प्रति हेक्टेयर अनुमानित है।**

# दृष्टि सही हो, तो जीवन में दुख नहीं है...





डॉ मयंक मुरारी
चिंतक और लेखक

जीवन को देखने के तरीके में दुख हो सकता है लेकिन जीवन में दुख नहीं है। इस कारण हम अगर देखने के तरीके को नहीं बदलते हैं तो कोई भी जीवन हो, वहां दुख मिलेगा। कहते हैं कि सुख में समय छोटा हो जाता है और दुख में समय बड़ा बन जाता है। जबकि आनंद में समय शून्य हो जाता है। ऐसे क्षण में घड़ी रुक जाती है, सब ठहर जाता है। अचानक सारा अस्तित्व स्थिर हो जाता है। मन और समय में एक संबंध है। मन है कि ठहरने का नाम नहीं लेता। और समय भी नहीं रुकता है। समय को रोकने का एकमात्र तरीका है, मन का ठहराव। जब तक दूसरे पर निर्भर हैं तभी तक दुख है। हमारे तरीका में दुख है हमारे ढंग में दुख समावेशित है। हम क्या हैं ? कहां हैं ? यह सवाल गौण है। हम जहां भी रहेंगे, हमारी सोच वहां रहेगी। हम जहां है वहां परमात्मा आ भी जाये, तो हम दुखी रहेंगे। फूल की सुगंध हमारे नाक तक आती रहेगी, लेकिन हम सुगंध नहीं ले पायेंगे। अस्तित्व के स्वर प्रकृति में गूंजायमान रहेगी, लेकिन हमारा कान उसे सुन नहीं पाएगा। क्योंकि हमारे लिए परिस्थिति अहम है। हमें निंदा में रस मिलता है। दुख में भी रस मिलता है। इसलिए हम खुद को नहीं बदलते हैं, जो आसान है। हम परिस्थिति को बदलने का प्रयास करते हैं, जो असंभव है।

कोई पीड़ा नहीं हो तो भी हम क्या सुखी हो जायेंगे ? भोजन, वस्त्र और आवास सब है लेकिन हमारे भीतर कुछ खाली है। अमीर के पास सब है, पर उसके पास बहाना नहीं है ताकि किसी पर अपनी पीड़ा को टांग दें। विज्ञान सामान्य आदमी की पीड़ा को वस्तुतः पीड़ा समझता है। पीड़ा ऐसा है कि कोई स्त्री गर्भवती हो, नौ महीने के बाद भी बच्चा नहीं जन्म ले पाता हो, तो वह पीड़ा हैं। कितने जन्म से परमात्मा को हम अपने गर्भ में लेकर चल रहे हैं पर परमात्मा दूर है। यह वास्तविक दुख है। हमारी धारणा ही हमें सुख और दुख देती है। हमारे जीवन में वही घटना घटित होती है जो हमारी धारणा होती है। यही हमें बांधती है और यही हमें मुक्त करती है। इसलिए विचार करते हुए सावधानी बरतनी चाहिए। धारणाएं फलीभूत होती हैं। जितने ही जीवन में सुख हो, एक दिन समाप्त हो जायेगा। फिर कामना बढ़ जायेगी। यह कामना बढ़ती जायेगी। आकांक्षा कभी कम नहीं होती है। दुख कुछ नहीं होता है। दुख भी हमारी वासना है, जो पूरी नहीं हुई हैं। और वासना का स्वभाव ही है, खाली रह जाना। पूर्ण नहीं हो पाना। सदैव लगेगा कि कुछ खाली रह गया। कुछ दिन पहले एक अमेरिकी बुद्धिजीवी फ्रेंकलिन जोन्स के बारे में पढ़ा। उसने एक किताब लिखी- नो रेमेडी। औषधि कोई नहीं है। और पूरी किताब में यही बताने का प्रयास किया गया है कि कोई औषधि नहीं है। आदमी बीमार है, वह स्वस्थ नहीं है। बीमारी को ठीक करने की कोई दवा हो भी नहीं सकती है, जबतक हम अंदर से ठीक नहीं होना चाहें। हजारों साल पूर्व जनक के दरबार में महर्षि अष्टावक्र ने भी यही घोषणा की कि कोई औषधि नहीं है।

दुख और परिस्थितियां बदल जायेंगी, परंतु इन्हें झेलने, इनसे निपटने और इनका सृजनात्मक इस्तेमाल का तरीका हमें आना चाहिए। ऐसे करने वाले लोग संसार में हरेक युग में रहे हैं और हैं। बहुत साधारण लोग। ये लोग आम जीवन जीते हैं, सामान्य तरीके से जीवन को जीते हैं। हमारे आसपास ऐसे अनेक लोग मिल जायेंगे। जब जीवन पर से हमारी पकड़ छूटने लगती है तब हम तथा हमारा चिंतन आशा, विश्वास और संकल्प के दायरे से बाहर चले जाते हैं। वही क्षण सुख को दुखद बना देते हैं। दुख तो खैर दुख देता ही है। जब पराजय और टूटने का डर हो तो जीवन अभिशाप बन जाता है। इन कमजोर क्षणों में जीवन जीने की कला है-सृजन का उत्सव।

पंचतंत्र, हितोपदेश, सूफी और जेन कहानियों में जीवन के संदेश मिलते हैं। एक सूफी कहानी में हसन से उसके शिष्य ने पूछा कि सुख समझ में आता है, क्योंकि ईश्वर सुख दे रहा है। लेकिन दुख क्यों है ? दोनों नाव पर बैठकर नदी को पार कर रहे थे। बीच नदी में हसन एक ही चप्पू से नाव चलानी शुरू कर दी। वह नाव गोल-गोल घूमती रही। लेकिन आगे नहीं बढ़ी। शिष्य ने पूछा कि एक ही चप्पू से नाव चलाते रहे तो हम भटकते रह जायेंगे। कहीं नहीं पहुंचेंगे। हसन ने कहा कि तुम तो समझदार हो, लेकिन नासमझी की बात करते हो। अगर सुख ही सुख होगा, तो नाव की तरह हम वर्तुल में घूमते रह जायेंगे। कहीं नहीं पहुंचेंगे। इसलिए विपरीत चाहिए। दो पैर से आदमी चलता है। दिन और रात होती है। जन्म के साथ मृत्यु है तो सुख के साथ दुख होगा ही।

हमें समझना होगा कि जहां भी जीवन है, जिस रूप में है, वहां द्वैत है। दुख और सुख। लेकिन मानव के अलावा सारे सजीव अपने को बनाये रखने, विकसित करने के लिए संघर्ष करते हैं। यह नैसर्गिक क्षमता जीवों और वनस्पतियों में होती है। यह मनुष्यों में भी है लेकिन समाज और समय हमारे हालात पर असर डालते हैं। मनुष्य ने अपनी जीवन शक्ति को परिस्थितियों एवं समय के गुलामी में रख छोड़ा है। हम परिस्थिति को खुद बनाते हैं। समय का इंतजार करते हैं। कोई मनुष्य साधारण नहीं होता है।

दो पात्रों का वर्णन जरूरी हैं हेमिंग्वे के उपन्यास ओल्ड मैन एंड द सी का बूढ़ा मल्लाह। एक अभी कुछ साल पूर्व ऑस्कार एवार्ड फिल्म आयीं-लाइफ ऑ पाई। ये दोनों पात्र साधारण है, दुख उनके पूरे वजूद को घेरे हैं, लेकिन उनकी जिजिविषा असीम है। वे घुटने नहीं टेकते हैं और विजयी होकर जीवन में सृजन का उत्सव मनाते हैं। नायक बन जाते हैं। यह अवसर हम सभी के पास है। मनुष्य पराजय और दुख के लिए नहीं बना है। इस उपन्यास का एक नायक है एक मल्लाह सेन्टियागो। चालीस दिन से कोई मछली पकड़ में नहीं आती है। इसके बाद भी वह मछली पकड़ने पुनः एक छोटे से नाव पर निकल पड़ता है। जहां वह एक लंबे मुंह वाली समुद्री मछली मर्लिन को पकड़ता है। मछली धागा तोड़ नहीं दे, इसलिए सेन्टियागो दो दिन और दो रात तक डोरी को हाथ में पकड़े रहता है। मर्लिन अपने ताकत के बल पर नाव को खींचती हुई समुद्र तट से अंदर ले जाती है। तब सेन्टियागो उसको बर्छी से मार देता है। फिर एक नई मुसीबत शुरू हो जाती है। मृत मछली के रक्त से आकर्षित शार्क मछली आ जाती है और बार - बार आक्रमण करती है। हर बार वह मर्लिन के कुछ मांस को नोच कर ले जाती है। वह शार्क से बचने एवं मर्लिन के मांस को बचाने के लिए बार बार बर्छी से आक्रमण करता है लेकिन शार्क बच निकलती है। जब वह समुद्र के किनारे आता है, तो मर्लिन मछली का कंकाल ही उसके हाथ मिलता है। यह कहानी विपरीत परिस्थिति में भी अंतिम सांस तक संघर्ष करने की प्रेरणा देती है। यह उपन्यास हरेक पाठक को परिणाम की अनिश्चितता के बावजूद निरंतर कर्मरत रहना, जीवन को पूरे उल्लास और संघर्ष के साथ जीना सिखाता है। हमारा जीवन भी इस विराट प्रकृति का एक अंश है। इस अस्तित्व के साथ हम तादात्म्य हैं। जब उस अस्तित्व के अंश हैं तो प्रत्येक कोशिश, प्रत्येक अणु और प्रत्येक परमाणु में असीम शक्ति विद्यमान है। ऐसे में एक दुख और एक सुख के समक्ष समर्पण ठीक नहीं। हम अपनी आशा और विश्वास को बनाकर रख नहीं पाते, इसलिए दुख हमको रुलाता है।

राजनीति की बात

## अधिक बच्चे पैदा करने के सीएम नायडू के बयान पर भाजपा मौन



योगेंद्र योगी

आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने अपने राज्य के लोगों से दो अधिक बच्चे पैदा करने की मांग की है। सर्वाधिक आश्चर्य यह है कि इन दो राज्यों के मुख्यमंत्रियों की इस मांग के बावजूद भारतीय जनता पार्टी ने चुप्पी साध रखी है। मुसलमानों को दो से अधिक बच्चे पैदा करने पर परोक्ष और प्रत्यक्ष तौर पर कोसने वाली भाजपा इन दो मुख्यमंत्रियों की मांग पर पूरी तरह मौन है। कारण साफ है चन्द्रबाबू नायडु ने केंद्र की भाजपा सरकार को अपनी पार्टी तेलगुदेशम पार्टी के सांसदों का समर्थन दे रखा है। दूसरे शब्दों में कहे तो केंद्र की मोदी सरकार नायडु की बैसाखियों पर टिकी है। इसलिए दो से ज्यादा बच्चे पैदा करने के नायडू के बयान पर भाजपा ने मौन रखना ही बेहतर समझा। इसमें भाजपा को देश के लिए वैसा खतरा नजर नहीं आया, जैसा मुसलमानों की जनसंख्या वृद्धि को लेकर दिखाई देता है। नायडू के बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने एक कार्यक्रम में कहा था कि लोगों को 16 बच्चे पैदा करने चाहिए। यह बात उन्होंने सरकारी विवाह योजना के तहत 31 जोड़ों के विवाह समारोह में कही। स्टालिन का यह सुझाव नायडू द्वारा यह खुलासा किए जाने के एक दिन बाद आया है कि आंध्रप्रदेश में उनकी सरकार एक ऐसा कानून बनाने की योजना बना रही है, जिसके तहत केवल दो से अधिक बच्चों वाले लोगों को ही स्थानीय निकाय चुनाव लड़े की अनुमति होगी। जनसंख्या के आधार पर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों को फिर से परिभाषित करने की कवायद 2026 में होने वाली है। इससे लोकसभा सीटों की संख्या 543 से बढ़कर 753 हो जाएगी। दक्षिण में क्षेत्रीय दलों को डर है कि इससे अधिक आबादी वाले राज्यों में सीटों की संख्या में भारी उछाल आएगा, जबकि दक्षिण में यह वृद्धि मामूली होगी। इन दलों के नेताओं को लगता है कि पिछले कुछ दशकों में परिवार नियोजन के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए दक्षिणी राज्यों को दंडित किया जा रहा है क्योंकि जिन राज्यों में जनसंख्या का घनत्व अधिक है, उनका लोकसभा में प्रतिनिधित्व अधिक होगा। वर्ष 2026 में क्षेत्र पुनर्विभाजन हो सकता है, इस अनुमान और उस समय की अनुमानित जनसंख्या के आधार पर कहा जा सकता है कि पुनर्विभाजन में जनसंख्या नियंत्रण के कदम उठाने वाले दक्षिणी राज्यों को भारी नुकसान होगा, जबकि जनसंख्या नियंत्रण नहीं करने वाले हिंदी भाषी राज्य बड़ा फायदा उठाएंगे। उदाहरण के लिए, वर्तमान लोकसभा में हिंदी भाषी राज्यों की हिस्सेदारी 42 प्रतिशत है, जो विस्तारित लोकसभा में 48 प्रतिशत हो जाएगी। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

देश की बात

## भारतीय नीति की छाया का पीछा करता पाक



डॉ हिदायत अहमद खान

यह तो सही है कि पाकिस्तान और हिंदुस्तान भौगोलिक तौर पर ही नहीं बल्कि अचार-विचार, खान-पान और रहन-सहन के लिहाज से भी एक-दूसरे से जुड़ते हैं। बस फर्क जो है वो यह कि पाकिस्तान नफरतों के धरातल पर खड़ा हुआ, जबकि भारत अहिंसा के साथ ही शांति-सद्भाव, प्रेम, सहिष्णुता, भाईचारा और विश्वबंन्धुत्व के सिद्धांतों पर बना है। यहां सदा से ही लोकतंत्र के वृक्ष को सींचा गया, जबकि पाकिस्तान में समय-समय पर सेना ने इसे बूटों के तले कुचलने से भी परहेज नहीं किया। नतीजा यह हुआ कि पाकिस्तान में आतंकवादियों का पालन-पोषण आसानी से होता रहा, जबकि आतंकवाद के खिलाफ हिन्दुस्तान लगातार संघर्ष करता रहा है। बावजूद इसके अब ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पाकिस्तान भारतीय आत्मनिर्भरता की नीति की छाया का पीछा कर रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि पाकिस्तान ने हाल ही में थाईलैंड के साथ एक महत्वपूर्ण आर्म्स डील की है, जिसमें बख्तरबंद वाहनों की आपूर्ति भी शामिल है। यह सौदा पाकिस्तान की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने का एक प्रयास है। अब चूंकि भारत आजादी के बाद से ही आत्मनिर्भरता की नीति को अपनाए हुए है और जब से नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने हैं तब से उन्होंने रक्षा क्षेत्र को सशक्त करने के लिए कई अहम फैसले लिए और सार्थक कदम भी बढ़ाए हैं। ऐसे ही फैसलों में जहां विदेशी हथियारों की खरीद है तो वहीं स्वदेशी हथियारों के निर्माण की क्षमता को बढ़ाने के सफल कदम भी शामिल है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की सेना ने थाईलैंड की डिफेंस इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड के साथ इस डील पर हस्ताक्षर किए हैं। यहां बताते चलें कि यह डील 18 सितंबर को इस्लामाबाद में हुई थी, जिसे गोपनीय रखा गया, जिससे इसकी जानकारी बहुत ही कम लोगों को मिली थी। अब बताया जा रहा है कि इस समझौते के तहत, टीडीआई बख्तरबंद वाहनों की आपूर्ति पाकिस्तान की रक्षा कंपनी हैवी इंडस्ट्रीज टैक्सिला को करेगी। टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के प्रावधान ने इस डील को और महत्वपूर्ण बना दिया है, जिससे एचआईटी को आधुनिक बख्तरबंद वाहनों का उत्पादन करने में मदद भी मिलेगी। मौजूदा वक्त में दुनिया के जिस तरह के हालात बन गए हैं, उसमें पाकिस्तान का यह कदम बहुत मायने रखता है। इस नई डील के साथ, पाकिस्तान अपने रक्षा उद्योग को और मजबूत करने की कोशिश कर रहा है, जिससे रक्षा क्षेत्र में उसे महत्वपूर्ण शक्ति बनने की दिशा में बेहतर कदम साबित हो सकता है। दूसरी तरफ पाकिस्तान का यह कदम भारत के लिए चेतावनी भी हो सकती है। दरअसल हाल के वर्षों में, पाकिस्तान ने अपने रक्षा उद्योग को बढ़ाने के लिए अनेक देशों के साथ सहयोग बढ़ाया है, जिससे उसकी सैन्य क्षमताएं और भी विकसित हो रही हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

बुरे विचारों का विश्लेषण करने के लिए अपने विवेक का उपयोग करें; और फिर उन्हें निकाल कर फेंक दें। जीवन का एक उज्ज्वल पक्ष है और एक अंधकारमय पक्ष है, क्योंकि सापेक्षता का संसार प्रकाश और छाया से निर्मित है।

## सुख : सकारात्मक मनोवृत्ति




श्री श्री परमहंस योगानंद

कला, संगीत और साहित्य की उत्कृष्ट कृतियों में भी कोई व्यक्ति दोष निकाल सकता है। किन्तु क्या उनकी मनोहरता और महिमा का आनन्द लेना श्रेष्ठत्तर नहीं है? लगभग प्रत्येक व्यक्ति उन तीन बन्दरों की मूर्तियों से परिचित है जो इस कहावत पर बल देते हैं, बुरा मत देखो, बुरा मत सुनो, बुरा मत बोलो। मैं सकारात्मक दृष्टिकोण पर बल देता हूँ: जो अच्छा है उसे देखो, जो अच्छा है उसे सुनो, जो अच्छा है वही बोलो। अच्छा और बुरा, सकारात्मक और नकारात्मक, दोनों ही इस संसार में अस्तित्व रखते हैं। चेतना को सकारात्मक रखने के प्रयास में बहुत से लोग अनावश्यक रूप से नकारात्मक विचारों से भयभीत हो जाते हैं। नकारात्मक विचारों के अस्तित्व को अस्वीकार करना व्यर्थ है, परन्तु आपको उनसे डरना भी नहीं चाहिए। बुरे विचारों का विश्लेषण करने के लिए अपने विवेक का उपयोग करें; और फिर उन्हें निकाल कर फेंक दें। जीवन का एक उज्जवल पक्ष है और एक अन्धकारमय पक्ष है, क्योंकि सापेक्षता का संसार प्रकाश और छाया से निर्मित है। यदि आप अपने विचारों को बुराई पर स्थिर रहने की अनुमति देते हैं तो आप स्वयं बुरे बन जाएँगे। प्रत्येक वस्तु में केवल अच्छाई को ही देखें ताकि आप सुन्दरता के गुण को ही आत्मसात करें। सत्य के कथनों का गहन एकाग्रता के साथ चिन्तन, अध्ययन और पुनरावृत्ति करते रहने से आपके मन से नकारात्मकता को निकालने एवं सकारात्मक दृष्टिकोण को स्थापित करने में सहायता मिलेगी। **(क्रमशः)**

फेसबुक वॉल से




X से




रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। -संपादक

आज का दोहा

चरण बिके, तस्वीर फिर, धूलि बिकी सौ बार।
श्रद्धा से निकले कई, ऐसे कारोबार।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

भाईदूज पर विशेष

## भाई-बहन के जीवन में सुरक्षा एवं सुख की कामना का पर्व



ललित गर्ग



भ्रातृ द्वितीया (भाई दूज) कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाने वाला हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक पर्व है जिसे यम द्वितीया भी कहते हैं। यह दीपावली के दो दिन बाद आने वाला ऐसा पर्व है, जो भाई के प्रति बहन के स्नेह को अभिव्यक्त करता है एवं बहनें अपने भाई की खुशहाली के लिए कामना करती हैं। जिस तिथि को यमुना ने यम को अपने घर भोजन कराया था, उस तिथि के दिन जो भाई अपनी बहन के हाथ का उत्तम भोजन करता है उसे उत्तम भोजन समेत धन, सुख एवं खुशहाल जीवन की प्राप्ति भी होती रहती है। यह पर्व भाई-बहन के स्नेह, प्रेम, आत्मीयता का द्योतक है। कोई बहन नहीं चाहती कि उसका भाई दीन-हीन एवं तुच्छ हो, सामान्य जीवन जीने वाला हो, ज्ञानरहित, प्रभावरहित हो। इस दिन भाई को अपने घर पाकर बहन अत्यन्त प्रसन्न होती है अथवा किसी कारण से भाई नहीं आ पाता तो स्वयं उसके घर चली जाती है। भाई दूज हिन्दू समाज में भाई-बहन के पवित्र रिश्तों का प्रतीक पर्व है, बहन के द्वारा भाई की रक्षा के लिये मनाये जाने वाले इस पर्व को हिन्दू समुदाय के सभी वर्ग के लोग हर्ष उल्लास से मनाते हैं। इस पर्व पर जहां बहनें अपने भाई को टीका लगाकर उनके जीवन रक्षा, दीघार्यु व सुख समृद्धि की कामना करती हैं तो वहीं भाई भी सगुन के रूप में अपनी बहन को उपहार स्वरूप कुछ भेंट देने से नहीं चूकते। हिन्दू धर्म एवं परम्परा में पारिवारिक सुदृढ़ता, सांस्कृतिक मूल्य एवं आपसी सौहार्द के लिये त्यौहारों का विशेष महत्व है। इन्हीं त्यौहारों में भाई-बहन के आत्मीय रिश्ते को दर्शाता यह एक अनूठा त्यौहार है। भैया दूज यानी भाई-बहन के प्यार का पर्व। एक ऐसा पर्व जो घर-घर मानवीय रिश्तों में नवीन ऊर्जा का संचार करता है। बहनों में उमंग और उत्साह को संचरित करता है, वे अपने प्यारे भाइयों के टीका लगाने को आतुर होती हैं। बेहद शालीन और सात्विक यह पर्व सदियों पुराना है। इस पर्व से भाई-बहन ही नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवीय संवेदनाओं का गहरा नाता रहा है। भाई और बहन के रिश्ते को यह फौलाद-सी मजबूती देने वाला है। आदर्शों की ऊंची मीनार है। सांस्कृतिक परंपराओं की अद्वितीय कड़ी है। रीति-रिवाजों का अति सम्मान है। इस त्यौहार को मनाने के पीछे की ऐतिहासिक कथा भी निराली है। पौराणिक आख्यान के अनुसार भगवान सूर्य नारायण की पत्नी का नाम छाया था। उनकी कोख से यमराज तथा यमुना का जन्म हुआ था। यमुना यमराज से बड़ा स्नेह करती थी। यमुना ने अपने भाई यमराज को आमंत्रित किया कि वह उसके घर आकर भोजन ग्रहण करें, किन्तु व्यस्तता के कारण यमराज उनका आग्रह टाल जाते थे। यमराज ने सोचा कि मैं तो प्राणों को हरने वाला हूं। मुझे कोई भी अपने घर नहीं बुलाना चाहता। बहन जिस सद्भावना से मुझे बुला रही है, उसकी इच्छा को पूरा करना मेरा धर्म है। बहन के घर आते समय यमराज ने नरक निवास करने वाले जीवों को मुक्त कर दिया। यमराज को अपने घर आया देखकर यमुना की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उसने स्नान कर पूजन करके व्यंजन परोसकर उत्तम भोजन कराया। यमुना द्वारा किए गए आतिथ्य से यमराज ने प्रसन्न होकर बहन को वर दिया कि जो भी इस दिन यमुना में स्नान करके बहन के घर जाकर श्रद्धापूर्वक उसका सत्कार ग्रहण करेगा उसे व उसकी बहन को यम का भय नहीं होगा। तभी से लोक में यह पर्व यम द्वितीया के नाम से प्रसिद्ध हो गया। भाइयों को बहनों टीका लगाती है, इस कारण इसे भातृ द्वितीया या भाई दूज भी कहते हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## अर्थशास्त्री विवेक देबरॉय का कोलकाता से रहा है गहरा नाता




**कोलकाता(हि.स.)।** देश के जाने-माने अर्थशास्त्री और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष विवेक देबरॉय का आज (1 नवंबर) को दिल्ली में निधन हो गया। उनकी गणना न केवल अर्थशास्त्र के विशेषज्ञों में होती है, बल्कि भारतीय महाकाव्यों और संस्कृति में उनकी गहरी रुचि और योगदान के लिए भी उन्हें विशेष रूप से जाना जाता है। उनका जीवन आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान से भरा हुआ था, जिसने उन्हें एक प्रतिष्ठित विद्वान और अर्थशास्त्री के रूप में स्थापित किया।
विवेक देबरॉय का जन्म 25 जनवरी 1955 को मेघालय के शिलांग में एक बंगाली हिंदू परिवार में हुआ था। उनके दादा-दादी विभाजन के बाद पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) के सिलहट जिले के पाइल गांव से 1948 में पलायन कर भारत आए थे। उनके पिता भारतीय लेखा और लेखापरीक्षा सेवा में अधिकारी थे। देबरॉय की शिक्षा की शुरुआत पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में स्थित रामकृष्ण मिशन विद्यालय, नरेंद्रपुर से हुई। इसके बाद उन्होंने कोलकाता के प्रतिष्ठित प्रेसीडेंसी कॉलेज और दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में पढ़ाई की। इसके बाद वे कैम्ब्रिज के ट्रिनिटी कॉलेज में फ्रैंक हॉन के मार्गदर्शन में अध्ययन के लिए गए, जहां उन्होंने सूचनाओं को सामान्य संतुलन ढांचे में एकीकृत करने पर शोध किया। हालांकि अनुसंधान में उन्हें अपेक्षित सफलता न मिलने के कारण उन्होंने मास्टर डिग्री प्राप्त की और भारत लौट आए।
देबरॉय ने 2015 से 2019 तक निति आयोग के सदस्य के रूप में काम किया। उनके योगदान को पहचानते हुए 2015 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया।

# बुंदेलखंड को एग्रो हब बनाने के लिए जीआई टैगिंग पर खास जोर

## सरकार और नाबार्ड के प्रयास से झांसी को कठिया गेंहू का जीआई टैग हासिल हुआ

**लखनऊ।** बुंदेलखंड में कृषि और बागवानी को प्रोत्साहित कर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार यहां के किसानों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजार से जोड़ने की कवायद कर रही है। योगी सरकार और नाबार्ड के संयुक्त प्रयासों से झांसी के एफपीओ को कठिया गेंहू का जीआई टैग हासिल हुआ है। अब, झांसी जिले के ही एक एफपीओ के माध्यम से अदरक को जीआई टैग दिलाने के लिए आवेदन दाखिल किया गया है। उम्मीद है कि आने वाले कुछ समय में जीआई टैग मिल जाने के बाद यहां के अदरक उत्पादकों को बेहतर बाजार और मूल्य मिलने के साथ ही अदरक के उत्पादन में भी बढ़ोतरी होगी।

जीआई टैग यानी जियोग्राफिकल इंडिकेशन टैग किसी क्षेत्र विशेष के खास उत्पादन या उपज को मान्यता प्रदान करता है। झांसी के एफपीओ के माध्यम से नाबार्ड और उद्यान विभाग ने प्रस्ताव तैयार कराकर आवेदन दाखिल कराया है। जीआई टैग का प्रस्ताव विशेषज्ञ की मदद से तैयार किया गया है। आवेदन का परीक्षण होने के बाद इसे जीआई टैग मिल जाएगा और कठिया गेहूं की तरह अदरक की पहचान भी बुंदेलखंड क्षेत्र की एक बड़ी उपलब्धि साबित होगी। उत्पादन की गुणवत्ता के मानकीकरण के कारण यहां के उत्पाद को बेहतर मूल्य हासिल होगा और इसकी डिमांड बढ़ जाएगी।

बरुआसागर और आसपास के क्षेत्रों में काफी संख्या में किसान अदरक की खेती करते रहे हैं। इनकी संख्या को बढ़ाने पर भी सरकार का जोर है। नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक भूपेश पाल ने बताया कि झांसी के एक एफपीओ के माध्यम से अदरक के जीआई टैग के लिए आवेदन किया गया है।



## जन समस्याओं के प्रति बनें संवेदनशील तुरंत कराएं समाधान : मुख्यमंत्री

**गोरखपुर, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबकी समस्याएं सुनते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। समस्या से जुड़ी शिकायत पर तेजी से कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण व संतुष्टिपरक समाधान सुनिश्चित कराएं। समस्या लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा, घबराइए मत। सरकार हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी। गुरुवार को वनटांगियों के साथ दीपावली मनाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 200 लोगों से मिले। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लगी कुर्सियों पर बैठाए गए लोगो तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। इत्मीनान से बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए। पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए। अलग-अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। अपराध व जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों व भू माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा यदि कोई दबंग, माफिया किसी की जमीन जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए। गरीबों को उजाड़ने वाले कतई न बख्शे जाएं।

## बिहार के राजेश कुमार सिंह बने नए रक्षा सचिव, पदभार संभाला



**नई दिल्ली।** मोदी सरकार ने अगस्त में राजेश कुमार सिंह (आरके सिंह) को नया रक्षा सचिव नियुक्त किया था। अरमानी गिरधर के रिटायर होने के बाद आज आरके सिंह ने नए रक्षा सचिव का कार्यभार संभाल लिया है। दो साल तक संभालेंगे ये पद आरके सिंह का दो सालों तक कार्यकाल होगा। उन्होंने साउथ ब्लॉक में कार्यभार संभाला हैं, जहां मंत्रालय स्थित है। बता दें कि बिहार के रहने वाले आरके सिंह केरल कैडर के 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। 20 अगस्त को मिली थी रक्षा सचिव नामित की जिम्मेदारी रक्षा सचिव बनने से पहले वह रक्षा मंत्रालय में ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी ( रक्षा सचिव नामित) का कार्यभार संभाल रहे थे। रक्षा मंत्रालय में रक्षा सचिव नामित की यह तैनाती उन्हें इसी वर्ष 20 अगस्त को मिली थी। एक नवंबर को कार्यभार संभालने से पहले राजेश कुमार सिंह ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में शहीद नायकों को पुष्पांजलि अर्पित की और श्रद्धांजलि दी।उन्होंने कहा, 'देश, मातृभूमि की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले हमारे बहादुर सैनिकों का सदैव ऋणी रहेगा। हमारे जवानों की असाधारण बहादुरी और बलिदान भारत को एक सुरक्षित और समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए हमें शक्ति देते हैं व ये बलिदान हमारे प्रेरणा स्रोत हैं।'राजेश कुमार सिंह 24 अप्रैल, 2023 से 20 अगस्त, 2024 तक वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के सचिव का पदभार संभाल रहे थे। इससे पहले वह पशुपालन, डेयरी व मत्स्य पालन मंत्रालय में पशुपालन एवं डेयरी सचिव थे। सिंह ने केंद्र सरकार में कई अन्य महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है।

## आज का राशिफल

**मेष :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। यात्रा आवश्यक होगी।

**वृष :** लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगे।

**मिथुन :** दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा।

**कर्क :** विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वत: ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेगे।

**सिंह :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कन्या :** आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। विपरीत परिस्थितियों में भी हानि नहीं होगी

**तुला :** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

**वृश्चिक :** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**धनु :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**मकर :** जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा।

**कुंभ :** :कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मीन :** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान रहेगा।

## मैं महिला हूं माल नहीं : साइना

### शाइना एनसी पर टिप्पणी को भाजपा ने बताया आपत्तिजनक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मुंबई की मुंबादेवी सीट से शिवसेना की उम्मीदवार शाइना एनसी ने शिवसेना (यूबीटी) सांसद अरविंद सावंत के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि मैं माल नहीं हूं, मैं महिला हूं। उद्धव ठाकरे चुप हैं, नाना पटोले चुप हैं लेकिन मुंबई की महिलाएं चुप नहीं रहेंगी।
महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान नेताओं के बीच जुबानी जंग भी शुरू हो चुकी है। शिव सेना (यूबीटी) नेता अरविंद सावंत ने शाइना एनसी पर कटाक्ष करते हुए 'विदेशी माल' कहा था। शाइना एनसी पर की गई इस टिप्पणी पर भारतीय जनता पार्टी ने हमला बोलते हुए इसे इंडी गठबंधन की मानसिकता का परिचायक बताया। भाजपा ने इस टिप्पणी को बेहद आपत्तिजनक बताते हुए इसकी निंदा की है। शुक्रवार को भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाल ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से कहा कि यह बहुत ही आपत्तिजनक टिप्पणी है। उन्होंने उन्हें



आयातित माल कहा। ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करना महिलाओं के लिए कांग्रेस-आईएनडीआई गठबंधन की मानसिकता है। इससे पहले इरफान अंसारी ने हाल ही में झारखंड के विधानसभा में भाजपा उम्मीदवार और एक आदिवासी महिला सीता सोरेन को अस्वीकृत माल कहा था। उन्होंने कहा कि पूरे इंडी गठबंधन का चरित्र महिलाओं का अपमान करना है, जिन्होंने 'लड़की हूं लड़ सकती हूं' का नारा दिया। अरविंद सावंत के बयान पर प्रियंका चतुर्वेदी को माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने पूछा कि क्या अरविंद सावंत को पार्टी से बर्खास्त किया जाएगा? ऐसा होगा नहीं क्योंकि यह महिला विरोधी गठबंधन है।

## दिवाली की रात में 60 से अधिक जगहों पर लगी आग

**गाजियाबाद (हि.स.)।** गाजियाबाद और नोएडा में जहां दीपावली के पर्व पर लोगों ने जमकर पटाखे फोड़े, वहीं इन पटाखों के कारण 60 से ज्यादा स्थान पर आग लगने की घटना हुई। फायर ब्रिगेड रात भर आग बुझाने के लिए इधर से उधर भागती रही। फायर ब्रिगेड ने आग में फंसे कई लोगों को सकुशल निकला और आग पर काबू भी पाया। इस दौरान कई लोगों की दिवाली काली हो गई और आग लगने के कारण लाखों -करोड़ों रुपये का नुकसान भी हुआ।

गाजियाबाद के मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुनील पाल ने शुक्रवार को बताया कि गाजियाबाद में रात भर में 50 से ज्यादा जगह आग लगने की सूचनाएं प्राप्त हुईं। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने भाग दौड़कर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सुनील पाल ने बताया कि शहर के बीचो-बीच तुराबनगर मार्केट में एक गारमेंट शोरूम में आग लग गई। लाखों रुपये का नुकसान



हो गया। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां कर्मवीर नामक शख्स के शोरूम पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान मार्केट में अफरा-तफरी का माहौल रहा। काफी संख्या में दुकानदार भी एकत्र हो गए।

### एसबीआई की मुख्य शाखा में लगी भीषण आग

**विशाखापट्टनम।** आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम के जेल रोड क्षेत्र में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की मुख्य शाखा में गुरुवार को भीषण आग लग गई। घटना के समय बैंक पूरी तरह से खुला नहीं था, जिससे किसी भी प्रकार के जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। अधिकारियों का ध्यान इस बात पर है कि क्या आग बुझाने के लिए पहुंचे कर्मियों के द्वारा शॉर्ट सर्किट हुआ या अन्य कोई कारण है। आग लगने के पीछे की वजह जानने के लिए पुलिस और फायर सर्विस डिपार्टमेंट की टीमों ने काम शुरू कर दिया है।

## भाजपा के राज में दिल्ली की कानून व्यवस्था चरमराई : सौरभ भारद्वाज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के शाहदरा इलाके में हुए गोली कांड के बाद अब आम आदमी पार्टी (आप) ने केंद्र सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। आम आदमी पार्टी का कहना है कि केंद्र सरकार के हाथों में दिल्ली की पुलिस है और पुलिस का अपराधियों पर कोई जोर नहीं चल रहा है। चाहे दिन हो या त्योहार की शाम, अपराधी वारदात को अंजाम देकर फरार हो रहे हैं। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया है कि जैसे पहले



मुंबई में हालात सुने जाते थे। वैसे ही हालत अब दिल्ली में हो गए हैं। गुरुवार को जब पूरा देश दीपावली मना रहा था तब दिल्ली के शाहदरा में अपने घर के बाहर दीपावली मना रहे एक परिवार पर गोलियां चलाकर दो लोगों की हत्या कर दी गई और एक बच्चे की हालत गंभीर है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में दिल्ली की कानून व्यवस्था के हालात इस कदर खराब हो गए हैं कि 60 राउंड फायरिंग हो जाती है, बम ब्लास्ट हो जाते हैं, सरेआम रंगदारी मांगने के लिए गोलीबारी हो जाती है। जो हालात मुंबई में सुने जाते थे, जैसे रंगदारी मांगी जाती थी, हत्या कर दी जाती थी, अलग-अलग गैंग सक्रिय थे। वो हालात आज देश की राजधानी दिल्ली में हो गए हैं।

# छठ पर्व पर उप्र-बिहार जाने वालों के लिए आज दिल्ली से चलेंगी 41 ट्रेनें

**एजेंसी। नई दिल्ली**

छठ पर उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए उत्तर रेलवे 2 नवंबर को 71 विशेष रेलगाड़ियां का संचालन करेगा। इनमें से 41 विशेष रेलगाड़ियां दिल्ली के प्रमुख स्टेशनों से बनकर चलेंगी। उत्तर रेलवे ने शुक्रवार को कहा कि त्योहारों के अवसर पर भारतीय रेलवे द्वारा 7,296 विशेष गाड़ियां चलाई जा रही हैं, जबकि पिछले साल 4,500 विशेष गाड़ियां चलाई गई थीं। भारतीय रेल ने छठ पर्व के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। दिल्ली के प्रमुख स्टेशनों से बनकर चलने वाली 41 विशेष रेलागड़ियों में से सबसे अधिक 14 ट्रेन नई दिल्ली से चलेंगी। इसके बाद आनंद विहार से 12, दिल्ली जंक्शन से 8, हजरत निजामुद्दीन से 6 और दिल्ली छावनी से 1 ट्रेन शामिल है। नई दिल्ली से चलने वाली 14 रेलगाड़ियों में प्रमुख हैं- रेलगाड़ी संख्या 04070 नई दिल्ली से 00.20 बजे रवाना होगी और राजगीर 21 बजे पहुंचेगी। रेलगाड़ी संख्या 04054 नई दिल्ली से 14.20 बजे रवाना होगी और बरौनी जंक्शन 11 बजे पहुंचेगी। रेलगाड़ी संख्या 02248 नई दिल्ली से 0825 बजे रवाना होगी और पटना जंक्शन पर 20.30 बजे पहुंचेगी। रेलगाड़ी संख्या 04036 नई दिल्ली से 12 बजे रवाना होगी और भागलपुर जंक्शन पर 10 बजे पहुंचेगी। रेलगाड़ी संख्या 02564 नई दिल्ली से 17.55 बजे रवाना होगी और बरौनी जंक्शन पर 15.10 बजे पहुंचेगी। रेलगाड़ी संख्या 02570 नई दिल्ली से 12.15 बजे रवाना होगी और दरभंगा जंक्शन 10 बजे पहुंचेगी। आनंद विहार से चलने वाली 12 रेलगाड़ियां में प्रमुख हैं- रेलगाड़ी संख्या 04032 आनन्द विहार टर्मिनल से 5.15 बजे रवाना होगी और सहरसा जंक्शन पर 10.30 बजे पहुंचेगी। रेलगाड़ी संख्या 04044 आनन्द विहार टर्मिनल से 23.15 बजे रवाना होगी और गोरखपुर जंक्शन 14 बजे पहुंचेगी। रेलगाड़ी संख्या 03576 आनन्द विहार टर्मिनल से 10.15 बजे रवाना होगी और आसनसोल जंक्शन 10.20 बजे पहुंचेगी। रेलगाड़ी संख्या 05220 आनन्द विहार टर्मिनल से 8 बजे रवाना होगी और मुजफ़्फ़रपुर



जंक्शन पर 00.45 बजे पहुंचेगी। रेलगाड़ी संख्या 04080 दिल्ली जंक्शन से 19.30 बजे रवाना होकर वाराणसी जंक्शन 9.45 बजे पहुंचेगी। रेलगाड़ी संख्या 02418 दिल्ली जंक्शन से 09.30 बजे रवाना होगी और प्रयागराज जंक्शन 19.45 बजे पहुंचेगी। रेलगाड़ी संख्या 04034 दिल्ली जंक्शन से 23.45 बजे रवाना होकर जयनगर 23 बजे पहुंचेगी।

## न्यूज बॉक्स

### आग लगने से चार घर जले

**बेतिया।** बेतिया पुलिस जिला के परोराहा पंचायत अंतर्गत भगौना गांव में गुरुवार की रात अचानक आग लगने से 4 घर जलकर राख हो गया है। आग लगने से भगौना गांव निवासी बीगा साह, भूटी साह, जोगिंदर साह एवं मुसमात प्रमिला देवी के घर में रखा बखारी का धान, चावल, बर्तन, कपड़ा, फर्नीचर तथा चारा मशीन जलकर राख हो गया। घटना गुरुवार की रात 12 बजे की बताई जा रही है। घटना की सूचना पर अग्निशमन व 112 की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची। वहीं ग्रामीणों तथा अग्निशमन के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया। चारों पीड़ित परिवारों ने शुक्रवार को स्थानीय थाना साठी तथा अंचलाधिकारी नरकटियागंज को आवेदन देकर आर्थिक सहायता की गुहार लगाई है।

### भूमि विवाद में हिंसक झड़प, दो पक्षों के बीच मारपीट में आधा दर्जन लोग जख्मी

**फारबिसगंज/अररिया (हि.स.)।** अररिया के नरपतगंज में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई. इस झड़प में दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए हैं जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया. वहीं घटना की जानकारी पुलिस को मिली तो मामले की जांच शुरू की गयी और केस दर्ज किया गया है। नरपतगंज प्रखंड क्षेत्र के दरगाहीगंज पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 9 की यह घटना है. जहां दिवाली के दिन भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में झड़प हो गयी. देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गयी. वही, दोनों पक्षों से महिला सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना के बाद जख्मी लोगों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरपतगंज में भर्ती कराया गया. जहां इलाज कराने के बाद नरपतगंज थाना पहुंचकर प्राथमिकी दर्ज के लिए आवेदन दिया घायल में दरगाहीगंज पंचायत के वार्ड नंबर 9 के निवासी दीपनारायण यादव पिता स्वर्गीय दुखी यादव , बेचनी देवी पति दीप नारायण यादव , चंदन यादव पिता उपेंद्र यादव ,तारिया देवी पति उपेंद्र यादव सहित अन्य बताए जा रहे हैं।

### पश्चिम चंपारण में मवेशी सहित दो तस्कर पुलिस हिरासत में

**बेतिया (हि.स.)।** पश्चिम चंपारण ज़िला के बेतिया पुलिस जिला स्थित योगापट्टी पुलिस ने 10 जोड़ी मवेशी,पीकअप वैन समेत दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि सूचना मिली कि कल शाम थाना क्षेत्र से पशु तस्कर पशुओं की बड़ी खेप नेपाल में लेजाकर बेचने की फिराक में हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के बलुआं गांव में छापेमारी की छापामारी के दौरान पीक अप वैन पर लदी छोटी बड़ी 19 अदद मवेशियों को जब्त कर लिया। साथ ही बलुआं गांव निवासी पशु तस्कर विनोद नट व बिरेंद्र नट को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सभी मवेशियों को सुरक्षित रखने के लिए मवेशी घर में भेज दिया है व पीकअप वैन को जब्त कर गिरफ्तार तस्करों को आज बेतिया मंडल कारा भेज दिया गया है।

### कलकत्ता विश्वविद्यालय में बांग्ला विभाग के 120 छात्रों की उत्तरपुस्तिकाएं हुईं गायब



**कोलकाता (हि.स.)।** कलकत्ता विश्वविद्यालय में बांग्ला विभाग के स्नातकोत्तर छात्रों की उत्तरपुस्तिकाएं गायब होने का मामला सामने आया है। विश्वविद्यालय के एक अधिकारी के अनुसार, करीब 120 छात्रों की उत्तरपुस्तिकाएं लापता हैं। इस घटना से इन छात्रों के भविष्य पर खतरा मंडराने लगा है। मामले में अधिक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय के अंतरिम कुलपति शांत दत्ता, रजिस्ट्रार देवाशीष दास और परीक्षा नियंत्रक जयंत सिंह से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन किसी ने भी फोन का जवाब नहीं दिया। हालांकि, विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि इस घटना के पीछे परीक्षकों की लापरवाही है और यह छात्रों के भविष्य के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। विश्वविद्यालय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, बांग्ला स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम कुल 19 कॉलेजों में पढ़ाया जाता है।

### प्रतिबंधित पटाखों के इस्तेमाल व दुर्व्यवहार मामले में 33 लोग गिरफ्तार

**कोलकाता (हि.स.)।** काली पूजा के अवसर पर प्रतिबंधित पटाखों के इस्तेमाल और दुर्व्यवहार के आरोप में 33 लोगों को गिरफ्तार गया किया। इनमें से सात लोग प्रतिबंधित पटाखे फोड़ने के कारण गिरफ्तार किए गए, जबकि 26 अन्य को दुर्व्यवहार के आरोप में हिरासत में लिया गया। पुलिस के अनुसार, अब तक किसी भी प्रतिबंधित पटाखे को जब्त नहीं किया गया है। पुलिस ने काली पूजा से पहले अभियान तेज करते हुए 21 अक्टूबर से 29 अक्टूबर के बीच 35 लोगों को प्रतिबंधित पटाखों के साथ गिरफ्तार किया और लगभग 3934 किलोग्राम पटाखे जब्त किए। मंगलवार को कोलकाता पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने शहर के पटाखा बाजार का दौरा किया और काली पूजा व दीवाली के दौरान प्रतिबंधित पटाखों पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाने का आश्वासन दिया। पुलिस ने सिर्फ पटाखों पर ही नहीं बल्कि पूजा पंडालों में माइक और साउंड बॉक्स के उपयोग पर भी नियंत्रण लगाया है। कोलकाता पुलिस ने इसके लिए गाइड लाइन जारी की है। कोलकाता पुलिस का यह सख्त रुख लोगों को सुरक्षित और शांतिपूर्ण काली पूजा का अनुभव देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### भतीजे ने ही गोली मारकर की चाचा की हत्या

**जौनपुर (हि.स.)।** दिवाली के दिन गुरुवार को देर रात सोते समय एक व्यक्ति की गोली मारकर हुई हत्या मामले का पुलिस ने मात्र दो घंटे के भीतर ही पर्दाफ़ाश कर दिया। यह ख़ून किसी और ने नहीं बल्कि उसक सगे भतीजे ने ही किया था। पुलिस के अनुसार इस वारदात के पीछे आशनाई व अन्य कई कारणों के वजह से हत्या हुई है। रामपुर थाना क्षेत्र के पचरुखी गांव निवासी रामजीत पटेल (45 )की संदिग्ध परिस्थितियों में अज्ञात लोगों द्वारा कनपटी पर गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मृतक की पत्नी चंद्रावती भी उसके साथ सोई हुई थी। गुरुवार की रात करीब ढाई से 3 बजे पत्नी उठकर घटनास्थल से 50 मीटर दूर नित्य क्रिया के लिए पुश्तैनी घर चली गई थी। थोड़ी देर बाद जब वह घर वापस आई तो चारपाई पर पति को खून से लथपथ हाल में देख पत्नी घबरा गई। वह परिजनों को बताने के लिए वापस घर चली गई। घर से सभी परिजन घटना स्थल पर पहुंचे।इसी बीच किसी ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिए युवक को रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### गंगा में डूबने से एक बच्चे की मौत

**भागलपुर (हि.स.)।** जिले के सुलतानगंज प्रखण्ड के गनगनिया पंचायत के फतेहपुर में गंगा नदीमें डूबे बच्चे का शवशुक्रवार को बरामद कर लिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि फतेहपुर गाँव के वार्ड 14 के रहनेवाले बिलास मंडल के पुत्र सन्नी कुमार उम्र 13 वर्ष जो अपने दोस्तों के साथ फतेहपुर गंगा में स्नान करने दिपावली के दिन गया था,जिसकी गंगा नदी में डूबने से मौत हो गई। उधर घटना की जानकारी पुलिस को देने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर भेज दिया है। उधर घटना के बाद से परिजन का रो रोकर बुरा हाल है।

# जडेजा का पंजा, न्यूजीलैंड 235 रनों पर ढेर, अश्विन रहे निराश

## सुंदर का बेहतरीन प्रदर्शन जारी, झटके 4 विकेट

एजेंसी

**मुंबई।** अनुभवी बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा ने अपना 14वां पांच विकेट लिया और वाशिंगटन सुंदर ने चार विकेट लिए, जिससे भारत ने शुक्रवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में 2024 सीरीज के तीसरे और अंतिम टेस्ट के पहले दिन न्यूजीलैंड को 235 रनों पर समेट दिया। जडेजा ने दो बार डबल स्ट्राइक करते हुए 5-65 विकेट लिए, जबकि सुंदर ने सुबह और शाम के सत्र में दो-दो विकेट लिए और 4-81 विकेट झटके, क्योंकि भारतीय गेंदबाजों ने टर्निंग ट्रैक का पूरा फायदा उठाया। न्यूजीलैंड को 200 रन के आंकड़े को पार करने के लिए विल यंग और डेरिल मिशेल का शुक्रिया अदा करना चाहिए, जिन्होंने चौथे विकेट के लिए 89 रनों की साझेदारी की। यंग ने धैर्यपूर्वक 71 रन बनाए, जबकि मिशेल ने 129 गेंदों पर तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से 82 रन बनाए। न्यूजीलैंड के केवल चार बल्लेबाज दोहरे अंक तक पहुंच पाए, क्योंकि मेहमान टीम ने 76 रन पर छह विकेट गंवा दिए। इससे पहले, सुंदर द्वारा टॉम लैथम और रचिन रवींद्र को लगभग एक ही तरह से आउट करना, आकाश दीप द्वारा डेवॉन कॉनवे को चार रन पर एलबीडब्ल्यू आउट करके भारत को सफलता दिलाने के बाद, सुबह के सत्र का मुख्य आकर्षण रहा, क्योंकि न्यूजीलैंड ने लंच तक 92/3 का स्कोर बनाया।



जडेजा ने लंच के बाद गिरे तीनों विकेट चटकाए, जिससे यंग और मिशेल के बीच महत्वपूर्ण साझेदारी टूट गई, जिन्होंने चौथे विकेट के लिए 89 रन जोड़े, क्योंकि मेहमान टीम को गर्मी और उमस भरी परिस्थितियों और भारतीय गेंदबाजों, खासकर स्पिनरों, जो पिच से अच्छा टर्न हासिल कर रहे थे, दोनों से निपटने में संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने चौथे विकेट की साझेदारी का अंत तब किया जब उन्होंने ऑफ-स्टंप के ठीक बाहर फुल लेंथ की गेंद पर पर्याप्त टर्न हासिल किया और पहली स्लिप में रोहित शर्मा के हाथों में गेंद गई। तीन गेंद बाद, बाएं हाथ के स्पिनर ने एक और विकेट लिया, जब उन्होंने टॉम ब्लंडेल के बल्ले को मिडिल स्टंप से घुमाकर ऑफ पर क्लिप किया। उनका तीसरा विकेट ग्लेन फिलिप्स के रूप में आया, जिन्होंने तेज गेंद डाली, जो हाथ से फिसली और बल्ले से आगे निकलकर स्टंप पर जा लगी। साझेदारों की कमी के कारण, मिचेल, जो स्वीप पर टॉप-एज से बाउंड्री पर फील्डर को चकमा देते हुए और बैकवर्ड शॉर्ट लेग पर कोहली के पास से अंदर की तरफ जाते हुए, अपने हाथों को जोखिम में डालते हुए, सुंदर के तीन ओवरों में तीन छक्के लगाए। उन्होंने क्रीज के अंदर से एक छोटी गेंद को मिडविकेट पर छह रन के लिए खींचा और फिर 62वें ओवर में सुंदर को दो छक्के लगाए, जो गेंदबाज के सिर के ऊपर से विकेट के नीचे फिसल गया और फिर लॉन्ग-ऑफ पर एक बड़ा छक्का लगाया। सुंदर ने आखिरी हंसी तब जीती जब उन्होंने मिचेल को वापस भेजा, जिन्होंने 129 गेंदों पर तीन चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से 82 रन बनाए और मुश्किल परिस्थितियों में भी क्रीज पर डटे रहे। न्यूजीलैंड की पारी चाय के 42 मिनट बाद समाप्त हुई जब एजाज पटेल विकेट के सामने फंस गए और आउट हो गए।

**संक्षिप्त स्कोर** न्यूजीलैंड 65.4 ओवर में 235 रन पर ऑल आउट (डेरिल मिशेल 82, विल यंग 71; रवींद्र जडेजा 5-65, वाशिंगटन सुंदर 4-81)

## खेल का महाकुंभ

# आईपीएल से मालामाल हो गए यह क्रिकेटर, एक की सैलरी बढ़ी 700 गुणा

*आईपीएल रिटेंशन ने कई खिलाड़ियों की जिंदगी बदल दी है। फ्रेंचाइजियां जोकि महत्वपूर्ण क्रिकेटरों से एक जैसी कीमतों पर काम ले रही थी, अब रिटेन प्लेयरों को स्थाई राशि देने को मजबूर हो गई है। इस कारण कई क्रिकेटर ऐसे हैं जिनकी सैलरी में 700 गुणा तक बढ़ोतरी हो गई है। कहा जाता है कि आईपीएल की रिटेंशन नीति ने कई क्रिकेटर को मोटी रकम दिला दी है। आइए जानते हैं कौन से हैं वो क्रिकेटर जो इस नीति के कारण मालामाल हो गए हैं*



**ध्रुव जुरेल :** जुरेल को 2022 में राजस्थान रॉयल्स ने 20 लाख कीमत पर खरीदा गया था। दो साल ही में वह अपनी टीम के लिए इतने प्रमुख हो गए हैं कि उन्हें भविष्य का सितारा मानकर रिटेन कर लिया गया है। उन्हें अब 14 करोड़ रुपए मिलेंगे जोकि 20 लाख के मुकाबले 700 गुणा ज्यादा है।



**मयंक यादव :** लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज ने पिछले सीजन में 157 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी थी। वह नई सनसनी हैं। लखनऊ ने उन्हें 2023 में 20 लाख में खरीदा था। उस साल वह खेल नहीं पाए थे लेकिन 2024 सीजन में उन्होंने ऐसी धूम मचा दी कि लखनऊ प्रबंधन ने उन्हें 11 करोड़ की राशि देकर रिटेन कर लिया है।



**रजत पाटीदार :** पाटीदार की जब आईपीएल में एंट्री हुई थी तो उन्हें मात्र 20 लाख रुपए ही मिले। बड़ी टीमों के खिलाफ दबाव में प्रदर्शन का ईनाम उन्हें मिला है कि अब उन्हें आरसीबी जैसी टीम ने रिटेन कर लिया है। पाटीदार को रिटेंशन के कारण 11 करोड़ की रकम मिलेगी।



**ट्रिस्टन स्टब्स :** दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेटर ट्रिस्टन को एबी डीविलियर्स का उत्तराधिकारी माना जा रहा है। वह दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेलते हैं। पिछले सीजन में उनके बल्ले से गगनचुंबी छक्के भी निकले थे। उन्होंने 2024 सीजन 50 लाख के प्राइस पर खेला था लेकिन अब उन्हें 10 करोड़ रुपए मिलेंगे।



**रिंकू सिंह :** कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए वन मैच वंडर बनकर उभरे रिंकू सिंह की किस्मत भी चमक रही है। वह 2022 में 55 लाख की कीमत पर बिके थे। उन्होंने पिछला सीजन इन्हीं पैसों में खेला था। उन्हें कोलकाता रिटेंशन से अब 13 करोड़ रुपए देगी।



**साईं सुदर्शन :** गुजरात टाइटंस के सुपरस्टार भी प्रमुख क्रिकेटर हैं। 2022 में उन्हें 20 लाख का बेस प्राइस मिला था लेकिन इस बार रिटेशन के कारण उन्हें 8.5 करोड़ रुपए मिलेंगे। साईं विश्वसनीय क्रिकेटर हैं। उनके बल्ले से लगातार रन निकल रहे हैं।



**नितिश रेड्डी :** 2023 में नितिश पर मात्र 20 लाख रुपए का ही दाव लगा था लेकिन एक दो साल में ही उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद में ऐसी धाक जमाई कि प्रबंधन को उन्हें 6 करोड़ रुपए में रिटेन करना पड़ा।



**शशांक सिंह :** पंजाब किंग्स ने जब 2024 मिनी ऑक्शन के दौरान शशांक सिंह को खरीदा था तो खूब विवाद हुआ था। पंजाब प्रबंधन ने कहा था कि यह वो शशांक नहीं है जिस पर बोली लगाई गई थी लेकिन बाद में पंजाब ने अपनी गलती मान ली थी। शशांक ने इसके बाद पंजाब के लिए जोरदार प्रदर्शन किया। इसी कारण उन्हें 20 लाख रुपए से पंजाब ने 5.5 करोड़ में रिटेन करने का फैसला लिया है।

## एफसी बार्सिलोना ने फर्मिन लोपेज़ के अनुबंध को 2029 तक बढ़ाया

**मैड्रिड।** एफसी बार्सिलोना ने गुरुवार को 21 वर्षीय मिडफील्डर फर्मिन लोपेज़ के साथ जून 2029 के अंत तक एक नए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। नए सौदे में लोपेज़ के रिलीज़ क्लॉज़ को बढ़ाकर 500 मिलियन यूरो कर दिया गया है, जो अन्य क्लबों के लिए लगभग असंभव है। लोपेज़ 2023 की गर्मियों में बार्सिलोना में तब छाए जब उन्होंने क्लब के समर टूर में रियल मैड्रिड के खिलाफ़ गोल किया और उन्होंने 31 लीग मैचों के साथ सीज़न का अंत किया, जिसमें आठ गोलों ने दिखाया कि वे प्रतिद्वंद्वी पेनल्टी क्षेत्रों में लगभग बिना किसी परेशानी के पहुँच सकते हैं। उनके फ़ॉर्म ने उन्हें यूरोपीय चैंपियनशिप के लिए स्पेन की राष्ट्रीय टीम में जगह दिलाई और हालाँकि उन्होंने स्पेन के खिताब जीतने के दौरान शायद ही कोई मैच खेला हो, फिर भी उन्हें पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए टीम में शामिल किया गया, जहाँ उन्होंने अपने बाकी अंतरराष्ट्रीय साथियों के साथ स्वर्ण पदक जीता।



## आईसीसी के उपाध्यक्ष बने रहेंगे इमरान ख्वाजा

**नई दिल्ली।** इमरान ख्वाजा को एक और कार्यकाल के लिए फिर से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनका नया कार्यकाल 1 दिसंबर, 2024 से शुरू होगा, जिस दिन बीसीसीआई सचिव जय शाह आईसीसी अध्यक्ष के रूप में अपना कार्यकाल शुरू करेंगे। ख्वाजा, जो पहली बार 2008 में आईसीसी बोर्ड के लिए चुने गए थे, 2017 से उपाध्यक्ष हैं। उस दौरान, उन्होंने अंतरिम अध्यक्ष का पद भी संभाला था, जुलाई 2020 में शशांक मनोहर का कार्यकाल समाप्त होने के बाद वे इस पद पर आए थे। उस वर्ष बाद में, ख्वाजा ने ग्रेग बार्कले के खिलाफ शीर्ष पद के लिए नेतृत्व चुनाव लड़ा, जिसमें दो राउंड की वोटिंग के बाद बार्कले ने जीत हासिल की थी। इस वर्ष जुलाई में, कोलंबो में आईसीसी की वार्षिक आम बैठक में, ख्वाजा को आईसीसी बोर्ड में बैठने वाले तीन एसोसिएट सदस्य निदेशकों में से एक के रूप में फिर से चुना गया।



### आईआईएचएफ आइस हॉकी महिला एशिया चैम्पियनशिप

## चीन ने कजाकिस्तान को 5-0 से हराया

एजेंसी

**बीजिंग।** चीन ने गुरुवार को बीजिंग के शोगांग पार्क में आयोजित प्रथम अंतरराष्ट्रीय आइस हॉकी महासंघ (आईआईएचएफ) आइस हॉकी महिला एशिया चैम्पियनशिप के पहले मैच में कजाखस्तान को 5-0 से हराया। चीन की क्यू यू ने घरेलू मैदान पर मैच शुरू होने के 56 सेकंड बाद ही गोल कर चीन को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद उनकी टीम की साथी झांग बियांग और फेंग शिन ने पहले दौर में दो और गोल करके अपनी टीम को 3-0 से आगे कर दिया। चीन ने दूसरे और तीसरे दौर में बढ़त को और बढ़ाया व अंत में 5-0 की जीत हासिल की। चीन की कप्तान यू बाईवेई ने मैच के बाद कहा, "हमारी टीम के लिए यह अच्छी शुरुआत थी। युवा खिलाड़ियों ने इस उच्च स्तरीय आयोजन में अनुभव और आत्मविश्वास हासिल करने के लिए गोल और असिस्ट किए। हम जापान और अन्य टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक हैं, जो हमें अपनी क्षमता का दोहन करने में मदद कर सकती है। पूरी टीम अंत तक लड़ेगी। दूसरे गेम में जापान ने दक्षिण कोरिया को 12-0 से रौंदा। जापान ने छह मिनट में दो गोल करके स्कोरलाइन की शुरुआत की और अकेले दूसरे पीरियड में सात गोल करके जीत सुनिश्चित की। भाग लेने वाली सभी चार टीमों में, विश्व की 7वें नंबर की टीम जापान टूर्नामेंट में सर्वोच्च स्थान पर है।

### वसीम अकरम की गुजारिश

## चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान आए भारतीय टीम

एजेंसी

**लाहौर ।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम ने कहा है कि भारतीय टीम अगले वर्ष फरवरी में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अगर पाकिस्तान आती है तो उनका बहुत अच्छे से ख्याल रखा जाएगा और यह क्रिकेट के लिए बेहतरीन बात होगी। अकरम ने कहा कि मुझे लगता है कि जो भी मैं पढ़ रहा हूं उससे भारत सरकार और बीसीसीआई की ओर से सकारात्मकता नजर आ रही है। मैंने कहीं पर यह भी पढ़ा कि उनके सभी मैच लाहौर में होंगे। वे लाहौर आएंगे और उसी रात को वापस स्वदेश लौट जाएंगे। जब तक भारत सहज है, मैं इसके लिए तैयार हूं। मैं आपसे वादा करता हूं, उनका वहां पर बेहतरीन तरीक़े से ख्याल रखा जाएगा।भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली, रोहित शर्मा, हार्दिक पंड्या और सूर्यकुमार यादव के पाकिस्तान में प्रशंसक हैं और युवा क्रिकेट प्रशंसक उनको पसंद करते हैं। उन्होंने कहा- इंसान दर इंसान संपर्क इस समय और इस उम्र में बेहद अहम है। मेरी राय में सोशल मीडिया के जमाने में दुनिया भर में बहुत नकारात्मकता है और मुझे लगता है कि अगर भारत आएगा तो यह क्रिकेट के लिए अच्छा होगा और यह पाकिस्तान के लिए भी अच्छा होगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) का 19 फरवरी से नौ मार्च तक पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा। चैंपियंस ट्रॉफी में 8 टीम खेलेंगी और 2 ग्रुप में होंगी, जिसमें से 4 टीम सेमीफाइनल में जाएंगी और इसके बाद फाइनल होगा। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीम अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बंगलादेश, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका हैं। पीसीबी ने भारत के सभी मैच लाहौर में कराने का प्रस्ताव भी दिया है जो भारतीय सीमा के करीब है जिससे सामान और सुरक्षा संबंधी समस्याएं कम जटिल हो जाएंगी।





# फिर महंगा हुआ कॉमर्शियल गैस सिलेंडर, 62 रुपये की हुई बढ़ोतरी

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** दीवाली के बाद आम आदमी को आज सुबह बड़ा झटका लगा है। 1 नवंबर से 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 62 रुपये की बढ़ोतरी हो गई है। अब यह सिलेंडर उपभोक्ताओं को पहले से ज्यादा महंगा मिलेगा। हालांकि, घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में कोई बदलाव नहीं किया गया है, जिससे आम उपभोक्ताओं को राहत मिली है। इसके अलावा, तेल कंपनियों ने हवाई यात्रा पर भी असर डालते हुए एटीएफ (एविएशन टर्बाइन फ्यूल) की कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की है, जिससे हवाई किराए बढ़ने का संकेत मिल रहा है। दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में ताजा बदलाव देखा गया है। अब दिल्ली में एक कॉमर्शियल सिलेंडर का दाम 1802 रुपये हो गया है, जबकि कोलकाता में यह 1911.50 रुपये पर है। मुंबई में इसकी कीमत 1754.50 रुपये और चेन्नई में 1964.50 रुपये तय की गई है। गौरतलब है कि कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में यह बदलाव नियमित रूप से होता है और इसका असर रेस्तरां, होटल, कैटरिंग और अन्य व्यवसायिक क्षेत्रों पर पड़ता है।

### घरेलू गैस सिलेंडर के दाम

तेल कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में इजाफा किया है, लेकिन घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों को फिलहाल स्थिर रखा है। 14.2 किलोग्राम के घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। तेल कंपनियों का यह फैसला आम ग्राहकों के लिए राहतभरा माना जा रहा है। अलग-अलग शहरों में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतें इस प्रकार हैं:

| दिल्ली | कोलकाता | मुंबई | चेन्नई |
|---|---|---|---|
| ₹803 | ₹829 | ₹802.50 | ₹818.50 |



### फ्लाइट टिकट हो सकते हैं महंगे एटीएफ की कीमतों में बढ़ोतरी

दिवाली सीजन में फ्लाइट से यात्रा करने वालों को बड़ा झटका लग सकता है। तेल कंपनियों ने जेट फ्यूल की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी है, जिससे आने वाले दिनों में फ्लाइट टिकट महंगे हो सकते हैं। नवंबर की पहली तारीख से तेल कंपनियों ने जेट फ्यूल की कीमतों में करीब 3,000 रु प्रति किलोलीटर तक का इजाफा किया है।



#### मेट्रो शहरों में एटीएफ के नए दाम

| दिल्ली | कोलकाता | मुंबई | चेन्नई |
|---|---|---|---|
| ₹90,538.72 प्र. कि.ली. | ₹93,392.79 प्र. कि.ली. | ₹84,642.91 प्र. कि.ली. | ₹93,957.10 प्र. कि.ली. |

## अक्टूबर में यूपीआई 16.58 अरब ट्रांजैक्शन का नया रिकॉर्ड बनाया

**नई दिल्ली ।** अक्टूबर में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस के लेनदेन ने नया रिकॉर्ड बनाया, जिसमें कुल 16.58 बिलियन ट्रांजैक्शन हुए और इनकी कुल कीमत 23.5 ट्रिलियन रही। यह आंकड़ा अप्रैल 2016 में UPI की शुरुआत के बाद से सबसे ज्यादा है। पिछले रिकॉर्ड को सितंबर 2024 में 15.04 बिलियन ट्रांजैक्शन और जुलाई में 20.64 ट्रिलियन के मूल्य के साथ दर्ज किया गया था। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, लेनदेन में यह वृद्धि पर्सन-टू-मर्चेंट ट्रांजैक्शन, यानी सामान और सेवाओं की खरीदारी के लिए भुगतान के कारण हुई है, जिसमें त्योहारी सीजन का खासा योगदान रहा। अक्टूबर में पहली बार UPI लेनदेन की संख्या 16 बिलियन और कुल मूल्य 23 ट्रिलियन के आंकड़े को पार कर गई। सितंबर की तुलना में अक्टूबर में लेनदेन में 10 प्रतिशत और कुल मूल्य में 14 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। अगस्त में UPI के माध्यम से 14.96 बिलियन ट्रांजैक्शन हुए थे, जिनकी कुल कीमत 20.61 ट्रिलियन थी।

## मुहूर्त ट्रेडिंग : सेंसेक्स 335 अंक उछला ऑटो व पावर शेयरों में हुई खरीदारी

एजेंसी

मुंबई। दीपावली के दिन होने वाले शेयर बाजार के विशेष कारोबारी सत्र मुहूर्त ट्रेडिंग के दौरान शुक्रवार को दमदार तेजी देखने को मिली। बाजार में चौतरफा खरीदारी हुई। करीब सभी सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 335 अंक या 0.42 प्रतिशत बढ़कर 79,724 और निफ्टी 99 अंक या 0.41 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,304 पर था। बाजार का नेतृत्व छोटे और मझोले शेयरों की ओर से किया गया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 383 अंक या 0.68 प्रतिशत बढ़कर 56,496 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 192 अंक या 1.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,794 पर था। मुहूर्त ट्रेडिंग के दौरान व्यापक बाजार का रुझान भी सकारात्मक था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 3,017 शेयर हरे निशान, 558 शेयर लाल निशान और 73 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। सेंसेक्स पैक में 30 में से 25 शेयर हरे निशान में बंद हुए हैं। महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, नेस्ले, एनटीपीसी, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा, आईटीसी, बजाज फाइनेंस, टीसीएस, मारुति सुजुकी और जेएसडब्ल्यू स्टील टॉप गेनर्स थे। एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, विप्रो, आईसीआईसीआई बैंक और एशियन पेंट्स टॉप लूजर्स थे। आईटी के छोड़कर करीब सभी इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। ऑटो, पीएसयू बैंक, पावर, रियल्टी, फिन सर्विस, फार्मा और एफएमसीजी सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे। सैंक्टम वेल्थ में डेरिवेटिव्स और तकनीकी विश्लेषण के प्रमुख आदित्य अग्रवाल ने कहा कि मध्यम से लेकर लंबी अवधि के नजरिए से हम भारतीय बाजारों को लेकर आशावादी बने हुए हैं और उम्मीद करते हैं कि 12 महीने की अवधि में इंडेक्स दोहरे अंकों में रिटर्न देंगे।



## दो महीने बाद बढ़ी एटीएफ की कीमत

**नई दिल्ली ।** पिछले 2 महीने से लगातार कीमत में कटौती करने के बाद घरेलू ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमत में बढ़ोतरी कर दी है। एटीएफ की कीमत में बढ़ोतरी होने के बाद दिल्ली में इसकी कीमत 87,597.22 रुपये प्रति किलो लीटर से 2,941.50 रुपये बढ़ कर 90,538.72 रुपये प्रति किलो लीटर हो गई है। एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमत हर महीने की शुरुआत में फिक्स की जाती है। कीमत तय करने के लिए एटीएफ के वेरिएबल इंटरनेशनल रेट का एवरेज निकाला जाता है और फिर डॉलर के सापेक्ष उसकी औसत लागत तय की जाती है। इस औसत लागत के आधार पर ही घरेलू ऑयल मार्केटिंग कंपनियां भारत में एविएशन सेक्टर के लिए एटीएफ की कीमत का निर्धारण करती हैं। आज एटीएफ की कीमत में हुई बढ़ोतरी के बाद मुंबई में इसकी कीमत 81,866.13 रुपये से बढ़ कर 84,642.91 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है। कोलकाता में एटीएफ की कीमत 90,610.90 से बढ़ कर 93,392.79 रुपये प्रति किलो लीटर और चेन्नई में 90,964.43 से बढ़कर 93,957.10 रुपये प्रति किलोमीटर हो गई है।

# प्रकाश का पावन पर्व दीपावली संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़।** हर्ष, उल्लास और प्रकाश का पावन पर्व दीपावली का त्योहार पूरे प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान दीपावली को लेकर लोगों ने अपने अपने घरों की साफ-सफाई कर आकर्षक ढंग से सजावट कर पूरे वैदिक मंत्रोंच्चारण के बीच मां लक्ष्मी, विध्नहर्ता गणेश की पूजा कर अपने व अपने पूरे परिवार के लिए सुख,समृद्धि, शांति, सौहार्द सभी के जीवन में भरे रहने की प्रार्थना की। साथ ही पारंपरिक तरीके से घरों में मिट्टी के दीये जलाए। शाम से ही रोशनी की सुंदर छटा जब बिखरी तो पूरा प्रखंड चकाचौंध हो गया। बच्चों व बड़ो ने भी इस मौके पर फुलझड़िया और पटाखे फोड़कर खुशियां मनाई।



**खूब हुई मिठाई की बिक्री :** दीपावली पर्व को लेकर मिष्ठान भंडारों में मिठाई की काफी बिक्री हुई। लोग अपने घरों में जीवन भर की मिठास लाने के लिए मिठाई खरीदे और एक दूसरे को दीपावली की शुभकामना दी। साथ ही घरों में लक्ष्मी व गणेश के पूजन के लिए घी के लड्डू खरीद कर प्रसाद चढ़ाए। पूजा संपन्न होने के बाद प्रसाद का वितरण कर जीवन में सुख समृद्धि की कामना की गई।

**घर-घर बनी रंगोली :** दीपावली पर्व को लेकर सभी घरों में लक्ष्मी के आगमन को लेकर रंगोली का निर्माण किया गया। बच्चियों द्वारा एक से बढ़कर एक रंगोली बनाया गया था। शाम में जब बनाए गए रंगोली में दीप जलाई गई तो रंगोली अपनी रंगत में आ गई।

## दीपोत्सव पर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**चंदवा।** दीपोत्सव का त्योहार दीपावली पूरे हर्षोउल्लास के साथ संपन्न हो गया। दीपावली के अवसर पर लोगों ने अपने घरों और प्रतिष्ठानो में विध्नहरन भगवान गणेश व धन की देवी लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की। परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। दीपावली को लेकर पूरा शहर रंग बिरंगी रौशनी से जगमगा रहा था। पर्व को लेकर शहर में दिन भर चहल पहल रही। गणेश और लक्ष्मी जी की प्रतिमा बेचने वालों के दुकानों और पटाखा दुकानों में काफी भीड़ देखी गई। लोगों ने आतिशबाजी भी की। घरों और प्रतिष्ठानों को आकर्षक तरीके से फूल, मिट्टी के दिये और झालरों से सजाया गया था। महिलाओं द्वारा घर के आंगन में बनाई गई आकर्षक रंगोलियां खूबसूरती में चार चांद लगा रहे थे। दीपावली के अवसर पर इंस्पेक्टर रंधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में चंदवा पुलिस काफी मुस्तैद दिखी।

# आजादी के बाद पहली बार बिहिया तरी में पहुंचेगी बिजली, ग्रामीणों में हर्ष

नवीन मेल संवाददाता

**हंटरगंज (चतरा)।** जिले के हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत डाहा पंचायत के बिहिया गांव के तारीपर टोला में आजादी के 76 वर्ष बाद बिजली पहुंचेगी। ज्ञात हो कि गांव में बीजली नही पहुंचने को लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए विधानसभा चुनाव में वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया था। ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर वोट बहिष्कार के नारे के साथ 10 दिनों का अल्टीमेटम प्रशासन को दिया था। ग्रामीणों के मांग के बाद महज सात दिन में उपायुक्त ने मामले को संज्ञान में लेते हुए बिजली विभाग को निर्देश दिया कि जांच कर गांव में बिजली मुहैया कराने की कार्रवाई करें। इस अलोक में बिजली विभाग के जेई प्रेम दास बिहिया तरीपर टोला पहुंचे और ग्रामीणों से बात कर समस्या से अवगत हुए। टोले का सर्वे कराते हुए आश्वासन दिया



कि जल्द गांव में बिजली आपूर्ति होगी। ग्रामीणों ने पत्रकारों के साथ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए मतदान करने का निर्णय लिया है। कुछ ग्रामीणों ने कहा कि पहले पोल या तार गिरा दिया जाए, जिससे हमलोगों को विश्वास हो सके। मौके पर बिजली विभाग के जेई के साथ पंचायती राज विभाग पदाधिकारी युगेश शर्मा, मोहम्मत सदाम, चन्दन विश्वकर्मा, राजेश शर्मा, पिंटू यादव, मुखिया प्रतिनिधि विकास यादव, तारा देवी व ग्रामीण उपस्थित थे।

# बंगीय दुर्गा बाड़ी में काली पूजा संपन्न, विसर्जन आज

**मेदिनीनगर।** शहर के बंगीय दुर्गा बाड़ी में गुरुवार रात को काली पूजा संपन्न हुई। पूजा समिति के सचिव जयंत विश्वास ने बताया कि प्रतिमा का विसर्जन शनिवार को कोयल नदी में किया जाएगा, क्योंकि शुक्रवार को भी अमावस्या है, जिसके चलते पुरोहितों ने यह विधान दिया है।

बंगीय दुर्गा बाड़ी एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेश मोइत्रा और सचिव दिबेंदु गुप्ता ने मीडिया को बताया कि पिछले 109 वर्षों से यहां दिवाली के दिन काली पूजा का आयोजन होता आ रहा है। दुर्गा मंदिर में स्थित काली मंदिर में शाम 8 बजे से रात 11 बजे तक पूजा की गई, जबकि दुर्गा पूजा स्थल पर अस्थाई काली प्रतिमा की पूजा रात 12 बजे से सुबह 4 बजे तक चली। काली मंदिर में श्यामा पूजा और दुर्गा बाड़ी में निशी पूजा की परंपरा निभाई गई। इस अवसर पर समाज के लोगों ने बैठक कर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की। इसमें दुर्गा बाड़ी की निकास नाली, बाउंड्री वाल और मुख्य द्वार के पुनर्निर्माण का निर्णय लिया गया। पूजा कार्यक्रम का संचालन पुरोहित देवी प्रसाद बनर्जी ने किया। इस अवसर पर अरुण राय, गौतम राय, गौतम घोष, गौतम बोस, देवाशीष सेनगुप्ता, गौरांग सेनगुप्ता, उज्ज्वल सेनगुप्ता, प्रसेनजीत सेनगुप्ता, सनत चटर्जी, शिवेश मोइत्रा, सुकुमार पाल, राजीव मुखर्जी, पार्थ प्रतिम गुप्ता, सजल चक्रवर्ती, दीपक मजूमदार, अमर कुमार भांजा, सुदीप रायचौधरी, बासुदेव गोस्वामी, आभा मुखर्जी, मुनमुन चक्रवर्ती, कांता चक्रवर्ती, नीतू चटर्जी, लिपि गुप्ता, शर्मिष्ठा गुप्ता, और बुबू मोइत्रा सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## भाजपा प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को भाजपा प्रत्यासी सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। पूर्व विधायक के साथ शंकर दुबे, सत्यनारायण प्रसाद, महेश सिंह, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष अंकित राज, गोलू, छोटू, राजा, डिगलू राय, रिंकू राय, सतीश दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती मनाई

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र स्थित सनहा तथा उरदा के ग्रामीणों द्वारा पटेल चौक में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। इस दौरान प्रतिमा के समक्ष मौजूद लोगों ने दीप प्रज्जवलित करने के पश्चात पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। ग्रामीणों ने पूर्व उप प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व तथा कृतित्व का स्मरण कर उनके पदचिन्हों पर चलने की प्रतिबद्धता दुहराया।

# भाई दूज का त्योहार कल, तैयारी पूरी

**महुआडांड़।** पूरे प्रखण्ड में रविवार को भाई दूज का त्योहार मनाई जायेगी। इसकी जानकारी देते हुए दुर्गा बाड़ी महुआडांड के पुरोहित पंडित सर्वेश पाठक ने बताया कि भाइयों की सुख समृद्धि और खुशहाली के कामना को लेकर बहने रविवार को भाई दूज का त्योहार मनायेंगी।

**क्यों मनाया जाता हैं भाई दूज का त्योहार :** भाई दूज का त्योहार क्यों मनाया जाता है, इसके पीछे एक पौराणिक कथा प्रचलित है। द्वापर युग में जब भगवान श्री कृष्ण नरकासुर नाम के राक्षस का वध करने के बाद अपनी बहन सुभद्रा के पास आए, तो सुभद्रा ने श्री कृष्ण का मिठाई और फूलों के साथ स्वागत किया। इस दिन सुभद्रा ने भगवान श्रीकृष्ण का तिलक किया था। कहा जाता है कि तब से ही हर साल इस तिथि को भाई दूज के रूप में मनाने की परंपरा शुरू हुई। एक और लोकप्रिय कथा के अनुसार, कार्तिक शुक्ल के दिन मृत्यु के देवता यमराज अपने दिव्य स्वरूप में अपनी बहन यमुना जी से मिलने के लिए गए थे, तब यमुना ने यमराज का मंगल तिलक कर और प्यार से भोजन कराके आशीर्वाद दिया था। इसीलिए इस दिन यमुना में डुबकी लगाने की भी परंपरा है। भाई दूज पर यमुना स्नान करने का बड़ा ही महत्व बताया गया है।

# 6.700 किलो ग्राम डोडा, अवैध शराब, 24.780 टन अवैध कोयला बरामद, एक गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी के नेतृत्व में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर तीन अगल-अलग स्थानों पर छापेमारी कर डोडा, अवैध शराब व कोयल को जब्त कर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के डाकादिरी में छापेमारी कर 6.700 किलोग्राम डोडा बरामद किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम डकादिरी के रहने वाले लल्लू यादव पिता कुंवर यादव अपने घर के समीप अपने ही खेत में बने मचान पर भारी मात्रा में बोरा में भरकर डोडा बाहर के व्यवपारी को बचेने के लिए रखा है। तत्काल ही एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल के सदस्य जब उक्त स्थान पर पहुंचे तब मचान में रखे हुए मक्के का दंठल को हटाने पर पारस सर्वोत्तम खाद अंकित एक पीले रंग के बोरा जो रस्सी के सहारे बंधा था। खोलने पर युक्त बोरा में डोडा जैसा पदार्थ बरामद किया गया है।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा लाए गए नारकोटिव ड्रग्स डिटेक्शन किट के माध्यम से जांच नियमों का पालन करते हुए जांच किया गया, जिससे बोर में रखा हुआ पदार्थ डोडा प्रतीत हुआ। बरामद डोडा का बोरा सहित वजन 6.700 किलोग्राम पाया गया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज किया किया है। इसी तरह एक कोयला लोड तेज गति से जा रहे ट्रक को बारियातू पुलिस ने जब्त कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जब्त ट्रक पर अवैध 24.780 टन कोयला बरामद किया गया है। गिरफ्तार ट्रक चालक सुधीर यादव उम्र 20 वर्ष पिता बालेश्वर यादव पता ग्राम दूबी थाना चंदवा जिला लातेहार का रहने वाला है। पुलिस ने फूलसु में किराना दुकान से अवैध शराब को भी जब्त किया है। जानकारी के अनुसार विजय साव पिता चुरामन साव अपने घर स्थित किराना दुकान में अवैध रूप से शराब का बिक्री करने के लिए रखा था। पुलिस ने तत्काल ही जब किराना दुकान पर छापेमारी की तब विजय साव अपने दुकान से निकल कर भागने लगा। वह आस पास के घर का लाभ उठा कर भागने में सफल रहा। छापेमारी के क्रम में उसके घर से गॉडफादर बीयर 650 एमएल 3 बोतल, किंग फिसर बीयर 650 एमएल 7 बोतल, गॉडफादर बीयर 500 एमएल 17 केन, स्टेर्लिंग रिजर्वे बीसेवन व्हिकस्की 375 एमएल 5 बोतल, स्टेर्लिंग रिजर्वे बीसेवन व्हिस्की 180 एमएल 5 बोतल, ऑफिसर चॉइस ब्लू 170 एमएल 2 बोतल, 8 पीएम 180 एमएल 2 बोतल, इंपीरियल ब्लू 175 एमएल 3 बोतल बरामद किया गया है।

## छठ पूजा को लेकर तैयारी अंतिम चरण में



**चंदवा।** विवेकानंद किशोर संस्थान की ओर से छठ महापर्व को लेकर स्थानीय देवनद दामोदर तट पर व्रतियों के सेवा कार्य किया जा रहा है। नदी की सफाई और घाट बनाने का कार्य अंतिम चरण में है। नदी के दोनों तरफ व्रतियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए घाट को पेलोडर और जेसीबी की मदद से चौड़ा कराया जा रहा है। इसके साथ ही पूरे नदी परिसर में बीते एक सप्ताह से सफाई निरंतर जारी है। संस्थान के सदस्य नदी परिसर में व्रतियों के सेवार्थ कार्य में युद्धस्तर पर जुटे हैं। शुक्रवार को नदी परिसर में व्रतियों के सेवार्थ कार्य के साथ पर्यावरण संरक्षण को लेकर संस्थान के सदस्यों ने पौधारोपण भी किया। मौके पर मनोज सिंह,रूपेश कुमार,राजन विश्वकर्मा,जयेश वरू,मोहिनीश कुमार,नितीश तिवारी,संजय प्रसाद,मींकू शर्मा,विष्णु कुमार,राकेश सिंह, राहुल कुमार,दीपक कुमार, किशोर अग्रवाल समेत कई लोग मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### केंद्रीय गृह मंत्री 3 को सिमरिया में

**सिमरिया (चतरा)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का चुनावी दौरा 3 नवंबर को सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय सिथत खादी ग्राम बोर्ड मैदान में होगा। कार्यक्रम को लेकर भाजपा द्वारा पंडाल निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है। चुनावी सभा में गृह मंत्री के अलावा राज्य के कई अन्य बड़े नेता भी शामिल होकर पार्टी प्रत्याशी उज्जवल कुमार दास के लिए वोट मांगेगे। इधर प्रशासनिक स्तर पर भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारी की जा रही है।

### कल्पना सोरेन आज चंदवा में

**चंदवा।** झामुमो नेत्री सह गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन शनिवार को चंदवा प्रखंड के जमीरा खेल मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करेंगी। वह शनिवार को हेलीकॉप्टर से सभा स्थल पर पहुंचेंगी। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर झामुमो के नेता-कार्यकर्ता दिन रात मेहनत कर रहे हैं। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझू ने ग्रामीणों से कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचने की अपील की है।

### निशा काल में हुई मां काली की पूजा

**चतरा/पत्थलगड़ा/टंडवा।** निशा काल मध्य रात्रि में मां काली की पूजा-अर्चना विधि विधान पूर्वक जिला मुख्याल के अलावा पत्थलगड़ा व टंडवा सहित विभिन्न प्रखंडों के कई पूजा पंडालों व स्थायी काली मंदिरों में पूजा-अर्चना की गई। जिला मुख्यालय में काली मंदिर, जोरी काली मंदिर, पत्थलगडा के चोथा काली मंदिर के अलावा इटखोरी व पत्थलगडा प्रखंड मुख्यालय में शांति क्लब द्वारा पंडाल का निर्माण कर माता की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। पत्थलगडा प्रखंड में शांति क्लब पत्थलगडा द्वारा पंडाल का निर्माण कर माता काली की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई।

# दीपावली पर संत मरियम आवासीय विद्यालय में भव्य दीपोत्सव का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लोक आस्था के पर्व दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर संत मरियम आवासीय विद्यालय ने अपने छात्रावास में भव्य दीपोत्सव और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। घर से दूर रहने वाले विद्यार्थियों को त्यौहार की खुशी देने के उद्देश्य से इस आयोजन में बच्चों ने दीप जलाए और उज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की। विद्यालय में बच्चों के लिए विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजन जैसे वडा पाव, खीर, पनीर पकौड़ा, चाऊमीन, चाट, मोमोज और गुपचुप की विशेष व्यवस्था की गई, जिसका बच्चों ने जमकर लुत्फ उठाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड राज्य सहकारी बैंक के निदेशक प्रभात अग्रवाल, यूको बैंक दिल्ली की सीनियर मैनेजर रानी कुमारी, वरिष्ठ पत्रकार अविनाश सिंह, विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव और प्रधानाचार्य कुमार आदर्श ने दीप प्रज्वलित कर किया।



कार्यक्रम में बच्चों ने देवी-देवताओं के रूप में मनोहारी प्रस्तुतियां दीं, जो दीपावली और छठ पूजा के प्रतीक रहे। बच्चों ने पंकज निराला के भजनों पर झूमते हुए पटाखे छोड़े, जिससे कार्यक्रम में उत्साह और ऊर्जा का माहौल बन गया। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व जीवन में प्रकाश, प्रेम और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है और मेहनत के माध्यम से भविष्य को उज्ज्वल बनाने का संकल्प भी देता है।

## भाजपा चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय में भाजपा का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन वैदिक मंत्रोचारण के साथ भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम व विधानसभा प्रभारी अविनाश वर्मा, लाल कौशल नाथ सहादेव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष यादव, जिला कार्यसमिति सदस्य रंजीत जायसवाल, मनीष जायसवाल, यदुनंदन प्रसाद, अजय सिंह, मंडल अध्यक्ष कन्हाई साव, मंडल महामंत्री श्यामलाल गोस्वामी, मंडल उपाध्यक्ष कैलाश कुमार ठाकुर, अनिल उरांव, शिव सिंह, अशोक गुप्ता, पूर्व ओबीसी जिला महामंत्री देवनंदन प्रसाद, अवधेश यादव, वरिष्ठ भाजपा मुरली प्रसाद, राजू ठाकुर, रोशन ठाकुर, विजय यादव, राजेंद्र यादव, अखलेश यादव समेत भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**चंदवा।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष साजिद खान ने भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह को पत्र प्रेषित कर गुरुवार को अपने पद एवं प्राथमिक सदस्यता से त्याग दे दिया है। उन्होंने कहा है कि पार्टी में मुझे उचित मान सम्मान नहीं मिलने के कारण मैने यह निर्णय लिया है।

## भाजपा चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मुरपा मोड़ के पास गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के चुनावी कार्यालय का भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम, लातेहार जिला चुनाव प्रभारी अविनाश वर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। मौके पर भाजपा प्रत्याशी सह पूर्व विधायक प्रकाश राम ने कहा कि क्षेत्र में जनता का अपार जनसर्मथन मिल रहा है। चुनाव प्रभारी अविनाश वर्मा ने कहा कि राज्य की वर्तमान सरकार ने युवाओं,महिलाओं को ठगने का काम किया है। जनता ऐसी सरकार को समझ चुकी है।

# काली पूजा का भव्य आयोजन

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित दुगार्बाड़ी परिसर में काली पूजा का आयोजन युवा क्लब काली पूजा समिति द्वारा किया गया। समिति के अध्यक्ष विक्रांत सिंह उर्फ बिट्टू सिंह के अध्यक्षता में भव्य आयोजन किया गया। समिति द्वारा भव्य पूजा पंडाल बनाया गया था। वहां मां काली की प्रतिमा स्थापित की गई थी। श्रद्धालुओं ने 31 अक्टूबर के मध्य रात्रि मां काली का पूजा पूरे विधि विधान के साथ पुजारी दीपक बाबा ने सम्पन्न कराया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार द्वारा पुलिस बल तैनात किए गए था। बता दे कि



बालूमाथ प्रखंड में काली पूजा पहली बार इतनी भव्य तरीके से की गई है, इसे लेकर बालूमाथ प्रखंड सहित आसपास के ग्रामीण व शहरी इलाकों के लोगों में काफी उत्साह देखी गई। पूजा समिति में अध्यक्ष विक्रांत सिंह उर्फ बिट्टू सिंह, सुनील आर्या, विजय कुमार उर्फ दीपक कुमार,अरविंद ठाकुर, गौतम ठाकुर चंदन कुमार गजेंद्र रजक के नाम शामिल है।

# चुनाव प्रचार में जुटे भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया, जनता से समर्थन की अपील की

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया ने आचार संहिता का पालन करते हुए चुनाव प्रचार में नई ऊर्जा के साथ जनसंपर्क तेज कर दिया है। उन्होंने चैनपुर प्रखंड के कंकारी बाजार, नानफूलिया, अदनिया, रझारा, बसरिया आदिवासी टोला, छेचानी, चांदो हरिजन टोला, कोरियाडीह, दूबा, मढ़ी, अवसाने, खपिया, चांदो, और चांदो स्कूल टोला जैसे क्षेत्रों का दौरा किया और स्थानीय लोगों से मुलाकात की।

चौरसिया ने जनता के साथ संवाद करते हुए अपने कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख किया और भाजपा सरकार द्वारा क्षेत्र में लाई गई योजनाओं की जानकारी दी, जिनसे विकास को प्रोत्साहन मिला है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि आगामी 13 नवंबर को चुनाव में भाजपा को समर्थन दें। उन्होंने अपने विकास कार्यों का जिक्र करते हुए बताया कि सड़क, बिजली, पानी, और स्वास्थ्य सुविधाओं जैसी आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके साथ ही, उन्होंने युवाओं और महिलाओं के लिए किए गए प्रयासों को भी जनता के सामने प्रस्तुत किया और भरोसा दिलाया कि भाजपा सरकार के नेतृत्व में क्षेत्र में नए अवसर उत्पन्न होंगे।



## सदगुरु सदाफल देव विहंगम योग संस्थान के समर्थकों ने 12 यूनिट रक्तदान किया

**मेदिनीनगर।** सदगुरु सदाफल देव विहंगम योग संस्थान द्वारा संत प्रवर विज्ञानदेव जी महाराज के जन्मोत्सव पर शुक्रवार को पाटन के आर्यन हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के 12 अनुयायियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। शिविर की शुरूआत सदगुरुदेव की पूजा-अर्चना के साथ हुई। संस्थान के प्रचारक ललेंद्र सिंह ने बताया कि संत प्रवर के जन्मोत्सव पर न केवल भारत बल्कि विदेशों में भी भक्तजन रक्तदान करते हैं, जो मानव सेवा की भावना को समर्पित है। सौगंध मेहता ने कहा कि संस्थान अध्यात्म विद्या के प्रचार के साथ-साथ समाज कल्याण के क्षेत्र में भी सक्रिय है और विभिन्न गतिविधियों का संचालन करता है। शिविर में मनोज मेहता, अजय सिंह (डीकू), अक्षय सिंह, मनोज प्रसाद, मुकेश विश्वकर्मा, अमित सोनी, नागेंद्र प्रसाद, दीपक गोस्वामी, कमलाकांत, सुखदेव यादव, रामेश्वर भोक्ता, और अखिलेश भुईयां ने रक्तदान किया। कार्यक्रम की सफलता में कुबेर गुप्ता, अजय यादव, तपेश्वर प्रसाद, गनौरी पासवान और उषा देवी सहित अन्य लोगों का योगदान रहा।

## छठ पर्व को लेकर तैयारियां शुरू

# एनएचएआई के चल रहे निर्माण कार्य से सिंगरा अमानत नदी घाट पर व्रतियों को होगी कठिनाई

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** महापर्व छठ की तैयारियाँ जोरों पर हैं। मेदिनीनगर में कई घाटों पर सफाई अभियान शुरू कर दिया गया है। हालाँकि, इस बार सिंगरा के अमानत नदी घाट पर व्रतियों को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि यहाँ राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) का निर्माण कार्य चल रहा है। इस निर्माण कार्य के तहत अमानत नदी पर एक पुल बनाया जा रहा है, जिसके कारण घाट के आसपास मिक्सर मशीन, हाईवा, ट्रक, और अन्य निर्माण सामग्री फैली हुई है। इस घाट पर शहर से सबसे अधिक व्रती आते हैं, जिसके चलते यहाँ वाहनों की संख्या भी हजारों में होती है। पहले, जिन स्थानों पर वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की जाती थी, वहाँ अब निर्माण सामग्री बिखरी हुई है, इसलिए इस बार पार्किंग की व्यवस्था किसी अन्य स्थान पर करनी होगी।



लगातार कई वर्षों से बारिश की कमी के कारण पिछले साल इस छठ घाट पर पानी निकालने के लिए जेसीबी से खुदाई की गई थी। इस वर्ष अच्छी बारिश के कारण पानी का स्तर तो पर्याप्त है, लेकिन बाढ़ के कारण नदी किनारे बालू के टीले और गड्ढे बन गए हैं, जिन्हें समतल करना आवश्यक है। घाट तक जाने वाले रास्ते में भी कई कठिनाइयाँ हैं; रास्ता ऊबड़-खाबड़ है और राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा बाढ़ के दौरान जमा की गई बालू नदी किनारे बनी हुई है। व्रतियों की सुविधा के लिए इसे हटाना भी आवश्यक है। उक्त घाट पर हर साल लायंस क्लब द्वारा गंगा आरती का आयोजन किया जाता है, जिसमें जिला प्रशासन समेत कई गणमान्य व्यक्ति शामिल होते हैं। लायंस क्लब ने छठ घाट पर तैयारियाँ शुरू कर दी हैं, जबकि नगर निगम ने भी साफ-सफाई का जिम्मा उठा लिया है। परन्तु, इस बार छठ व्रतियों को सुविधाएँ कितनी मिलेंगी, यह देखने वाली बात होगी।

## झामुमो कोषाध्यक्ष व प्रखंड 20 सूत्री सदस्य ने छोड़ा पार्टी

**बालूमाथ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष उपेंद्र यादव व बालूमाथ प्रखंड 20 सूत्री सदस्य अरविंद यादव ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने लातेहार झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव को अपने लेटर हेड पर इस्तीफा पत्र के माध्यम से इस्तीफा दिया है। पत्र में उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के वर्तमान विधायक सह राज्य के शिक्षा मंत्री द्वारा बराबर यादव समाज के प्रति विरोधाभासी बयान और टिप्पणी की जाती है, जिससे वह काफी नाराज हैं। बीते कुछ दिनों पहले बिहार राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री, महागठबंधन के नेता सह बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की पत्नी राबड़ी देवी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी।

## पेज एक के शेष

### भैया दूज से छठ...

लेकर अपने घर जाते हैं, लेकिन सूचना मिली है कि चुनाव एवं प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन कर्मियों को किसी प्रकार की छुट्टी नहीं दे रहा है। सोरेन ने चुनाव आयोग से अनुरोध किया है कि वे सभी जिलों के डीसी, एसपी को निर्देश दें कि वे पूजा के दौरान इन कर्मियों को उनकी जरूरत के अनुसार छुट्टियां दें। सोरेन ने चुनाव ड्यूटी के लिए जब्त की गई बसों और अन्य वाहनों को भी दो से आठ नवंबर तक अस्थायी रूप से रिलीज करने की मांग की है, ताकि छठ के अवसर पर घर पहुंचने में लोगों को असुविधा न हो। बता दें कि झारखंड में विधानसभा की 81 सीटों के लिए दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को मतदान कराया जाना है।

### शानदार रहा है अलका का करियर...

इसके अलावा उन्होंने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, यूएसए से रिथिंकिंग फाइनेंशियल इंक्लूजन पर एक अल्पकालिक पाठ्यक्रम और ड्यूक यूनिवर्सिटी, यूएसए से वित्तीय सलाहकारों के लिए सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन पर एक और विशेष पाठ्यक्रम को पूरा किया।





## ऑस्ट्रेलियाई पीएम की मंदिर में 'दीपावली', गुरुद्वारे में मनाया 'बंदी छोड़ दिवस'



**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने शुक्रवार को दिवाली सेलीब्रेशन में शामिल होने के लिए सिडनी के मुरुगन मंदिर का दौरा किया। इससे पहले वह बंदी छोड़ दिवस के अवसर पर सिडनी के उपनगर ग्लेनवुड में गुरुद्वारा साहिब भी गए। अल्बानीज ने एक्स पर पोस्ट किया, दीपावली अंधकार पर प्रकाश की विजय का उत्सव है। सिडनी मुरुगन मंदिर में तमिल ऑस्ट्रेलियाई समुदाय के साथ जुड़ना शानदार अनुभव रहा। यह मंदिर हर दिन सभी वर्गों के लोगों को आकर्षित करता है और पश्चिमी सिडनी के दक्षिण एशियाई हिंदू समुदाय के लिए एक प्रमुख स्थान बन गया है। ऑस्ट्रेलियाई पीएम ने गुरुद्वारा विजिट की तस्वीरे पोस्ट करते हुए लिखा, आज गुरुद्वारा साहिब ग्लेनवुड में जश्न मनाना और नव विस्तारित रसोईघर का उद्घाटन करना अद्भुत अनुभव था, जो हर सप्ताह हजारों लोगों को सेवा प्रदान करता है। इससे पहले गुरुवार को दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए अल्बानीज ने कहा कि रोशनी का यह त्योहार 'विश्वास और संस्कृति का एक असाधारण सुंदर उत्सव' है, जो सभी ऑस्ट्रेलियाई लोगों को प्रेरित करता है। मैं इस त्यौहार को मनाने वाले सभी लोगों को शानदार दिवाली की शुभकामनाएं देता हूं।

# डेमचोक में भारतीय और चीनी सेना की समन्वित पेट्रोलिंग शुरू, बंटी मिठाइयां

एजेंसी

**श्रीनगर।** भारतीय और चीनी सेनाओं ने शुक्रवार को पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर डेमचोक में समन्वित पेट्रोलिंग शुरू कर दी। रक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी कि देपसांग के मैदानों में भी पेट्रोलिंग जल्द शुरू होगी। दोनों देशों की सेनाओं की तरफ से समन्वित गश्त डेमचोक और देपसांग में सैनिकों की वापसी पूरी होने की प्रक्रिया के बाद की गई। भारतीय और चीनी सेनाओं ने गुरुवार को दिवाली के अवसर पर लद्दाख में एलएसी पर कई सीमा चौकियों पर मिठाइयों का आदान-प्रदान किया। इससे एक दिन पहले दोनों पक्षों ने सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी की। रक्षा सूत्रों ने बताया कि पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर भारत और चीन के बीच सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया बुधवार को पूरी हो गई, जिसके बाद दोनों सेनाओं ने एक-दूसरे की पोजिशन का सत्यापन और बुनियादी ढांचे को खत्म करना शुरू कर दिया। साढ़े चार साल पहले चीनी घुसपैठ के बाद पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर भारत और चीन के बीच सैन्य गतिरोध पैदा हो गया था। पिछले हफ्ते, भारत ने यह घोषणा करने की कि देपसांग मैदान और डेमचोक में पेट्रोलिंग को लेकर चीन के साथ समझौता हुआ है। बाद में बीजिंग ने भी इसकी पुष्टि की।

हालांकि, 2020 में गतिरोध के बाद लद्दाख में बड़ी संख्या में भारतीय सैनिकों की तैनाती तब तक जारी रहेगी, जब तक कि चीन के साथ सीमा पर पेट्रोलिंग तंत्र पर व्यापक सहमति नहीं बन जाती। रक्षा सूत्रों ने कहा, जब तक आपसी विश्वास का माहौल स्थापित नहीं हो जाता, तब तक निकट भविष्य में लद्दाख से किसी भी सैनिक को वापस बुलाने की कोई योजना नहीं है। सूत्रों ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में भी इसी तरह की व्यवस्था पर काम किया जा रहा है, जहां यांग्त्से, असाफिला और सुबनसिरी घाटियों में गतिरोध पैदा हो गया था।

### किरेन रिजिजू ने तवांग में मनाई दीपावली चीनी सैनिकों से बात, वीडियो वायरल



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने तवांग आर्मी हेलीपैड पर दीपावली का उत्सव मनाया। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय सेना के जवानों के साथ समय बिताया और उनके समर्पण तथा साहस की सराहना की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने पहले पोस्ट में सेना के जवानों के सेवा और बलिदान के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने लिखा, हमारे बहादुर जवानों के साथ दीपावली मना कर गर्व और आभार का एहसास हुआ। उनके समर्पण और साहस से ही हमारा देश सुरक्षित है। जय हिन्द! दीपावली के इस खास मौके पर किरेन रिजिजू ने तवांग में देश की सुरक्षा और सीमा विकास के मुद्दे पर भी बात की। वीडियो में देखा जा सकता है कि किरण रिजिजू चीनी सैनिकों से पूछते हैं कि क्या मौसम की वजह से आपको दिक्कत होती है। इसके जवाब में चीनी सैनिक कहते हैं कि उन्हें कोई दिक्कत नहीं होती है। इसके बाद, किरण रिजिजू कहते हैं कि अगर दिक्कत होती है तो ऑक्सीजन सिलेंडर तो होता होगा? इसके जवाब में चीनी सैनिक कहते हैं कि वह मौसम में ढल गए हैं। यह वीडियो किरण रिजिजू की ओर से उनके एक्स अकाउंट पर शेयर किया गया है।

# ट्रंप ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए हमलों की निंदा की

एजेंसी



**न्यूयॉर्क।** रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हमलों की निंदा की है। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि सत्ता में आने के बाद वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत के साथ साझेदारी को मजबूत करेंगे। ट्रंप ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, मुझे उम्मीद है कि रोशनी का यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत की ओर ले जाएगा! उन्होंने कहा, मैं हिंदुओं, ईसाइयों और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ बर्बर हिंसा की कड़ी निंदा करता हूं, जिन पर बांग्लादेश में भीड़ द्वारा हमला किया जा रहा है और लूटपाट की जा रही है, जहां पूरी तरह अराजकता की स्थिति बनी हुई है। साथ ही उन्होंने अपनी प्रतिद्वंदी डेमोक्रेटिक पार्टी उम्मीदवार कमला हैरिस और राष्ट्रपति जो बाइडेन पर दुनिया भर में हिंदुओं की दुर्दशा की अनदेखी करने का आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने हिंदू अमेरिकियों की रक्षा करने का वादा किया। उन्होंने लिखा, मेरे रहते ऐसा कभी नहीं होता। कमला और जो ने दुनिया भर और अमेरिका में हिंदुओं की अनदेखी की है। उन्होंने कहा, हम कट्टरपंथी वामपंथियों के धर्म-विरोधी एजेंडे से हिंदू अमेरिकियों की भी रक्षा करेंगे। हम आपकी आजादी के लिए लड़ेंगे। बता दें कि पूरे अमेरिका में हिंदू मंदिरों पर हमलों की घटनाएं बढ़ गई हैं। मामले में सरकार की ओर से कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की गई और न ही बाइडेन या हैरिस ने व्यक्तिगत रूप से घटनाओं की निंदा की। उन्होंने कहा, सरकार में आने पर मैं भारत और अपने मित्र प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी साझेदारी को भी और मजबूत करूंगा। इसके बाद उन्होंने व्यवसाय करने वाले हिंदू अमेरिकियों को हैरिस प्रशासन से होने वाले खतरों के प्रति आगाह किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, कमला हैरिस अधिक टैक्स और अधिक नियमों से छोटे व्यवसायों को नष्ट कर देंगी। इसके विपरीत, मैंने करों में कटौती की, विनियमन में कटौती की और इतिहास की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का निर्माण किया। उन्होंने लिखा, हम इसे फिर से करेंगे, पहले से भी अधिक बड़े और बेहतर तरीके से, और हम अमेरिका को फिर से महान बनाएंगे।

## पाकिस्तान में स्कूल के पास ब्लास्ट, 5 बच्चों समेत 7 की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में हुए एक विस्फोट में पांच स्कूली छात्रों समेत 7 लोगों की मौत हो गई। मीडिया रिपोट के मुताबिक मस्तुंग में सिविल अस्पताल चौक पर गर्ल्स हाई स्कूल के पास कथित तौर पर एक पुलिस वाहन को निशाना बनाकर किए गए विस्फोट में पांच बच्चों, एक पुलिस कर्मी और एक राहगीर की मौत हो गई। जियो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक शुरूआत में पांच लोगों की मौत की जानकारी दी गई थी। बाद में, घायलों में से दो ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। डीएचक्यू मेडिकल सुपरिंटेंडेंट निसार अहमद बलूच ने बताया कि 30 घायलों का फिलहाल मस्तुंग के डीएचक्यू और नवाब अस्पताल में इलाज चल रहा है, जिनमें से ज्यादातर स्कूली बच्चे हैं। उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) मियांदाद उमरानी ने बताया कि मोटरसाइकिल में रिमोट कंट्रोल वाला एक्सप्लोसिव डिवाइस लगाया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक मृतक स्कूली छात्र - जिनमें लड़के और लड़कियां शामिल हैं, की उम्र 10 से 13 वर्ष के बीच है। वहीं घायलों में चार पुलिसकर्मी भी शामिल हैं।

## महिलाओं को अपने शरीर के साथ क्या करना है यह ट्रंप नहीं बताएंगे: कमला हैरिस

**नेवादा।** डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार और अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने नेवादा



में एक रैली के दौरान गर्भपात और महिला अधिकारों को लेकर रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के रुख पर निशाना साधा। हैरिस ने सरकार के हस्तक्षेप के बिना 'महिलाओं के अपने शरीर के बारे में फैसला लेने के अधिकार' के प्रति डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रतिबद्धता को जाहिर किया। हैरिस ने कहा, "हमारी लड़ाई भविष्य और आजादी के लिए है, जैसे महिलाओं की अपने शरीर के बारे में फैसला लेने की मौलिक स्वतंत्रता।" अमरेरिकी उपराष्ट्रपति ने रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर आरोप लगाया कि उन्होंने गर्भपात सुरक्षा को समाप्त करने के उद्देश्य से विशेष रूप से जजों की नियुक्ति कराकर 'रो बनाम वेड' मामले को पलटने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले में प्रत्यक्ष भूमिका निभाई।" हैरिस ने चेतावनी दी कि ट्रंप अगर दोबारा चुने जाते हैं तो प्रजनन अधिकारों पर गंभीर प्रतिबंध लग सकते हैं।

# भारतीय सेना की 25 कर्मियों की टुकड़ी 'गरुड़ शक्ति' के लिए इंडोनेशिया रवाना

### दो मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने में मददगार बनेगा यह संयुक्त अभ्यास

एजेंसी



**नई दिल्ली।** इंडोनेशिया के विशेष बलों के साथ अभ्यास 'गरुड़ शक्ति' के 9वें संस्करण में भाग लेने के लिए 25 कर्मियों वाली भारतीय सेना की टुकड़ी सिजंटुंग, जकार्ता (इंडोनेशिया) के लिए रवाना हो गई है। दोनों देशों के सैनिकों का यह अभ्यास 12 नवंबर तक चलेगा। भारतीय टुकड़ी का प्रतिनिधित्व पैराशूट रेजिमेंट के सैनिक और इंडोनेशियाई टुकड़ी का प्रतिनिधित्व इंडोनेशियाई विशेष बल कोपासस करेंगे, जिसमें 40 कार्मिक शामिल हैं। अभ्यास 'गरुड़ शक्ति' का उद्देश्य दोनों पक्षों को एक-दूसरे की संचालन प्रक्रियाओं से परिचित कराना, दोनों सेनाओं के विशेष बलों के बीच आपसी समझ, सहयोग और अंतर-संचालन को बढ़ाना है। इस अभ्यास का उद्देश्य द्विपक्षीय सैन्य सहयोग विकसित करना और दोनों सेनाओं के बीच विचार-विमर्श और सामरिक सैन्य अभ्यासों के पूर्वाभ्यास के माध्यम से बंधन को मजबूत करना है। इस अभ्यास में विशेष अभियानों की योजना बनाना और उन्हें क्रियान्वित करना, विशेष बलों के कौशल को आगे बढ़ाने के लिए उन्मुखीकरण, हथियार, उपकरण, नवाचारों, रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी साझा करना शामिल होगा। संयुक्त अभ्यास 'गरुड़ शक्ति' में जंगल के इलाकों में विशेष बलों के संचालन का संयुक्त अभ्यास, आतंकवादी शिविरों पर हमले और सैन्य सहयोग को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों की जीवनशैली और संस्कृति के बारे में जानकारी प्राप्त करने के अलावा बुनियादी और उन्नत विशेष बलों के कौशल को एकीकृत करने वाला एक सत्यापन अभ्यास भी शामिल होगा। यह अभ्यास दोनों टुकड़ियों को अपने बंधन को मजबूत करने और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने का अवसर प्रदान करेगा।

## कनाडा में सबसे बड़ी ड्रग 'सुपर लैब' का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**ओटावा।** कनाडाई पुलिस ने गुरुवार को देश में सबसे बड़ी, अवैध ड्रग 'सुपर लैब' को ध्वस्त कर दिया। इस अभियान के तहत मेट्रो वैंकूवर के कई स्थानों से रिकॉर्ड मात्रा में ड्रग्स, प्रीकर्सर केमिकल, फायरआर्म जब्त किए गए और भारतीय मूल के एक शख्स को गिरफ्तार किया गया। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने ऑपरेशन की कई तस्वीरें जारी कीं, जिसमें सुरक्षात्मक सूट पहने अधिकारी 'सुपर लैब' से सामान निकालते हुए दिखाई दे रहे हैं। फेडरल पुलिस पैसिफिक रीजन के प्रभारी अधिकारी जिलियन वेलार्ड ने कहा, "यह निस्संदेह अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध समूहों के लिए एक बड़ा झटका है, और कनाडाई लोगों व अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## एजुकेशन/करियर

**माइनिंग इंजीनियरिंग जमीन के नीचे और ऊपर पाए जाने वाले मिनरल्स से जुड़ी हुई है। माइनिंग इंजीनियरिंग कई अन्य स जेक्ट से भी जुड़ी हुई है, जैसे- मिनरल्स प्रोसेसिंग, एक्सप्लोरेशन, एक्सकैवेशन, जियोलॉजी और मेटलर्जी, जियोटेक्निकल इंजीनियरिंग और सर्वे। एक माइनिंग इंजीनियर मिनरल्स संसाधन की खोज, खान डिजाइन, योजना को विकसित करने तक के सब काम करता है।**

# माइनिंग इंजीनियरिंग में संवार सकते हैं अपना भविष्य

### क्यों करना चाहिए माइनिंग इंजीनियरिंग

- जमीन के नीचे और ऊपर पाए जाने वाले खनिजों के बारे जानने में रुचि रखने वाले स्टूडेंट्स के लिए माइनिंग इंजीनियरिंग बेस्ट है।
- माइनिंग इंजीनियरिंग में खनिज प्रोसेसिंग, एक्सप्लोरेशन, एक्सकैवेशन, जियोलॉजी और धातु विज्ञान, जियो टेक्निकल इंजीनियरिंग और सर्वे आदि के बारे में सीखने को मिलता है।
- माइनिंग इंजीनियरिंग में खनिजों के पहचान करने से लेकर उसकी उपयोगिता और प्रोसेसिंग के बारे में भी पढ़ाया जाता है। जो ज्ञान को बढ़ाने के साथ साथ रिसर्च में भी मदद करती है।
- सार्वजनिक क्षेत्र या गवर्नमेंट इंस्टीट्यूशंस में माइनिंग इंजीनियरिंग में नौकरी के कई अवसर हैं। माइनिंग इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री वाले उम्मीदवारों का शिक्षण पेशे में एक आशाजनक भविष्य है।
- माइनिंग इंजीनियरों के लिए रोजगार के कई विकल्प हैं। सऊदी अरब, कुवैत, कतर और यूके सहित अरब राष्ट्र योग्य आवेदकों को आकर्षक पेशेवर संभावनाएं प्रदान करते हैं।



### भारतीय विश्वविद्यालय

- आईआईटी खरगपुर - इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, खरगपुर
- आईआईटी वाराणसी इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, वाराणसी
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (आईएसएम), धनबाद
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी कर्नाटका, सुरथकाल, मंगलौर
- एनआईटी राउरकेला- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, राउरकेला
- विश्वेश्वरैया नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, नागपुर
- एनआईटी रायपुर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, रायपुर
- कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग, अन्ना यूनिवर्सिटी गाइड, चेन्नई
- रूंगटा कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, भिलाई

### विदेशी यूनिवर्सिटीज

- द यूनिवर्सिटी ऑफ़ क्वींसलैंड
- द यूनिवर्सिटी ऑफ़ न्यू साउथ वेल्स
- वर्जिनिया टेक
- कर्टिन यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ वोलांगोंग
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ एक्सेटर
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ एरिज़ोना
- द यूनिवर्सिटी ऑफ़ एडिलेड
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ अल्बर्टा
- स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी
- ·इम्पीरियल कॉलेज लंदन
- मोनाश विश्वविद्यालय
- कैम्ब्रियन कॉलेज
- ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय
- एडिलेड विश्वविद्यालय

### नौकरी देने वाली कंपनियां

- टाटा माइंस
- आदित्य बिड़ला
- हिंडाल्को
- वेदांता लिमिटेड
- भारत एल्युमीनियम कंपनी
- लार्सन एंड टर्बो
- अदानी माइनिंग प्रा. लिमिटेड
- हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड
- एस्सेल माइनिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
- राजस्थान राज्य खान एवं खनिज लिमिटेड
- कोल इंडिया लिमिटेड

### कोर्सेज

- डिप्लोमा इन माइनिंगइंजीनियरिंग
- बीई मेकेनिकल इंजीनियरिंग
- बीई हॉनर्स साइंस मेजर इन माइनिंग इंजीनियरिंग
- बीएससी माइनिंगइंजीनियरिंग
- एमई माइनिंग इंजीनियरिंग
- बीटेक और एमटेक माइनिंग इंजीनियरिंग

### जॉब करने का क्षेत्र

- **माइनिंग इंजीनियर:** एक माइनिंग इंजीनियर, मामाइनिंग में नए प्रोपोसड वेंचर्स की कमर्शियल प्रक्टिकलिटी को रिव्यु करते हैं। माइनिंग इंजीनियर, संभावित खनन स्थलों की डिज़ाइन और कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट्स के सुपरविजन करते हैं।
- **व्याख्याता:** व्याख्याता अपने विषय के विशेषज्ञ हैं, जो तरीके और मंच की सहायता से कोर्सेज को डिजाइन, विकसित और सामग्री वितरित करने में मदद करते हैं। व्याख्याता, शोध और क्षेत्र कार्य भी करते हैं।
- **माइनिंग सेफ्टी इंजीनियर:** माइनिंग सेफ्टी इंजीनियर, कर्मचारियों की सुरक्षा का ध्यान रखने के साथ-साथ राज्य और फ़ेडरल सेफ्टी रेगुलेशन को फॉलो करता है।
- **ऑपरेशंस मैनेजर:** एक ऑपरेशंस मैनेजर विभाग में सभी विकास गतिविधियों की जानकारी और कंपनी के उद्देश्यों और लक्ष्यों को पूरा करने के लिए रणनीतियाँ बनाता है।
- **डिजाइन इंजीनियर:** एक डिजाइन इंजीनियर, गणना और संरचनात्मक डिजाइन का ऑ जर्वेशन और संचालन करता है।